09 जनवरी, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 82



BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI



18वां प्रवासी भारतीय दिवस
18th PRAVASI BHARATIYA DIVAS
8th-10th January 2025

विकसित भारत की संकल्पना में प्रवासी भारतीयों का योगदान
DIASPORA'S CONTRIBUTION TO A VIKSIT BHARAT

विदेश मंत्रालय
भारत सरकार



## विरासत से प्रेरित, युवाओं के नेतृत्व में प्रवासी भारतीयों की शानदार सफलता का उत्सव

18वां

## प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन
एवं
## विषयगत प्रदर्शनी

**मुख्य आकर्षण**

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस का रिमोट के माध्यम से हरी झंडी और प्रचार स्टॉलों का दौरा

**प्रदर्शनी**

- **विश्वरूप राम:** रामायण की सार्वभौमिक धरोहर
- **प्रवासी भारतीयों का प्रौद्योगिकी में योगदान**
- **भारत भारतीय:** अभिलेखीय विरासत पर आधारित प्रदर्शनी - ओमान कलेक्शन का शुभारंभ

**उद्घाटन**

**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री
के कर-कमलों द्वारा

मुख्य अतिथि

**सुश्री क्रिस्टीन कार्ला कंगालू**
महामहिम राष्ट्रपति, त्रिनिदाद एवं टोबैगो गणराज्य

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री हरि बाबू कंभमपति** — राज्यपाल, ओड़िशा
**श्री मोहन चरण माझी** — मुख्यमंत्री, ओड़िशा
**डॉ. एस. जयशंकर** — केन्द्रीय मंत्री
**श्री धर्मेन्द्र प्रधान** — केन्द्रीय मंत्री
**श्री प्रह्लाद जोशी** — केन्द्रीय मंत्री
**श्री जुएल ओराम** — केन्द्रीय मंत्री
**श्री अश्विनी वैष्णव** — केन्द्रीय मंत्री
**डॉ. मनसुख मंडाविया** — केन्द्रीय मंत्री
**सुश्री शोभा कारान्दलाजे** — केन्द्रीय राज्य मंत्री
**श्री कीर्तिवर्धन सिंह** — केन्द्रीय राज्य मंत्री
**श्री पबित्रा मार्गेरिटा** — केन्द्रीय राज्य मंत्री
**श्री कनक वर्धन सिंह देओ** — उप मुख्यमंत्री, ओड़िशा
**श्रीमती प्रभाती परिड़ा** — उप मुख्यमंत्री, ओड़िशा



कार्यक्रम के विवरण के लिए स्कैन करें

**9 जनवरी, 2025 | जनता मैदान, भुवनेश्वर**
(अतिथियों और प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि सुबह 8:30 बजे तक अपना स्थान ग्रहण करें।)

*अतिथि देवो भव*

DADLS - 81

डीडी न्यूज़ और डीडी ओड़िया पर लाइव देखें | यूट्यूब पर: DD News / DD ODIA

सूचना एवं जन संपर्क विभाग, ओड़िशा सरकार





सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 73,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 94,000 रु./प्रति किलो |

# सज चुका है दिल्ली का रण, पोस्टर वार से लेकर, कीचड़ उछालने की लग चुकी है होड़

## ■ दिल्ली चुनाव में इस बार मुद्दों की है भरमार, लेकिन फ्री बीज के किंग का मुकाबला बड़ी चुनौती

## ■ भाजपा और कांग्रेस ने कस ली है कमर, आपदा और आप.. दा.. को लेकर भी चल रहा घमासान

आजाद सिपाही विशेष

देश के दिल, यानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। पांच फरवरी को मतदान होगा और आठ फरवरी को नतीजे आयेंगे। लेकिन दिल्ली चुनाव के बारे में कुछ भी कहने से पहले थोड़ा पीछे लौटना होगा। वह साल 2013 था, जब नयी नवेली आम आदमी पार्टी ने दिल्ली विधानसभा के लिए अपने पहले चुनाव में 70 में से 28 सीटें जीत कर सबको चौंका दिया था। उस समय भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी, लेकिन आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस से मिल कर सरकार बनायी। अन्ना आंदोलन से निकले अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने, लेकिन वह सरकार सिर्फ 149 दिनों तक चल पायी थी। अरविंद केजरीवाल ने फरवरी 2014 में यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि दिल्ली विधानसभा में संख्या बल की कमी की वजह से वह जन लोकपाल बिल पास कराने में नाकाम रहे हैं, इसलिए फिर से चुनाव बाद पूर्ण जनादेश के साथ लौटेंगे। 2015 में जब चुनाव हुआ, तो दिल्ली की राजनीति में इतिहास रचते हुए आप, यानी आम आदमी पार्टी ने 70 में से 67 सीटें जीत लीं। इस बात को एक दशक बीत चुके हैं। यमुना में बहुत पानी बह चुका है और वह कुछ और मैली हो गयी है। सत्ता भी बदल चुकी है। अब एक बार फिर केजरीवाल की आप समेत तमाम दल दिल्ली की जनता के बीच हैं। दिल्ली में इस बार का चुनाव काफी रोचक होने वाला है। जिस भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अन्ना आंदोलन के बीच से आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ, इसी मुद्दे पर भाजपा केजरीवाल को घेरने की पुरजोर कोशिश कर रही है। उधर केजरीवाल घोषणाओं का पिटारा खोल कर बैठ गये हैं, तो कांग्रेस मुकाबले का तीसरा मजबूत कोण बनाती दिख रही है। यह चुनाव इसलिए भी रोचक होने जा रहा है, क्योंकि इसके नतीजे राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित करेंगे और सबसे ज्यादा आम आदमी पार्टी के भविष्य को तय करेंगे। क्या है दिल्ली विधानसभा का पूरा परिदृश्य और मुद्दे, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राहुल सिंह।**



राहुल सिंह

दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान हो गया है। इस बार यह मुकाबला तीन बड़े दलों- सत्तासीन आम आदमी पार्टी, विपक्षी भाजपा और पिछले चुनाव में एक भी सीट न जीत पाने वाली कांग्रेस के बीच हो रहा है। तीनों ही दल अपने पिछले प्रदर्शन से कहीं बेहतर सीटें लाने का दावा कर रहे हैं। दिल्ली में बीते 12 वर्षों से आम आदमी पार्टी की सरकार है। इस सरकार ने 2013, 2015 और फिर 2020 के चुनाव में जबरदस्त जीत हासिल की, लेकिन इस बार का चुनाव दिलचस्प होने की एक बड़ी वजह है आप पर लगे आरोप। दरअसल, पहले तीन चुनावों में आप ने दिल्ली का कार्यभार बेदाग छवि के साथ संभाला। हालांकि इस बार पहले शराब घोटाला और उसके बाद मुख्यमंत्री बंगले के पुनर्निर्माण से जुड़े आरोप सामने आने के चलते केजरीवाल और उनकी पार्टी की राह उतनी आसान नजर नहीं आ रही। इतना ही नहीं, भाजपा और कांग्रेस ने भी अपनी उम्मीदवारों की लिस्ट में कद्दावर नेताओं का नाम देकर यह साबित कर दिया है कि वे इस चुनाव में किसी के लिए कोई मौका नहीं छोड़ना चाहतीं। इस बीच यह जानना अहम है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में कौन से मुद्दों का असर सबसे ज्यादा रहेगा।

### चुनावी मुद्दा-1: मनी लांड्रिंग-शराब घोटाला केस

दिल्ली में विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी उसके ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोप, जिसके चलते बीते तीन से चार वर्षों में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सत्येंद्र जैन जैसे शीर्ष नेताओं को जेल तक जाना पड़ा है। इनमें सबसे बड़े आरोप रहे हैं मनी लांड्रिंग और शराब घोटाला केस, जिन्हें लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही आप पर हमलावर रहे हैं।

### चुनावी मुद्दा-2: यमुना की सफाई

दिल्ली विधानसभा चुनावों में दूसरा बड़ा मुद्दा यमुना नदी की सफाई से जुड़ा है। दरअसल, आप ने ही वादा किया था कि उसके सरकार में आने के बाद यमुना नदी को इतना साफ कर दिया जायेगा कि लोग उसमें डुबकी लगा सकेंगे। हालांकि 12 वर्ष बाद भी इस पवित्र नदी में प्रदूषण पहले से बदतर स्थिति में है। बताया जाता है कि आप ने इसे लेकर बड़ी धनराशि भी खर्च की है। लेकिन उसकी इन कोशिशों का कोई खास असर देखने को नहीं मिला है। इसके उलट दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और दिल्ली हाइकोर्ट तक ने आप सरकार की खिंचाई की है और उससे जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए कहा है। इस पर विपक्ष ने आप को घेरते हुए कहा कि दिल्ली सरकार को यमुना की सफाई के लिए हजारों करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी है, लेकिन अरविंद केजरीवाल सरकार ने यह पैसा अपने झूठे प्रचार पर खर्च किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी के भ्रष्ट शासन के कारण दिल्ली से पैदा होने वाले गंदे जल को एसटीपी में साफ नहीं किया जा रहा है और इसकी कीमत यमुना और दिल्ली वालों को चुकानी पड़ रही है।




### चुनावी मुद्दा-3: शीशमहल मुद्दा

दिल्ली के विधानसभा चुनाव से पहले जो एक और मुद्दा आप के लिए सिरदर्द बनकर उभरा है, वह है अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री आवास में रहने के दौरान इसका पुनर्निर्माण कराने का मुद्दा। हाल ही में सीएजी रिपोर्ट के हवाले से दावा किया गया है कि शुरू में सीएम के आवास के पुनर्निर्माण की लागत 7.91 करोड़ रुपये बतायी गयी थी, लेकिन बाद में 2020 में करीब 8.62 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया। 2022 में जब इसे पूरा किया गया, तो इसकी कुल लागत 33.66 करोड़ रुपये थी। पिछले एक साल से इस मुद्दे को उठा रही भाजपा को इस रिपोर्ट के खुलासे के बाद आप पर वार करने का और मौका मिल गया। भाजपा ने कैग रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री बंगले पर 75 से 80 करोड़ रुपये खर्च किये थे। विपक्ष का कहना है कि 2020 में जब दिल्ली की जनता अपने लोगों को खो रही थी, उस समय अरविंद केजरीवाल अपना शीश महल बनवा रहे थे। किसी भी सरकारी विभाग से कोई अनुमति नहीं ली गयी। इसके निर्माण में अनियमितताएं बरती गयीं। पीडब्ल्यूडी विभाग ने 2024 में जो इन्वेंटरी घोषित की है और जो समान दिखाया है कि यह पीडब्ल्यूडी ने नहीं लगाया है, वह समान कहां से आया। वह किसका पैसा है? इसका जवाब अरविंद केजरीवाल को देना होगा।

### चुनावी मुद्दा-4: वोटर लिस्ट में घोटाले के आरोप

दिल्ली में एक और मुद्दा, जिस पर बीते कई महीनों से राजनीति हो रही है, वह है वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने और काटने को लेकर। इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी लगातार चुनाव आयोग से सवाल पूछ रही है और भाजपा पर नयी दिल्ली सीट में बड़ा खेल करने का आरोप लगा रही है। इस मुद्दे पर दिल्ली की मौजूदा मुख्यमंत्री आतिशी ने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखी है। आप का आरोप है कि नयी दिल्ली में 10 फीसदी वोटरों को जोड़ा गया है, जबकि पांच फीसदी वोटर काटे गये हैं। यह एक साजिश है। इससे पहले केजरीवाल ने भी कुछ ऐसे ही आरोप लगाते हुए भाजपा को घेरा था और कहा था कि वह दिल्ली विधानसभा में वोट कटवाने के साथ फर्जी नाम जुड़वाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बाहर से लोगों को लाकर उनके फर्जी वोटर कार्ड बनवा रही है और आप समर्थकों का वोट कटवाने, फर्जी वोटर बनवाने के साथ वोट के लिए पैसे दे रही है। आप के इन आरोपों को चुनाव आयोग ने खारिज किया है और वोटर लिस्ट के सत्यापन तक की बात कही है। हालांकि, आप ने चुनाव में इसे मुद्दा बना दिया है।

### चुनावी मुद्दा-5: महिलाओं के लिए सम्मान राशि

देश में पिछले विधानसभा चुनाव झारखंड और महाराष्ट्र में हुए थे। इन दोनों ही राज्यों में राजनीतिक दलों के चुनाव जीतने की एक बड़ी वजह महिलाओं पर केंद्रित आर्थिक मदद की योजनाओं को माना गया था। आम आदमी पार्टी ने इसी फॉर्मूले को अपनाते हुए हाल ही में एलान किया था कि उनकी पार्टी महिलाओं के लिए महिला सम्मान योजना लागू कर रही है और इसके तहत वह 18 साल से ऊपर की महिलाओं के खाते में एक हजार रुपये डालेगी। केजरीवाल ने वादा किया था कि चुनाव जीतने के बाद इस राशि को बढ़ाकर 21 सौ रुपये कर दिया जायेगा। हालांकि, आप इस योजना को लेकर पहले ही विवाद हो चुका है। दरअसल इस एलान के बाद दिल्ली के महिला एवं बाल विकास विभाग ने कहा था कि एक राजनीतिक दल दिल्ली में महिलाओं को मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत 21 सौ रुपये देने का दावा कर रहा है। यह स्पष्ट किया जाता है कि दिल्ली सरकार की तरफ से ऐसी किसी योजना की अधिसूचना जारी नहीं की गयी है। ऐसे में ऐसी गैर-मौजूद योजनाओं पर विश्वास न करें। आप ने इस नोटिस को भाजपा की साजिश करार दिया था। उधर दिल्ली के उपराज्यपाल ने भी इस योजना को लेकर आप को निशाने पर लिया है। वीके सक्सेना ने आप की महिला सम्मान योजना की जांच के निर्देश दिए हैं। एलजी के प्रधान सचिव ने दिल्ली के मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को चिट्ठी लिखी। इसमें कहा गया था कि गैर-सरकारी लोगों द्वारा दिल्ली की जनता की निजी जानकारी जुटायी जा रही है। इसकी जांच करायें और कानून के अनुसार कार्रवाई करें। आप की इस योजना के जवाब में कांग्रेस ने भी महिलाओं को लुभाने के लिए चुनाव जीतने के बाद प्यारी दीदी योजना लाने का एलान किया है। इसके तहत कांग्रेस ने दिल्ली में सत्ता में आने पर महिलाओं को 25 सौ रुपये प्रति माह देने का वादा किया है। यानी दिल्ली विधानसभा चुनाव में महिलाओं की आर्थिक मदद का मुद्दा लगातार गर्म रहने वाला है।

### पोस्टर वॉर जारी

दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान होते ही आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच पोस्टर वॉर तेज हो गया है। बुधवार को भाजपा ने केजरीवाल से जुड़े चार पोस्टर शेयर किये। इसमें उन्होंने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को गोविंदा की फिल्म राजा बाबू के रूप में दिखाया।

वहीं दूसरे पोस्टर में केजरीवाल की तस्वीर के साथ टॉयलेट शीट की फोटो शेयर की और लिखा टॉयलेट चोर। वहीं अन्य पोस्ट में भाजपा ने आप संयोजक को दुलकर सलमान की फिल्म लकी भास्कर के पोस्टर के रूप में दिखाया। दोनों पार्टियों के बीच पोस्टर वॉर की शुरुआत 31 दिसंबर को हुई थी। पिछले 9 दिनों में भाजपा ने 20 तो आम आदमी पार्टी ने 8 पोस्टर और एडिटेड वीडियो शेयर किये हैं। दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों पर 5 फरवरी को वोटिंग होगी, नतीजे 8 फरवरी को आयेंगे। विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी को खत्म हो रहा है।

---

# जवाहर नवोदय विद्यालय बागसिसा में 6 से अधिक छात्रों के दस्तावेज फर्जी

**नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से कार्रवाई करने की मांग की**

कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** जवाहर नवोदय विद्यालय बागसिसा में 2024 में चयनित 78 छात्रों में आधा दर्जन से अधिक छात्रों का दस्तावेज फर्जी पाये जाने का मामला सामने आया है। इस बाबत नवोदय विद्यालय के प्राचार्य अवधेश कुमार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को छात्रों की सूची उपलब्ध कराते हुए उनके कागजातों का सत्यापन कराने की मांग करते हुए कार्रवाई की बात कही है। इस बाबत नवोदय विद्यालय के प्राचार्य अवधेश कुमार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को लिखे गये पत्र में कहा है कि वर्ष 2024 में चयनित कुल 78 छात्र-छात्राओं का कक्षा 6 में चयन हुआ है। छात्र-छात्राओं द्वारा जमा कराये गये स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं अन्य कागजात की जांच के दौरान 9 से 10 छात्रों का दस्तावेज संदिग्ध पाया गया है। छात्रों द्वारा दिये स्थानांतरण प्रमाण पत्र को संबंधित विद्यालय में जांच की गयी तो पाया गया कि उक्त छात्रों का प्रमाण पत्र उन विद्यालय से निर्गत ही नहीं किया गया है। संबंधित छात्र का नाम विद्यालय के प्रवेश पंजी में भी अंकित नहीं है। नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने डीइओ को छात्रों की सूची और संबंधित विद्यालय का नाम दर्शाते हुए कहा है कि छात्र राहुल राज, पिता सुदामा मंडल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय दलदली, हिरणपुर, निखिल कुमार, पिता गजाधर मंडल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमरिया, लिट्टीपाड़ा, आनंद कुमार, पिता गुड्डू कुमार, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जामपुर, हिरणपुर, अमित आनंद, पिता मनोज मंडल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय संग्रामपुर, सारंग मुंडा, पिता मुनेश्वर मुंडा, मध्य विद्यालय कोलकीपरा, अमरपारा, सुधांशु कुमार, पिता सूरज कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय दलदली, हिरणपुर, संजीत सुमन, पिता मनोहर मंडल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमरिया, लिट्टीपाड़ा, आयुष कुमार, पिता नवीन कुमार सिंह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमरिया, लिट्टीपाड़ा, आशीष कुमार, पिता दीप नारायण मंडल, प्राथमिक विद्यालय कोल टोला, अमलापाड़ा और लक्ष्मी कुमारी, पिता जवाहरलाल मंडल, प्राथमिक विद्यालय कोल टोला अमला पड़ा का कागजात संदिग्ध पाया गया है। प्राप्त दस्तावेज के आधार पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पूर्ति ने प्रखंड शिक्षा प्रसाद पदाधिकारी हिरणपुर, लिट्टीपाड़ा पूर्वी और अमरापारा को सूची उपलब्ध कराते हुए संबंधित विद्यालय से दस्तावेजों की जांच करने का आदेश दिया है। प्रखंड शिक्षा प्रसाद पदाधिकारी द्वारा जांचोंपरांत नामांकन के वक्त और प्रवेश परीक्षा के वक्त दस्तावेज फर्जी होने के बात पुष्टि हुई है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पूर्ति ने बताया कि इस मामले को लेकर गुरुवार को नवोदय विद्यालय के प्राचार्य के साथ पूरे मामले पर समीक्षा की जायेगी। जो भी इस फर्जीवाड़े में संलिप्त हैं उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इस फर्जीवाड़े में भागलपुर, बिहार के इलाके के कई लोग मोटी रकम लेकर बाहर के छात्रों को फर्जी दस्तावेज तैयार कर नामांकन कराने का काम करते आ रहे हैं।

---

# ट्रैक्टर पलटने से महिला मजदूर समेत दो की मौत, दो घायल



आजाद सिपाही संवाददाात

**जामताड़ा।** झारखंड के जामताड़ा जिले में बुधवार को ट्रैक्टर पलटने से एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी। जबकि दो अन्य घायल हो गये। मरने वालों में ट्रैक्टर का चालक और एक महिला मजदूर शामिल है। दुर्घटना मिहिजाम थाना क्षेत्र के शहरडाल-चंद्रडीपा रोड पर कोलपाड़ा के पास हुई है। बताया जाता है कि ड्राइवर का नियंत्रण हटने से ट्रैक्टर असंतुलित हो गया और खेत में निर्माणाधीन एक मकान के पास जा पलटा। इसमें दबकर दो की मौत हुई है और दो घायल हुए हैं। मृतक दोनों चंद्रडीपा झिलिम पाड़ा निवासी हैं। हादसे के वक्त ट्रैक्टर खाली था। ट्रैक्टर चंद्रडीपा की ओर से शहरडाल की ओर आ रहा था। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जामताड़ा सदर अस्पताल पहुंचाया। जबकि शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए जामताड़ा भेज दिया गया है।


---

# झारखंड में एक वैज्ञानिक से 1.24 करोड़ की ठगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** जमशेदपुर-झारखंड में एक वैज्ञानिक से करीब सवा करोड़ की साइबर ठगी की गयी है। शेयर ट्रेडिंग के नाम पर साइबर अपराधियों ने कम समय में अधिक रुपये कमाने का लालच देकर जादूगोड़ा यूसीआइएल के वैज्ञानिक आर लोकेश्वर पटनायक से 1.24 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने साइबर थाना बिष्टुपुर में लिखित शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**कम समय में अधिक रुपये कमाने का दिया था लालच :** जादूगोड़ा यूसीआइएल के वैज्ञानिक आर लोकेश्वर पटनायक को मोबाइल पर शेयर ट्रेडिंग के नाम पर रुपये कमाने का एक लिंक आया। उसके बाद वे साइबर अपराधी के संपर्क में आ गये। साइबर अपराधियों ने कम समय में अधिक रुपये कमाने का लालच देकर उन्हें अपने झांसे में ले लिया। उन्होंने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर तीन माह से रुपये लगाना शुरू किया था। शुरू में साइबर ठगों ने रुपये के बदले में उन्हें ज्यादा रुपये लौटाये। इससे वह साइबर अपराधियों के चंगुल में फंसते चले गये। फिर उन्होंने एक-एक बार में 20-30 लाख रुपये की शेयर ट्रेडिंग करनी शुरू कर दी। ठग गिरोह ने ऐसा कर उनसे पांच-छह बार में 1.24 करोड़ रुपये ट्रेडिंग के नाम पर ठग लिया।



### साइबर थाने में प्राथमिकी का दिया है आवेदन

कुछ समय होने के बाद जब वैज्ञानिक आर लोकेश्वर पटनायक ने रुपये वापस लेने के लिए संपर्क किया तो ठग गिरोह से संपर्क नहीं हो पाया। उन्होंने अपने स्तर से संपर्क करने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन साइबर अपराधियों के गिरोह में से किसी से संपर्क नहीं हो पाया। उसके बाद उन्होंने साइबर थाना बिष्टुपुर में केस दर्ज करवाने के लिए आवेदन दिया है।

### क्या बरतें सावधानी?

- बिना जानकारी वाले लिंक को ओपन नहीं करें।
- आधार कार्ड, बैंक खाता नंबर, पैन कार्ड नंबर और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी शेयर न करें।
- किसी भी अनजान व्यक्ति के फोन आने पर उसके झांसे में नहीं आयें।
- गूगल से कोई भी कस्टमर केयर या टॉल फ्री नंबर निकाल कर कॉल करने से बचें।
- कम समय में ज्यादा रुपये कमाने वाले लिंक को टच न करें।
- अनजान लोगों का फ्रेंड रिक्वेस्ट को न अपनायें।
- अनजान एप, थर्ड पार्टी एप और बिना काम वाले सॉफ्टवेयर का उपयोग न करें। फ्री वाला एप को इंस्टॉल न करें।
- ठगी होने पर सबसे पहले 1930 पर कॉल कर सूचना दर्ज करायें। उसके बाद थाने को लिखित आवेदन दें।

www.epaper.azadsipahi.in

09 जनवरी, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 82

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

### आलू लदे ट्रक ने स्कूली बच्चों से भरे ऑटो को रौंदा

# ऑटो चालक और तीन बच्चों की मौत, दर्जन भर घायल

- घटना रामगढ़-बोकारो मार्ग पर हुई, चार घंटे सड़क जाम
- सभी बच्चे गुडविल मिशन स्कूल तिरला के थे
- सरकार के आदेश के बाद स्कूल कैसे खुला, उठ रहे सवाल
- शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की शिकायत पर स्कूल प्रशासन पर प्राथमिकी दर्ज

अंजनी कुमार

**गोला (आजाद सिपाही)।** रामगढ़-बोकारो मार्ग पर बुधवार की सुबह हृदय विदारक दुर्घटना हुई। बच्चों को स्कूल ले जा रहे एक ऑटो को आलू भरे ट्रक ने रौंद दिया। इस दुर्घटना में ऑटो चालक और तीन बच्चों की मौत हो गयी, जबकि दर्जनों बच्चे घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार बच्चे गुडविल मिशन स्कूल तिरला के थे। दुर्घटना गोला थाना अंतर्गत दामोदर होटल के समीप तिरला मोड़ के पास हुई। सरकार ने ठंड की वजह से राज्य के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में आठवीं तक के बच्चों के लिए 13 जनवरी तक छुट्टी की घोषणा कर रखी है। इसके बाद भी स्कूल खुले होने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। गोला प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की शिकायत पर स्कूल प्रशासन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। उधर, घटना पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शोक व्यक्त किया है।

**ट्रक के नीचे दब गये बच्चे:** प्राप्त जानकारी के अनुसार एक ट्रक बोकारो से आलू लाद कर रामगढ़ जा रहा था। इस दौरान तिरला रोड मोड़ के पास सामने आयी स्कूली बच्चों से भरे ऑटो को रौंद दिया। इसके बाद आटो पर ट्रक पलट गया। आलू के बोरे सड़कों पर गिर गये। स्कूली बच्चे और ऑटो चालक ट्रक और बोरों के नीचे दब गये। घटनास्थल पर ही तीन बच्चे और ऑटो चालक की मौत हो गयी। कई बच्चे घायल हो गये। घायल बच्चों को इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेजा गया। ट्रक चालक और उपचालक पश्चिम बंगाल के गोरगोरी घाटी थाना चंदरो कोना का है। ट्रक चालक हिकमत अली भी घायल है। उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक ऑटो चालक का नाम सरफराज अंसारी गोला के संग्रामपुर गांव का रहनेवाला था।



### क्रेन की मदद से बच्चों को निकाला गया

दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गयी। स्थानीय लोगों ने घायल बच्चों को निकालने में मदद की। बच्चे आलू की बोरी और ट्रक के नीचे दब गये थे। उन्हें निकालने के लिए क्रेन मंगाया गया, जिसकी मदद से राहत एवं बचाव कार्य को अंजाम दिया गया। दुर्घटना के कारण सड़क जाम हो गयी। लगभग तीन घंटे सड़क जाम रही। घटना की जानकारी के बाद विधायक ममता देवी, बीडीओ डॉ सुधा वर्मा, जिप सदस्य जलेश्वर महतो, कांग्रेस नेता अमित महतो घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने लोगों को हरसंभव मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया।

### स्कूल प्रशासन पर मामला दर्ज

सरकार ने 13 जनवरी तक आठवीं तक स्कूल बंद करने का आदेश दिया था। इसके बाद भी स्कूल खोला गया था। घटना के बाद गोला प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने गुडविल मिशन स्कूल के प्रबंधक दाऊद आलम और प्राचार्य असजद रजा पर केस दर्ज करा दिया है। रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार ने कहा है कि यह दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकारी आदेश की अवहेलना करने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की जायेगी। इधर, स्कूल को सील कर दिया गया है।

### दुर्घटना में मृतक चालक और बच्चे

चंद्रप्रकाश महतो (उम्र 6 वर्ष), अनमोल कुमार (5 वर्ष), निरु कुमारी ( 7 वर्ष) और ऑटो चालक सरफराज अंसारी।

### घायल हुए बच्चे

उज्जवल ठाकुर, राधिका कुमारी, अंश कुमार, अंकुश कुमार, कृष्णा करमाली, राशि कुमारी, सुजीत नायक, अनमोल नायक, प्रिया कुमारी, आइश्री कुमारी और अनुष्का कुमारी।

### बच्चों की मौत पर मुख्यमंत्री ने प्रकट की संवेदना



रामगढ़। रामगढ़ जिले के गोला में हुए सड़क हादसे में तीन बच्चों की मौत पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा है कि स्कूल वैन और ट्रक की टक्कर से वैन चालक एवं तीन बच्चों के निधन की दु:खद खबर से मर्माहत हूं। मरांग बुरु दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें। दुर्घटना में घायल बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने दुख प्रकट किया



रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रामगढ़ में हुए सड़क हादसे में बच्चों की मौत पर दुख प्रकट किया है। सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है कि रामगढ़ में हुए सड़क हादसे में तीन स्कूली बच्चों सहित चार लोगों की मृत्यु की दुखद सूचना से मन अत्यंत व्यथित है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं दुर्घटना में घायल बच्चों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

# विस्थापित नेता सह सीसीएल कर्मी संतोष सिंह की गोली मार कर हत्या

- आक्रोशित विस्थापित ग्रामीणों ने तीनों परियोजना और मुख्य सड़क बंद किया
- हत्या की जिम्मेवारी आलोक गिरोह ने ली

आजाद सिपाही संवाददाता



**उरीमारी।** न्यू बिरसा के विस्थापित नेता सह सीसीएल कर्मी पोटंगा निवासी संतोष सिंह (46 वर्ष) की बुधवार की सुबह गोली मार कर हत्या कर दी गयी। घटना सुबह नौ बजे की है। संतोष सिंह सुबह अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे। पारगगढ़ा जाने वाली मुख्य सड़क बड़की टांड़ के पास दो बाइक पर सवार चार-पांच अपराधियों ने उन्हें रोका और ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। संतोष सिंह को कई गोलियां लगीं। उन्हें घायल हालत में रांची के मेदांता अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार संतोष सिंह की हत्या की आलोक गिरोह ने जिम्मेवारी ली है।

मिली जानकारी के अनुसार संतोष सिंह प्रतिदिन की भांति बुधवार को भी सीसीएल में ड्यूटी के लिए पहुंचे थे। हाजिरी बना कर कुछ जरूरी काम को लेकर रोड साइड अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे। तभी पहले से घात लगाये अपराधियों ने उन पर हमला कर दिया। घटनास्थल से चार खोखे बरामद किये गये है, जबकि संतोष सिंह के शरीर के कई अंगों में आठ से दस गोलियां लगी हुई थीं। संतोष सिंह की हुई हत्या की जिम्मेवारी आलोक गिरोह ने ली। आलोक गिरोह ने वाट्सएप में पत्र जारी कर कहा है कि मैं इस घटना की जिम्मेवारी लेता हूं। मैसेज में कहा गया है कि आलोक गिरोह द्वारा बार-बार चेतावनी के बाद भी संतोष सिंह ने मैनेज नहीं किया। बात नहीं सुनने पर यह कार्रवाई की गयी है। उसने उरीमारी, बिरसा, न्यू बिरसा, सयाल और जितने भी ट्रांसपोर्टर हैं उन सभी को चेतावनी देते हुए कहा कि बिना मैनेज किये अगर कोई काम को चालू करेगा तो तो उसको गोलियों से ऐसे ही भूना जायेगा।

### लोगों में आक्रोश सड़क रही जाम

इधर आक्रोशित विस्थापित ग्रामीणों ने उरीमारी, बिरसा, न्यू बिरसा परियोजना का कोयला उत्पादन और ट्रांसपोर्टिंग सहित उरीमारी-बड़कागांव मुख्य सड़क को चेक पोस्ट समीप बंद कर दिया। ग्रामीण विस्थापित अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। घटना के बाद बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि एक विस्थापित नेता को दिनदहाड़े गोली मारी गयी। इससे यह साफ झलक रहा है कि प्रशासन पूरी निंद्रा में है। प्रशासन की लापरवाही के कारण अपराधी बेखौफ होकर घटना को अंजाम दे रहे हैं।

# रांची में चार नये ट्रैफिक थाने खुलेंगे

- खेलगांव, पंडरा, डेली मार्केट और डोरंडा होगा थाना
- दो और ट्रैफिक डीएसपी के पद सृजित होंगे

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** यातायात व्यवस्था को सही ढंग से बनाये रखने के लिए चार और थाने का सृजन होगा। इस संबंध में प्रस्ताव तैयार किया गया है। जल्द ही इस पर मंत्री समूह से सहमति ली जायेगी। रांची में ट्रैफिक के दो और डीएसपी का पद सृजित होगा। वहीं लातेहार जिला में बेतार ओपी का भी सृजन होगा। पुलिस मुख्यालय की ओर से थाना और ओपी के सृजन से संबंधित प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सहमति दे दी है। वहीं रांची के प्रमंडलीय आयुक्त ने दो ट्रैफिक डीएसपी का पद बनाने की अनुशंसा की है।

**रांची में दो नये ट्रैफिक डीएसपी:** अभी रांची में ट्रैफिक डीएसपी के दो पद हैं। दोनों की व्यस्तता वीआइपी मूवमेंट के कारण बहुत ज्यादा है। अभी जो प्रस्ताव है उसमें दो और ट्रैफिक डीएसपी का पद बनाने की अनुशंसा की गयी है।

### ट्रैफिक थानों का प्रस्ताव

**खेलगांव थाना:** खेलगांव चौक, बीआइटी, मेसरा चौक, विकास चौक, ओरमांझी चौक, टाटीसिलवे चौक और कोकर चौक।

**पंडरा थाना:** पिस्कामोड़, तितला चौक, काठीटांड चौक, कटहल मोड़, दलादली चौक और ललगुटवा ब्रिज।

**डेली मार्केट थाना:** रतन, पीपी, वुलहाउस, काली मंदिर, सर्जना चौक, प्लाजा चौक, अपर बाजार, रेडियम चौक।

**डोरंडा थाना:** राजेंद्र चौक, नेपाल हाउस, सहजानंद चौक, बिरसा चौक और हिनू चौक।

**बेतार ओपी (लातेहार):** दो पंचायतों को रखा गया है बरवाटोली और लाधुप। इस थाना में करीब 20 गांव आयेंगे।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# पलामू: निशि पांडेय और निशांत सिंह जेल भेजे गये

- गैंगवार मामले में किये गये गिरफ्तार, शूटरों की तलाश में जुटी है पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**पलामू।** झारखंड के पलामू जिले में हुए गैंगवार के मामले में पलामू पुलिस ने गिरफ्तार निशि पांडेय और भाई निशांत को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एसआइटी ने कोयलांचल के बड़े चेहरे निशि पांडेय और निशांत सिंह को रामगढ़ से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार करने के बाद एसआइटी की टीम दोनों को लेकर पलामू पहुंची थी। पलामू में पूछताछ और मेडिकल जांच के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। कोर्ट में पेशी और मेडिकल जांच के दौरान बड़ी संख्या में जवानों को तैनात किया गया। अस्पताल में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं जवान तैनात थे। गैंगस्टर भरत पांडेय एवं दीपक साव हत्याकांड में रामगढ़ की निशि पांडेय एवं निशांत सिंह नामजद आरोपी हैं।

बता दें रविवार की रात गैंगस्टर भरत पांडेय और दीपक साव की पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के गरदा में गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। भरत पांडेय और दीपक साव के अलावा हत्याकांड में 11 नामजद आरोपी हैं। आरोपियों में कोयलांचल के कुख्यात अपराधी विकास तिवारी, आकाश तिवारी, विकास साव, अमित साव, सुभाष सिंह उर्फ बाघा सिंह, अनिल यादव, सुनील धोबी, बबलू ठाकुर, संदीप ठाकुर के नाम शामिल हैं।

### पुलिस मामले की कर रही जांच

चैनपुर के थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार निशि पांडेय एवं निशांत सिंह को जेल भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले में आगे की छानबीन कर रही है। गैंगवार के मामले के सभी आरोपी रामगढ़ के रहनेवाले हैं। पुलिस ने मामले में एसआइटी का गठन किया है। हत्याकांड में शामिल शूटरों की तलाश में पुलिस कई इलाकों में छापेमारी कर रही है। शूटरों को यह सटीक सूचना थी कि भरत और दीपक किस घर में हैं, किस कमरे में हैं। शूटर सीधे कमरे में गये थे और दोनों को गोली मारी थी। स्थानीय स्तर पर अपराधियों को किसने मदद की है, पुलिस इसकी भी तलाश कर रही है। निशि पांडेय के घर की तलाशी भी ली गयी है, जहां से भारी मात्रा में नगदी और ज्वेलरी भी मिले हैं।


# लोकसभा चुनाव तक के लिए ही था 'इंडिया ब्लॉक': तेजस्वी

### बिहार चुनाव से पहले राजद और कांग्रेस के बीच दूरियां बढ़ने की चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** कांग्रेस के सबसे पुराने सहयोगियों में एक लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और उनके बेटे तेजस्वी यादव ने इंडिया अलायंस के अस्तित्व को अब एक तरह से नकार दिया है। उन्होंने कहा है कि इंडिया अलायंस लोकसभा चुनाव के लिए था। यह राष्ट्रीय स्तर पर एनडीए के मुकाबले के लिए था। बिहार में हम लोग तो शुरू से साथ हैं। उधर, दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले एक के बाद एक इंडिया अलायंस में शामिल दल अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) को समर्थन दे रहे हैं। केजरीवाल की आप को अब तक अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी (एसपी) और ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का समर्थन मिल चुका है। ऐसे में राजद नेता तेजस्वी का बयान कांग्रेस के लिए संकट पैदा कर सकता है। हालांकि उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ने या समर्थन देने पर पत्ता नहीं खोला है, लेकिन कम से कम बिहार चुनाव के लिए राजद और कांग्रेस में बढ़ती दूरी की ओर संकेत तो कर ही रहा है। हालांकि, सियासत के जानकार इसे बिहार में आरजेडी और कांग्रेस के बीच सीटों की हिस्सेदारी को लेकर प्रेशर पॉलिटिक्स से जोड़ कर देख रहे हैं। दरअसल, तेजस्वी यादव का बयान बड़ा तब बन जात, जब बिहार में भी कांग्रेस और राजद के बीच सीटों की हिस्सेदारी को लेकर अभी से खींचतान शुरू हो चुकी है। कांग्रेस ने 243 सदस्यीय विधानसभा में 70 सीटों पर दावेदारी ठोक दी है। जबकि बिहार महागठबंधन में राजद, कांग्रेस, सीपीआइ एमएल, सीपीआइ, सीपीएम और विकासशील इंसान पार्टी समेत छह दल शामिल हैं। ऐसे में तेजस्वी यादव का यह बयान आने वाले विधानसभा चुनाव के संदर्भ में कांग्रेस पार्टी के आगे दबाव में नहीं आने की रणनीति कही जा सकती है।



## शिक्षक खिरोधर राणा की मनी पुण्यतिथि



केरेडारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गरी कलां गांव निवासी स्व खिरोधर राणा उच्च विद्यालय गरी कलां के शिक्षक की पुण्य तिथि 8 जनवरी को उनके पैतृक आवास में मनायी गयी। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवलाल महतो उपस्थित रहे कार्यक्रम की शुरुआत स्व खिरोधर राणा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता शिवलाल महतो ने कहा कि खिरोधर राणा कर्णपुरा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रदूत का काम किये। उन्होंने कर्णपुरा क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपना जीवन समर्पित करते हुए अग्रणी भूमिका निभायी। कार्यक्रम को भाजपा नेता सुरेंद्र राणा, हरिलाल महतो, शिक्षक अनिल राणा समेत अन्य ने अपने संबोधन में स्व खिरोधर राणा के शिक्षा के क्षेत्र में उनके गुणों का बखान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के भूत पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र राणा ने किया जबकि संचालन समाजसेवी हरि लाल महतो ने किया। मौके पर गोबिंद माली, महेंद्र राणा, मनोज महतो, स्व खिरोधर राणा, बालेश्वर महतो, रघुनंदन प्रसाद, कृष्णा राम, कमलनाथ महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में स्व खिरोधर राणा के दोनों पुत्र प्रखंड कुमार राणा, अनिल कुमार राणा ने उपस्थित लोगों का आभार प्रकट किया।

## महामंडलेश्वर सुखदेव दास महाकुंभ के लिए प्रयागराज हुए रवाना



कोडरमा (आजाद सिपाही)। प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हो रहा मकर संक्रांति को लेकर शाही स्नान प्रपंचल क्षेत्र के वासी भी भक्ति की डुबकी लगा सके और उनके रहने थाने सहित अन्य सुविधाओं के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने जगह आवंटित की है। महामंडलेश्वर सुखदेव महाराज कोडरमा से हनुमान मंदिर होकर महाराणा प्रताप और झंडा चौक पहुंचे जहां श्रद्धालु भक्तों ने उनका स्वागत किया। हर हर महादेव हर हर गंगे जय श्री राम जय हनुमान के नारों से झंडा चौक गूंजता रहा। महामंडलेश्वर सुखदेव जी महाराज ने कहा कि सवा महीना चलने वाले इस कुंभ मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे 12 वर्ष में आने वाले कि कुंभ में शामिल होकर पुण्य का लाभ कमायी बताते चले कोडरमा जिला से हजारों की संख्या में अलग-अलग तिथियां में अपने निजी वाहन से प्रयागराज जायेंगे 13, पौष स्नान, 14 जनवरी मकर संक्रांति, 29 को मौनी अमावस्या, 3 फरवरी को बसंत पंचमी, 12 को माघ स्नान, 26 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान और अन्य शाही स्नान व प्रतिदिन के स्नान में शामिल होने का आह्वान किया और पूजा-अर्चना में शामिल होने कि बात कही। इधर पांच वाहनों में प्रयागराज के लिए कोडरमा जिला से सामग्री रवाना हुई। कोडरमा से ही टेंट व अन्य सामग्री पहले ही पहुंच चुकी है और सरकार के द्वारा दिये गये स्थल पर 24 रूम हॉल सत्संग हॉल खाने का किचन बनाया गया है। झंडा चौक पर स्वागत करने वालों में नंदी बाबा ट्रस्ट के उदय सिंह, संजय शर्मा, चंद्रशेखर जोशी, अरविंद चौधरी, राजकिशोर प्रसाद, नवीन पांड्या, मनोज चंद्रवंशी, सुरेश गुप्ता, छोटे सरकार, प्रदीप सुमन, विकास निरंजन, नवीन राजगढ़िया, रेखा भदानी, सुनील सोनकर, प्रदीप भदानी, अखिलेश पांडेय, बिनोद सिन्हा, ज्योति पहाड़ी, विनोद कुमार आदि मौजूद थे।

## वेजिटेबल नर्सरी प्रबंधन का प्रशिक्षण शुरू



झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), चेचाई में वेजिटेबल नर्सरी प्रबंधन का 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन अग्रणी जिला प्रबंधक निवास कुमार, आरसेटी निदेशक मनोहर निराला ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को व्यावसायिक दृष्टिकोण से खेती और नर्सरी प्रबंधन की जानकारी दी जायेगी। आरसेटी द्वारा प्रशिक्षण के दौरान रहने, खाने-पीने की निःशुल्क व्यवस्था की गयी है। प्रशिक्षण समाप्त होने पर प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जायेगा। जो प्रशिक्षु इस प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार शुरू करना चाहते हैं, उन्हें बैंकों से ऋण उपलब्ध करवाने में सहायता की जायेगी। इस अवसर पर प्रशिक्षक रामवंद्र महतो और संकाय सदस्य उज्ज्वल तिवारी ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करने की योजना साझा की। महिलाओं ने इस पहल को अपने जीवन को बेहतर बनाने का एक सुनहरा मौका बताया। आरसेटी के निदेशक मनोहर निराला ने बताया कि यह कार्यक्रम ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें रोजगार के नये साधन प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। अग्रणी जिला प्रबंधक निवास कुमार ने कहा कि स्वरोजगार के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक स्थिति को मजबूत किया जा सकता है।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ के 8वें राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए कोडरमा से 12 सदस्य रवाना



कोडरमा (आजाद सिपाही)। भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा दीघा हावड़ा के आयोजित तीन दिवसीय 8वां राष्ट्रीय सम्मेलन 9 से 11 जनवरी में भाग लेने के लिए कोडरमा से 12 सदस्यीय टीम बुधवार को वंदे भारत से हावड़ा के लिए रवाना हुई। जेजेए के जिला अध्यक्ष आलोक कुमार सिन्हा ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज कोडरमा से 12 सदस्यीय टीम हावड़ा के लिए रवाना हुए है। वहीं आज सुबह हावड़ा से निजी वाहन के द्वारा कार्यक्रम स्थल दीघा के लिए रवाना होंगे। बताते चले कि पत्रकारों के हित के लिए भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रत्येक वर्ष इस प्रकार का आयोजन करती है जिसमे पूरे देशभर के पत्रकारों का जमावड़ा लगता है। कोडरमा से राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए संघ के राष्ट्रीय कॉउंसिल सदस्य जगदीश सलूजा और संजीव समीर, जेजेए के राज्य सचिव जावेद इस्लाम, संजय कुमार यादव, जिलाध्यक्ष आलोक कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष मनीष बर्णवाल, नितिन कुमार मिश्रा, शुभम कुमार, मुकेश कुमार सिन्हा, शोएब अख्तर, सद्दाम अंसारी और रंजन सिंह के नाम शामिल है।

### महिला बाल विकास मंत्री ने किया संजीवनी सेवा कुटीर का अवलोकन

# संजीवनी सेवा कुटीर स्वास्थ्य सेवाओं में नयी क्रांति का प्रतीक है: अन्नपूर्णा देवी

**यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी और सुलभ बनाने का उत्कृष्ट प्रयास है : विधायक अमित यादव**

**हमारा लक्ष्य हर मरीज को अस्पताल में बेहतरीन सेवा और सहायता देना है: प्रदीप प्रसाद**



आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद द्वारा सदर अस्पताल प्रांगण में संचालित संजीवनी सेवा कुटीर का महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अवलोकन किया। इस अवसर पर उनके साथ बरकट्ठा विधायक अमित यादव भी उपस्थित थे। मंत्री ने कुटीर में उपलब्ध सुविधाओं और कार्यप्रणाली की गहनता से समीक्षा की और इसकी प्रशंसा करते हुए इसे एक अनुकरणीय पहल बताया। अन्नपूर्णा देवी ने कहा की संजीवनी सेवा कुटीर जैसी पहलें स्वास्थ्य सुविधाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाता हैं। यह हेल्प डेस्क मरीजों और उनके परिजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने में सक्षम है। इसके 24 घंटे सेवाएं देने से मरीजों को बड़ी राहत मिलती है। यह पहल स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर साबित होगी। संजीवनी सेवा कुटीर मदद का केंद्र यह सेवा कुटीर सदर अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए एक हेल्प डेस्क के रूप में कार्य करता है। यहां मरीजों को उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराया जाता है, जैसे: इलाज से जुड़ी जानकारी प्रदान करना, डॉक्टरों की उपलब्धता की जानकारी देना, दवा, टेस्ट, और अन्य मेडिकल प्रक्रियाओं में मदद करना, मरीजों और उनके परिजनों के लिए गाइड के रूप में कार्य करना संजीवनी सेवा कुटीर 24 घंटे कार्यरत है और अस्पताल में आने वाले जरूरतमंद लोगों के लिए यह सहारा बन गया है। बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने कहा की यह सेवा न केवल मरीजों की परेशानी को कम करती है, बल्कि उनके जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाती है। इस तरह की पहल हर अस्पताल में होनी चाहिए। संजीवनी सेवा कुटीर स्वास्थ्य क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम है। हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कार्यक्रम में आए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की संजीवनी सेवा कुटीर हमारी सोच और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य है कि किसी भी मरीज को इलाज के दौरान किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। यह कुटीर न केवल समस्याओं का समाधान करता है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जनता के विश्वास को भी बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में संजीवनी सेवा कुटीर की सेवाओं का विस्तार किया जायेगा और इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रयास जारी रहेंगे। संजीवनी सेवा कुटीर ने स्वास्थ्य सुविधाओं की दिशा में एक नई राह बनायी है। यह पहल गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए मददगार साबित हो रही है। मंत्री अन्नपूर्णा देवी और बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने इस प्रयास को सराहा और उम्मीद जतायी कि ऐसी सेवाएं अन्य जिलों और अस्पतालों में भी शुरू की जायेगी।

# मंईयां सम्मान योजना से वंचित महिलाएं प्रखंड कार्यालय का लगा रही चक्कर

आजाद सिपाही संवाददाता

चंदवारा। झारखंड सरकार की मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना का लाभ न मिलने से कई पंचायतों की महिलाएं परेशान हैं। योजना से वंचित महिलाएं अपने भरे हुए फॉर्म की स्थिति जानने प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं। पूरे दिन महिलाओं की प्रखंड परिसर में काफी भीड़ लग रही है। महिलाएं योजना से संबंधित कागजात लेकर प्रखंड कार्यालय आती है और काम नही होने पर मायूसी से घर लौट जाती है। महिलाओं ने बताया कि उन्होंने योजना का ऑनलाइन फॉर्म जमा किया था। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र में भी फॉर्म जमा किया था पर किस कारण से हम लोगों को इस योजना से वंचित रखा गया है यह समझ में नहीं आ रहा है। महिलाओं का कहना है कि यदि सरकार उन्हें मैया सम्मान योजना का लाभ देना चाहती है तो उन्हें बिना परेशान किए यह लाभ पहुंचाना चाहिए। विधानसभा चुनाव के क्रम में योजना का लाभ का लालच दिखाकर सभी 18 - 50 वर्ष के महिलाओं को सम्मान राशि देने की घोषणा की थी। सरकार के पुनर्गठन होने के बाद यह योजना ठंडे बस्ते में डालने जैसा प्रतीत हो रहा है। प्रखंड के सैकड़ों महिलाएं कभी पंचायत सेवक, कभी आंगनबाड़ी केंद्र तो कभी प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही है बावजूद आशाजनक आश्वासन न मिलने से सभी निराश और परेशान हो कर चले जाते है।



### क्या कहते हैं प्रखंड विकास पदाधिकारी

**इस बाबत प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमित कुमार मिश्रा ने बताया कि कुछ दिनों से साइट में दिक्कत चल रहा है जिस कारण ऑनलाइन चेक नही हो पा रहा है। साथ ही जिन लाभुकों के बैंक खाता में कुछ त्रुटि है उसकी सूची आने पर उसमें संशोधन के लिए लाभुक को सूचित कर दिया जायेगा। विभिन्न माध्यमों से जितने आवेदन प्राप्त हुए है, सबकी जांच कर अग्रेतर कावाई के लिए जिला प्रशासन को भेज दिया गया है।**

## प्रखंड प्रमुख ने किया कंबल का वितरण



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड प्रमुख मरकच्चो विजय कुमार सिंह ने बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में क्षेत्र के असहाय और जरूरतमंदों के बीच कंबलों का वितरण किया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह ने कहा कि ठंड को देखते हुवे सरकार द्वारा असहाय और जरूरतमंदों के लिए कंबल उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ कंबल को बुधवार को वितरण किया गया और प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यों को वितरण करने हेतु उपलब्ध करा दी गयी है। जो पंसस अपने-अपने क्षेत्र के असहाय और जरूरतमंदों के चिन्हित कर कंबल का वितरण करेंगी। इस मौके पर पंसस दीपक राम, उपेंद्र यादव, अमजद अंसारी, लाभुक मितन दास, कबीर मिया, बसिरन खातुन, एतवारी मिया, बुधन मिया, नारायण यादव, बद्री महतो, शांति देवी, मोहर महतो, अर्जुन महतो, जयप्रकाश दास आदि उपस्थित थे।**

# दो करोड़ का विंड हार्वेस्टिंग मशीन बन गयी सफेद हाथी

**रस्सी से बांधकर झील में है खड़ा, बन गयी है शोभा की वस्तु**

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। झील समेत बड़े तालाब की साफ सफाई के लिए नगर निगम ने लगभग 2 करोड़ रुपए की लागत से विंड हार्वेस्टिंग मशीन की खरीदारी 2022 में की थी, लेकिन अब यह मशीन सफेद हाथी का दांत साबित हो रहा है। विंड हार्वेस्टिंग मशीन तालाब में ही शोभा का वस्तु बन गया है। छठ पूजा के दौरान मशीन बनवाया भी गया था, कुछ ही दिनों में फिर खराब हो गया। आलम यह है की रस्सी से बांधकर उसे रखा गया है। 2022 में विंड हार्वेस्टिंग मशीन की खरीदारी लगभग दो करोड़ रुपये की गयी थी। इसका उपयोग नहीं हो रहा है। आलम यह है कि झील जलकुंभी से भर गया है। इसे देखने वाला भी कोई नहीं है। छठ पूजा के दौरान विंड हार्वेस्टिंग मशीन बनवाया गया था। मुंबई से इंजीनियर पहुंचे थे लेकिन कुछ ही दिन चलने के बाद यह मशीन फिर से खराब हो गया है। अब इसे रस्सी से बांधकर झील में रखा गया है। कहा जाये तो करोड़ों रुपये के मशीन को रस्सी का सहारा लेना पड़ा है। नगर निगम के सहायक



नगर आयुक्त भी कहते हैं कि कुछ दिन पहले बनवाया गया था फिर खराब हो गया है, बनाने की कवायत चल रही है। तत्कालीन उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित के कार्यकाल में खरीदा गया था। झील में ही रस्सी से बांधकर रखा गया है। अगर यह मशीन काम करता तो झील समेत गई जल स्रोत साफ रहता। स्थानीय लोग भी कहते हैं कि आम जनता अपनी गाढ़ी कमाई से टैक्स देता है। टैक्स के पैसे से ही उपकरण की खरीदारी होती है। हाय रे किस्मत पैसे की होली नगर निगम खेल रहा है। तात्कालिक नगर आयुक्त सह उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने 15वें वित्त आयोग अंतर्गत जेम पोर्टल के माध्यम से क्लिटेक कंपनी की यह मशीन खरीदी गई थी। करोड़ों रुपया का मशीन अब शहर में चर्चा का विषय बनकर रह गया है। फ्लोटिंग वीड हार्वेस्टर मशीन का प्रयोग जम्मू कश्मीर के सुप्रसिद्ध डल झील, हैदराबाद के हुसैन बांध, गोरखपुर के रामगढ़ झील की सफाई के लिए होते आ रहा है।

# एसडीओ पर कार्रवाई नहीं करने को लेकर केंद्रीय मंत्री ने सरकार को घेरा

**अनीता देवी के परिजनों ने सीबीआइ जांच की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता



हजारीबाग। हजारीबाग के तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार के ऊपर अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। इस मामले को लेकर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भी सवाल खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है। एक आरोपी खुले आम घूम रहा है। न्याय सभी के लिए समान होना चाहिए। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने हजारीबाग में हुए तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता देवी हत्याकांड पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी कि मांग कि है। उन्होंने कहा कि आरोपी चाहे कोई भी हो न्याय सबके लिए समान होना चाहिए। अन्नपूर्णा देवी ने इस दौरान राज्य सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि सरकार को इस पर संज्ञान लेकर गिरफ्तार करवाना चाहिए। अन्नपूर्णा देवी ने यह भी कहा कि वे राज्य के अधिकारी हैं, कार्रवाई भी राज्य सरकार को करनी चाहिए। उन्होंने कहा इस सरकार में किसी को भी न्याय नहीं मिल सकता है। राज्य सरकार दोषियों को बचाने का काम कर रही है। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि कानून सभी के लिए समान होना चाहिए। एक पदाधिकारी के ऊपर जब आरोप लगता है तो उसकी गिरफ्तारी नहीं होती है, यह दुखद है। उन्होंने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से जवाब मांगा है कि आखिर क्यों नहीं कार्रवाई हो रही है इसका भी खुलासा होना चाहिए। बता दें कि हजारीबाग में 26 दिसंबर को दिल दहलाने वाली घटना घटी थी। सदर के तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार के ऊपर उनकी पत्नी अनीता देवी को जिंदा जलाकर मारने का गंभीर आरोप लगा था। उनके साले राजू कुमार ने लोहसिंघना थाना में आवेदन दर्ज कराया था। अर्ध जले स्थिति में अनीता देवी को हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से बेहतर इलाज के लिए बोकारो रेफर कर दिया गया। बोकारो से रांची के देवकमल अस्पताल बेहतरीन इलाज के लाया गया, जहां तत्काल एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता देवी की मौत हो गयी थी। इस मामले में चार लोगों को आरोपी बनाया गया है। जिसमें तात्कालीन एसडीओ अशोक कुमार, उनके पिता छोटा भाई और छोटे भाई की पत्नी का नाम शामिल है। अनीता देवी के परिजनों ने सीबीआई जांच की मांग की है।

## मुखिया ने किया कंबल का वितरण



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के टाटीझरिया पंचायत भवन में मुखिया सुरेश यादव की उपस्थिति में बुधवार को जरूरतमंदों के बीच 110 कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान मुखिया सुरेश यादव ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के टाटीझरिया, सदारो, गुरूमातु, होलंग, टाटी, मूरकी, बिशाय, कंदागढा, गरमरा गांव के असहाय, वृद्ध, दिव्यांग, जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मुखिया ने कहा कि कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। वह क्षेत्र में हमेशा लोगों की समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने कहा कि मानव सेवा करना परम धर्म है। मौके पर पंचायत सचिव अनिता कुमारी, डेंगलाल मांझी, होपन सिंह, अनिता देवी, लक्ष्मी देवी, संगीता देवी, प्रयाग यादव, बालेश्वर महतो समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## 12 लाभुकों को मिला चूजा और बत्तख



इचाक (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय में पशुपालन विभाग द्वारा गरीबों के उत्थान के लिए 12 लाभुकों को चूजा और 35 बत्तख वितरण किया गया। वितरण प्रमुख पार्वती देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, बीडीओ संतोष कुमार और पशु चिकित्सक डॉ नकुल मोदी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान कहा कि सरकार गरीबों के उत्थान के लिए योजना चला रही है, जो सीधे लाभुकों तक पहुंच रही है। सरकार बधाई के पात्र है, जो गरीबों के बारे में सोचती है। लाभुक में कमली देवी, सुदामा देवी, गुड़िया देवी, गुड़िया देवी, आरती देवी, बबलू कुमार समेत अन्य लाभुक शामिल थे।

## भाजपा की बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत हरली गांव के पंचायत भवन में सदस्यता अभियान को लेकर मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता में बैठक की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक सह सदस्यता अभियान के पूर्वी उरीमारी मंडल प्रवासी रोशन लाल चौधरी और विशिष्ट अतिथि सह प्रभारी सर्वेस सिंह उपस्थित रहे। रौशन लाल चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सदस्यता अभियान को लेकर क्षेत्र में अच्छा उत्साह देखा जा रहा है जिसका श्रेय सभी कार्यकर्ताओं को जाता है। 6 जनवरी से 15 जनवरी तक कार्यकर्ता डोर टू डोर जाकर अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का काम करें। वर्तमान में हो रही घटनाओं को लेकर कहा जिस प्रकार राज्य में लगातार अपराध बढ़ रहा है अपराधि बेखौफ है यह पुरे राज्य के लिए काफी चिंता का विषय है, राज्य सरकार गहरी निद्रा मे चली गयी है, हम इसकी घोर निंदा करते है। मौके पर मुख्य रूप से पूर्वी उरीमारी मंडल के मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, डाडी मंडल के पूर्व अध्यक्ष वकील महतो, श्रीकांत निराला, उमेश दांगी, उपाध्यक्ष अशोक साव, मुखिया कविता कुमारी, पूर्व मुखिया बिगेश्वर महतो, गणेश यादव, नागेश्वर महतो, किसान मोर्चा अध्यक्ष अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय यादव, जगदीश साहू, भगीरथ ठाकुर, सेवंती कुमारी, देवंती देवी, रीना कुमारी, सुमित्रा देवी, शांति देवी, मंत्री कृष्णा गुप्ता, बिनोद महतो, रवी दांगी, सूरज गुप्ता, प्रेमलाल महतो, विष्णु गुप्ता, सचिदानंद पांडेय समेत कई लोग मौजूद थे।

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया बेडोकला में भारतीय स्टेट बैंक शाखा का शुभारंभ



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बेड़ोकला में भारतीय स्टेट बैंक शाखा का शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी और विशिष्ट अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने विधिवत फिता काटकर और दीप प्रज्वलित कर बैंक शाखा का शुभारंभ किया। मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा की इस नयी बैंक शाखा के शुभारंभ से ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाएं अधिक सुलभ और सुविधाजनक होंगी। इसके पहले बरकट्ठा के घंघरी में ही एसबीआइ ब्रांच था। जिसके कारण लोगों को दूर दराज से आकर लेन देन करना पड़ता था प्रधानमंत्री जी का कहना है सबसे पहले आमलोगों को बैंक से जोड़े तब विकास की गति तीव्र होगी। वहीं विधायक अमित यादव ने कहा अब बेड़ोकला में नया ब्रांच होने से लोगो को काफी सहूलियत होगी। लंबे समय से यहां के स्थानीय लोगों की मांग पर यह शाखा इस क्षेत्र के सभी ग्रामीणों को बैंक से जुड़ी सभी आधुनिक सुविधाएं प्रदान करेगी। मौके पर मुख्य रूप से एसबीआई के विजय कुमार डीजीएम, राजीव कुमार सिंह एजीएम, ज्योति लाल सीएम एचआर, मनोज कुमार चौधरी सीएम कम्प्लायन, संतोष कुमार प्रबंधक परिसर विभाग, एओ धनबाद, संतोष कुमार मंडल शाखा प्रबंधक घंघरी, राजीव कुमार सिंह क्षेत्रीय प्रबंधक, शशिकांत ब्रांच मैनेजर, राजीव कुमार, उप प्रबंधक आरबीओ हजारीबाग समेत स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र पांडेय, तुलसी पांडेय, रघुबीर प्रसाद, कुलदीप पांडे, समन ठाकुर, भोला प्रसाद, जागेश्वर प्रसाद, रोहित साव, दिनेश राणा, बसंत राणा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## कोनार के विस्थापितों ने हजारीबाग सांसद से मिल कर सौंपा ज्ञापन

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। कोनार डैम के विस्थापितों ने हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल से हजारीबाग में मिलकर ज्ञापन सौंपा है। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कोनार विस्थापित नावाटांड के ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए उचित पहल की बात कही। इस दौरान कई घंटों तक सांसद मनीष जायसवाल ने डीवीसी भूअर्जन डॉयरेक्टर राजेश पाठक सहित कोनारडैम के सैकड़ों विस्थापितों की मौजूदगी में लगभग 70 साल पुराने समस्या का समाधान कैसे हो, बारीकी से सुझाव दिये। साथ ही कहा कि मिनी सर्वे कराते हुए दाखिल खारिज के बाद और साथ में फॉर्म 12 को भर कर मालिकाना हक देने की सख्त हिदायत दी गयी। उसके बाद भी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी विस्तार पूर्वक कार्य कराने का आश्वासन दिया। विस्थापित संघ के अध्यक्ष सुरेश राम ने बताया कि यह समस्या वर्तमान में और भी बड़ी बन कर सामने आ रही है, दामोदर घाटी निगम के विस्थापितों की एक बड़ी और जरूरी समस्या डीवीसी परियोजनाओं के विस्थापित लोगों के पुनर्वास का मुद्दा है। अन्य परियोजनाओं की तरह डीवीसी ने कोनार बांध परियोजना के निर्माण के लिए ग्रामीणों को उजाड़ दिया गया है। डीवीसी ने उजाड़े गये लोगों को विभिन्न मौजों में ऐसे दस्तावेजों के साथ बसाया है जिन्हें राज्य सरकार ने पिछले भूमि सर्वेक्षण के दौरान स्वीकार नहीं किया। इसलिए, पुनर्वासित लोग ऐसी भूमि पर रह रहे हैं जो दूसरे वन/डीवीसी आदि के नाम पर दर्ज है। अब हम पुनर्वासित लोग डीवीसी जैसी केंद्र सरकार की सार्वजनिक परियोजना के निर्माण के कारण हमने अपनी पैतृक संपत्ति खो दी है, और भूमिहीन हो गये हैं।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 09 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



## डीसी की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

# सीसीएल के जीएम तत्काल बंद करायें अवैध मुहाने, कोयला तस्करों पर हो कार्रवाई: डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में कोयला तस्करी और अवैध कारोबार पूरी तरीके से बंद होगा। बुधवार को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार ने इस मामले पर गंभीरता से कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। रामगढ़ डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता और एसपी अजय कुमार की उपस्थिति में आयोजन बैठक में पूर्व में किये गये कार्यों की जानकारी ली गयी। इस दौरान उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के द्वारा अवैध मुहानों को बंद करने के तहत किये गये कार्यों की जानकारी ली गयी। इस क्रम में उपायुक्त ने कहा कि कहीं से भी अवैध मुहानों से खनन होने की सूचना प्राप्त हो तो त्वरित रूप से उसे अच्छी तरह बंद करें। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने और अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों और एरिया सिक्योरिटी ऑफीसर्स को कार्य करने को कहा।

**पूरे जिले में संचालित क्रेशर की होगी जांच :** उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के द्वारा अधिकारियों को जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित क्रेशर की जांच करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बिना अनुमति अथवा अवैध तरीके से क्रेशर का संचालन करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने और तत्काल रूप से अवैध क्रशरों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया। अवैध खनन अथवा परिवहन के विरुद्ध चलाये गये जांच अभियान के दौरान जब्त किये गये खनिज का नियमानुसार नीलामी आदि के कार्रवाई को लेकर भी बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा आवश्यक निर्देश दिये गये।

**चिन्हित 6 बालू घाटो का जल्द शुरू हो संचालनः** बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा रामगढ़ जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चिन्हित छह बालू घाटों के संबंध में जानकारी दी गयी। जिस पर उपायुक्त द्वारा सभी प्रक्रियाएं जल्द से जल्द पूर्ण करते हुए बालू घाटों का नियमित संचालन शुरू करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त के द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में अन्य बालू घाटों को भी चिन्हित कर उनकी बंदोबस्ती हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के संबंध में निर्देश दिये गये।

### डीसी ने की जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

रामगढ़। जिले में सड़क सुरक्षा समिति में शामिल एनएचएआई के अधिकारी बेहद लापरवाह है। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में ना तो उनके द्वारा कोई साइन बोर्ड लगाया जा रहा है और ना ही सड़क का एलाइनमेंट सही किया जा रहा है। यहां तक कि सड़कों पर रोशनी की भी व्यवस्था उचित तरीके से नहीं हुई है। यही वजह है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाएं लगातार हो रही है और लोगों की जान जा रही है। यह सारे गंभीर आरोप डीसी चंदन कुमार ने बुधवार को आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एनएचएआई के अधिकारियों पर लगायी। उन्होंने यहां तक कहा कि अगर दुर्घटना होती है तो दर्ज होने वाली प्राथमिकी में एनएचएआई के अधिकारियों का नाम भी शामिल किया जाये। जब तक ऐसा नहीं होगा एनएचएआई के अधिकारियों ना तो नींद खुलेगी और ना नाही वे दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए कोई पहल करेंगे। बैठक के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के द्वारा जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देशों के आलोक में किये गये कार्य की समीक्षा की गयी। चुट्टूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं और जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिये गये निर्देशों का अनुपालन यथा लाइट व्यवस्था, रोड एलाइनमेंट, साइनेज बोर्ड आदि नहीं करने पर उपायुक्त ने एनएचएआई पदाधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी। साथ ही उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना होने पर एनएचएआई पदाधिकारियों का नाम भी प्राथमिकी की में शामिल करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने वर्तमान में सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम हेतु घाटी में चिन्हित ब्लैक स्पॉट आदि पर बालू के बैग्स लगाने आदि कार्यों को तत्काल पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

**चतरा (आजाद सिपाही)।** गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त रमेश घोलप ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में बैठक कर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार किया और उपायुक्त ने कार्यक्रम आयोजन के हर एक बिंदु पर विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस 2025 का मुख्य समारोह जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में परेड, झंडोतोलन, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों के साथ विचार विमर्श कर सभी सरकारी कार्यालयों में निर्धारित समय पर झंडोत्तोलन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम की साफ-सफाई, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, परेड की तैयारियों, राष्ट्रगान, परेड निरीक्षण के लिए जीप की व्यवस्था, एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था समेत अन्य कार्यों के लिए संबंधित पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिया गया। वहीं गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी/कर्मी समेत अन्य लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी बिनिता कुमारी, नजारत उप समाहर्ता विनय कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी शकील अहमद समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

## पोक्सो प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस पर कार्यशाला

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** स्टेशन हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने मिलिट्री हॉस्पिटल रामगढ़ के तत्वावधान में कार्यशाला आयोजित की जिसका विषय पोक्सो प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस 2012 एक्ट था जहां सीओ कर्नल विवेक उपाध्याय ने कार्यक्रम की शुरुआत की इस कार्यक्रम में मिलिट्री हॉस्पिटल की नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ रेनू गहलोत रॉय मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थी इन्होंने पोक्सो क्या है इसकी आवश्यकता क्यों है विभिन्न एक्ट और इसका संचालन कैसे किया जाता है पोक्सो कब से लागू है कैसे काम करता है चाइल्ड वेलफेयर कमेटी में इसका क्या भूमिका है स्पेशल जूविनाइल पुलिस यूनिट क्या है सबसे महत्वपूर्ण अपने बच्चों को कैसे प्रोटेक्ट करें कैसे सुरक्षित रखें इसकी जानकारी लोगों को दी। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल दिव्य सैब, लेफ्टिनेंट कर्नल एन जीना, लेफ्टिनेंट कर्नल श्रावणी रॉय, लेफ्टिनेंट कर्नल एसके सिंह, मेजर शिवा तिवारी और अन्य उपस्थित थे इस कार्यक्रम में ऑफिसर के अलावा उनकी फैमिली भी उपस्थित थी सभी ने कार्यक्रम की बहुत सराहना की।

## भाजपा ने शिविर लगाकर नये सदस्य जोड़े

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल में मंडल स्तरीय शिविर लगाकर नये सदस्यों को पार्टी से जोड़ा गया। भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में रामगढ़ के सुभाष चौक दुर्गा मंदिर के प्रांगण में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान 2024 मंडल स्तरीय शिविर लगाकर जनता के बीच भाजपा का सदस्य बनाया गया। लोगों को 88002024 पर मिस्ड कॉल कराया गया। साथ ही स्वतंत्रता सेनानी शाहिद शेख भिखारी और टिकट उमराव सिंह की शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सह सदस्यता अभियान रामगढ़ कैंट मंडल के प्रवासी पदाधिकारी राकेश प्रसाद उपस्थित हुए। भाजपा का सदस्य बनते ही लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट कर किया। कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति के सदस्य रणंजय कुमार कुंदू बाबू, रंजन सिंह फौजी, राजू चतुवेर्दी, विजय जायसवाल, अनमोल सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, रॉबिन गुप्ता रामगढ़ कैंट मंडल के सदस्यता संयोजक ऋषिकेश सिंह सह संयोजक कुणाल दास, रीता मानसाता संतोष शाह, अजीत गुप्ता अभिषेक चौधरी मिथलेश कुमार मंडल, ब्रजेश पाठक, पिंकी कुमारी, मणिशंकर ठाकुर, संजय श्रीवास्तव विजय पाठक विजय खटीक, रबी सिन्हा, अमित ठाकुर, सत्यजीत चौधरी,स त्यजीत सिंह, अरविंद सिंह, सुरेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

## भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान



**कुंदा /चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का डूर टू डूर सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें कुंदा पंचायत के कुंदा और बोधाडीह पंचायत का बेसरा, बनाशाम गांव में सदस्यता अभियान चलाया गया, और कुंदा भाजपा मंडल के सदस्यता अभियान के संयोजक सह संगठन महामंत्री मनोज कुमार यादव के द्वारा बताया गया कि सदस्यता अभियान में जुड़ने के लिए टोल फ्री नंबर 8800002024 पर मिस कॉल डायल करने के बाद खुद अपने से जुड़ सकते है, साथ ही कुछ लोगों को टोल फ्री नम्बर पर मिस कॉल करके तुरंत जोड़ा गया और जुड़ने के लिए बताया भी गया जिससे लोग खुद से टोल फ्री नंबर पर मिस कॉल करके जुड़ सके। मौके पर कुंदा भाजपा मंडल के सदस्यता अभियान के संयोजक सह संगठन महामंत्री मनोज कुमार यादव, मंडल अध्यक्ष दिलेशर सिंह भोगता, पूर्व मंडल अध्यक्ष गंदोरी साव, अनीता कुमारी, युवा मोर्चा घनश्याम यादव, एसटी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष संजय भोगता, बोधाडीह बूथ अध्यक्ष सह भाजपा नेता उमेश कुमार ठाकुर, कमलेश कुमार भारती, सुरेश साव, भीम महतो, रामस्वरूप यादव के अलावा कई लोग मौजूद थे।

## पुआल के मचान में लगी आग

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के सलैया पंचायत के सलैया गांव में अजय यादव के मचान में एकाएक आग लग गयी। जिससे अफरातफरी आग लगने से घर का एक कमरा भी जल गया। गांव वालों के अथक प्रयास से एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार अजय यादव के घर के बगल में मचान पर पुआल रखा था। जिसमें एकाएक आग लग गयी। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी लिया और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। अजय यादव ने बताया कि इस घटना में लगभग 30 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित का कहना है कि पुआल खरीदकर मवेशी को खिलाने के लिए लाए थे। उन्होंने बताया कि घटना के बाद गांव वालों की मदद से आग पर काबू पाया गया। पीड़ित ने जिला प्रशासन से मुआवजा की मांग की है। मौके पर वार्ड सदस्य महेश यादव भी मौजूद थे।

## डीसी ने की जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक

# रमेश घोलप ने लंबित विकास कार्यों को जल्द पूरा करने का दिया निर्देश

**अधिसूचित पर्यटक स्थलों पर बहाल की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं पर हुआ विचार विमर्श**




आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त सह अध्यक्ष, जिला पर्यटन संवर्धन परिषद रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद (समिति) के शासी निकाय की बैठक की गयी। जिसमें अधिसूचित पर्यटन स्थलों के विकास हेतु योजनाओं का चयन और क्रियान्वित की समीक्षा और नये पर्यटन स्थलों का चयन से संबंधित समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में जिला खेल पदाधिकारी तुषार रॉय ने बताया कि चतरा जिला में विभिन्न श्रेणी में कुल 16 पर्यटक स्थल अधिसूचित है। यथा इटखोरी प्रखंड अंतर्गत भद्रकाली मंदिर ए श्रेणी राजकीय महोत्सव के सूची में भी शामिल है, यहां प्रत्येक वर्ष 19, 20 एवं 21 फरवरी को भव्य राज्यकीय इटखोरी महोत्सव का आयोजन किया जाता है। हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के कौलेश्वरी मंदिर श्रेणी ए, कान्हाचट्टी प्रखंड क्षेत्र के तमासीन जलप्रपात श्रेणी सी, गिद्धौर बलबल दुवारी बागेश्वरी मंदिर श्रेणी सी, चतरा गोवा जलप्रपात, खैवा बंदारू श्रेणी डी, चतरा लक्ष्मणपुर भेड़ी फॉर्म डैम श्रेणी सी, कुंदा महादेव मठ पुराना राजा का किला श्रेणी डी, पत्थलगड्डा लम्बोइया मंदिर डी, सिमरिया भवानी मठ मंदिर डी, प्रतापपुर बरूरा शरीफ मजार डी, हंटरगंज जोरी काली मंदिर, सिमरिया दासी पहाड़ी मंदिर, चतरा मालूदा फॉल, टंडवा चंदरू धाम मंदिर, चतरा डुमेर सुमेर फॉल डी श्रेणी में शामिल है। आगे तुषार रॉय ने सभी अधिसूचित पर्यटन स्थलों पर मुलभूत सुविधाएं यथा- साइनेज, डस्टबिन, सीटिंग बेंच एंड & ड्रिंकिंग वाटर अधिष्ठान, चतरा जिले के विभिन्न अधिसूचित पर्यटन स्थलों पर आवश्यकतानुसार सोलर लाईट की व्यवस्था/अधिष्ठापन समेत अन्य से संबंधित प्रस्ताव को क्रम वार समिति के समक्ष रखा जिसपर सर्वसम्मति से विचार विमर्श करते हुए निर्णय लिया गया। मां कौलेश्वरी मंदिर स्थित विभिन्न मदों / विभागों से चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की गयी और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही विभिन्न पर्यटक स्थलों यथा बक्सा डेम, ईटखोरी, पत्थलदास हनुमान मंदिर, मेन रोड चतरा, शिव मंदिर, हेरूवा, चतरा, शिव मंदिर, बेला, मयुरहंड, पत्थलगड्डा प्रखंड के ग्राम पंचायत नावाडीह मोर सिरवा पहाड़ को अधिसूचित करने के संबंध में विचार विमर्श करते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव को जिला स्तर से अनुमोदित कराते हुए विभाग को भेजने का निर्णय लिया गया। जिससे जिले के पर्यटन स्थलों का विकास किया जा सके।

## चतरा में गौ कथा का भव्य आयोजन

**चतरा (आजाद सिपाही)।** गौशाला द्वारा स्थानीय हरलाल तालाब सूर्य मंदिर स्थित गौशाला परिसर में भव्य गऊ कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 9 जनवरी से 13 जनवरी तक चलेगा इस कार्यक्रम में 9 तारीख को सुबह 9 बजे कलश यात्रा एवं 10 बजे हवन तथा 1 बजे से कथा वाचन का कार्यक्रम है। भारत के प्रसिद्ध गौ कथा वाचक आदरणीय गोपाल मणि महाराज जी का आगमन आज शाम चतरा की धरती पर होने जा रहा है। महाराज जी के द्वारा प्रत्येक दिन 9 जनवरी से 13 जनवरी तक दोपहर 1:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक गौ माता का महिमा पर कथा वाचन किया जाएगा, साथ ही साथ संध्या आरती के बाद प्रत्येक दिन समापन होगा। कल कलश यात्रा कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि चतरा लोकसभा के लोकप्रिय सांसद आदरणीय कालीचरण सिंह जी, लोकप्रिय विधायक चतरा विधानसभा आदरणीय जनार्दन पासवान जी, सिमरिया विधानसभा के लोकप्रिय विधायक आदरणीय उज्जवल कुमार दास जी, पूर्व विधायक सिमरिया विधानसभा आदरणीय किशुन कुमार दास जी,सभी सामाजिक संगठनों के प्रमुख शामिल होंगे। व्यवस्थापकों ने सनातन धर्मावलंबियों से कलश यात्रा में शामिल होने के साथ ही साथ प्रत्येक दिन कथावाचक गोपाल मणि महाराज जी का कथा सुनकर पुण्य के भागी बनने की अपील किया है।

## डीआइजी ने सर्किट हाउस में एसपी और सभी थानेदारों के साथ की बैठक

# संगठित गिरोह के जेल से बाहर आये सदस्यों पर रखें नजर, सूचना संकलन को करें मजबूत: संजीव कुमार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** हजारीबाग डीआइजी संजीव कुमार बुधवार को रामगढ़ पहुंचे तो उन्होंने सीधे संगठित अपराध को ही मुख्य मुद्दा माना। यहां उन्होंने आपराधिक गिरोह के द्वारा लगातार घटनाओं को अंजाम दिये जाने के मुद्दे पर चर्चा की। उन्होंने अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने का आदेश दिया। रामगढ़ पहुंचने पर डीआइजी का स्वागत एसपी अजय कुमार ने किया। सार्जेंट मेजर मंटू यादव के द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके उपरांत डीआइजी ने परिसदन भवन में एसपी, डीएसपी, सभी पुलिस निरीक्षक और सभी थाना प्रभारी के साथ बैठक किया गया। जिसमें संगठित अपराधिक गिरोह के द्वारा कारित घटनाओं की समीक्षा की गयी।

डीआइजी ने थाना, ओपी प्रभारियों को क्षेत्र में अपने स्वयं के भ्रमण को बढ़ाने, सूचना संकलन को मजबूत करने और संगठित आपराधिक गिरोह के जेल से बाहर आये सदस्यों की गतिविधि पर निगरानी रखने, संदिग्ध गतिविधि पाये जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक के अंत में डीआइजी के द्वारा सभी पुलिस पदाधिकारियों को संगठित अपराधिक गिरोह और वैसे अपराधकर्मी जो लेवी, रंगदारी और क्षेत्र में दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग, अगजनी जैसी घटनाएं कारित कर रहे है, के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

### व्यापारियों को दें पूरी सुरक्षा, क्षेत्र में बढ़ायें पेट्रोलिंग

संगठित आपराधिक गिरोह के सदस्यों के द्वारा कोल व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टर, विकास कार्यों में लगे कंपनियों के संचालकों एवं संवेदको से की जा रही लेवी, रंगदारी की मांग पर अंकुश लगाने और उनके सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग करने और कोल व्यवसाईयों, ट्रांसपोर्टर, विकास कार्यों में लगे कंपनियों के संचालाकों और संवेदकों के साथ बैठक कर थाना, ओपी प्रभारी से लेकर वरीय पदाधिकारियों तक का मोबाईल नंबर सभी को उपलब्ध करने को कहा। किसी भी प्रकार की धमकी या अन्य कोई सूचना मिलने पर अविलम्ब पुलिस को इसकी जानकारी दे। आपकी पहचान को गोपनीय रखा जायेगा।

## मंत्री योगेंद्र के आवास मुरुबंदा में बोकारो क्षेत्र की समस्याओं को लेकर पहुंचे ग्रामीण



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकर के पेयजल और स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो के पैतृक गांव मुरुबंदा में बुधवार को फरियाद लेकर बोकारो और गोमिया विधानसभा क्षेत्र के कई लोग पहुंचे, अपनी-अपनी समस्या को लेकर मंत्री के समक्ष रखा इस बाबत झारखंड सरकार के कैबिनेट योगेंद्र महतो ने जनता दरबार में ग्रामीणों की समस्याओं को बारीकी से सुना, जनता दरबार में उपस्थित क्षेत्र की जनता को आश्वासन दिया और कहा की बोकारो और गोमिया विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण या शहरी इलाका में विकास के गंगा बहाने का काम किया जायेगा, झारखंड प्रदेश सहित सभी जगहों पर पेयजल समस्या से बहुत जल्दी लोगों को निजात मिलेगी, गोमिया विधानसभा क्षेत्र में बहुत जल्दी नल से घर-घर तक जल पहुंचाने का कार्य किया जायेगा अब चापानल की समस्या नहीं रहेगी बोकारो और गोमिया क्षेत्र में छोटी बड़ी हर समस्याओं का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी, मौके पर बोकारो जिला झामुमो उपाध्यक्ष मनोहर मुरमू के नेतृत्व में मंत्री को बुके देकर जीत की बधाई दी गयी, इस अवसर पर भुनेश्वर महतो, सादाब अंसारी, समिद अंसारी, नैयर जमाल, लुकमान अंसारी साहित दो दर्जन से अधिक लोग शामिल थे।

## कुजू गुरुद्वारा प्रधान के आवास में चोरी

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के कुंदरियाबांध स्थित गुरुद्वारा कुजू के प्रधान अरविंदर सिंह बग्गा के आवास में मंगलवार की रात चोरों ने आभूषण सहित नगदी की चोरी कर ली। वही, घटना की सूचना पाकर पहुंचे कुजू पुलिस ने आवास पहुंचकर जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार, घटना के समय गुरुद्वारा प्रधान अरविंदर सिंह बग्गा समेत घर के सभी सदस्य श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाशोत्सव शोभा यात्रा में शामिल थे। प्रत्येक वर्ष की तरह मंगलवार की संध्या प्रधान अरविंदर सिंह बग्गा के आवास से ही श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाशोत्सव को लेकर शोभायात्रा शुरू हुई। इसी बीच चोरों ने मौके का फायदा उठाकर आवास की ग्रिल में लगे ताले को काटते हुए आवास में प्रवेश किया और चोरी की घटना को अंजाम दिया। इधर, शोभायात्रा समाप्त के बाद परिजन आवास पहुंचे तो देखा कि ताला टूटा पड़ा है। साथ ही, छानबीन करने पर पता चला कि तोड़े हुए अलमीरा में रखे करीब पांच लाख रुपये के आभूषण सहित तीस हजार रुपये नगद गायब है। इस संबंध में भुक्तभोगी अरविंदर सिंह बग्गा ने कुजू ओपी में आवेदन देकर छानबीन करने की गुहार लगायी।

## रांची रोड में युवक ने की आत्महत्या

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के रांची रोड स्थित प्रणीत टावर एक फ्लैट के 7वीं मंजिल से कूदकर 25 वर्षीय एक युवक ने आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही कुजू पुलिस पहुंचकर शव को बरामद कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, गोविंदपुर धनबाद निवासी उज्जवल रंजन (25 वर्ष) पिता प्रकाश रंजन मंगलवार को प्रणीत टावर अपने रिश्तेदार के यहां आया था। इस बीच मंगलवार की रात्रि अचानक उज्जवल टावर के 7वीं मंजिल से कूदकर जान दे दिया। इधर, उसके परिजनों ने बताया कि उज्जवल रांची में रहकर पढ़ाई करता था। उन्होंने बताया कि उज्जवल कुछ बात को लेकर डिप्रेशन में था। इस बीच उसने एक बार और फ्लैट से कूदकर जान देने की कोशिश किया। लेकिन परिजनों ने उसे पकड़ लिया। लेकिन उसने दोबारा कूदकर अपनी जान दे दी।

## भाजपा भुरकुंडा मंडल ने चलाया सदस्यता अभियान, दर्जनों हुए शामिल



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भाजपा भुरकुंडा मंडल द्वारा बुधवार को ट्रेक्टर स्टैंड और आसपास के दुकानदारो के बीच सदस्यता अभियान चलाया गया। इसका नेतृत्व भुरकुंडा मंडल के प्रभारी एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर करमाली कर रहे थे। अभियान के दौरान दर्जनों दुकानदार, वाहन चालक और अनुसूचित जनजाति के लोगों ने भाजपा की सदस्यता लिया। अभियान को सफल बनाने में भाजपा के जिला सहसंयोजक संजीव कुमार बावला, पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, मंडल संयोजक सह जिला कोषाध्यक्ष अशोक सोनी, विनोद कुमार, मंटू सिंह, मुकेश कुमार, मुकेश बेदिया, सहित दर्जनों भाजपाई जुटे हैं।

## आजसू पार्टी ने स्वतंत्रता सेनानी शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह को दी श्रद्धांजलि



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** चुटूपालू स्थित शहीद स्थल पर बुधवार को आजसू पार्टी द्वारा शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यकम के मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो थे। मौके पर उन्होंने महान स्वतंत्रता सेनानी शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके उपरांत पार्टी के अन्य सदस्यों ने शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मनोज कुमार महतो ने दोनो महान स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में इन दोनो वीर सपूतों का महान योगदान है। क्योंकि उन्होंने झारखंड क्षेत्र में आजादी की लड़ाई के लिए लोगों को संगठित किया। जिसके फलस्वरूप छोटानागपुर क्षेत्र में अंग्रेजो के विरूद्ध संगठित आंदोलन आरंभ हुआ। जिससे एकाएक ब्रिटिश सरकार घबरा गयी। श्रद्धांजलि सभा में महेश करमाली, राजेंद्र महतो, बबलू करमाली, देवधारी महतो, रोशन कुमार, संजय करमाली, प्रशांत महतो, झगरू महतो, बालकिशु महतो, दीपक आदि उपस्थित थे।

## अवैध कोयला उत्खनन के खिलाफ चला अभियान

**कुजू (आजाद सिपाही)।** अवैध कोयला उत्खनन के खिलाफ कुजू पुलिस और सीसीएल प्रबंधन और सुरक्षा विभाग ने संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान तोपा परियोजना अंतर्गत दूधमटिया सब स्टेशन के पास खुले एक अवैध कोयला उत्खनन मुहाना को डोजर के सहारे मिट्टी और पत्थर से भरकर बंद से कराया। इस अभियान से कोयला तस्करों में हड़कंप का माहौल है। अभियान में कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद, सीसीएल क्षेत्रीय गश्ती दल से हेमंत कुमार सिंह, मुकेश कुमार, अजय कुमार, बिट्टू सिंह, रॉकेट मुर्मू, चंद्रप्रकाश मुर्मू, तोपा सुरक्षा प्रभारी शंकर राम, शिव शंकर, नागेश्वर मुंडा शामिल रहे।

# दिल्ली चुनाव में आप का इम्तिहान

चुनाव आयोग की ओर से दिल्ली विधानसभा चुनावों की तारीखें घोषित किये जाने से राष्ट्रीय राजधानी में सियासी जंग का विधिवत शंखनाद हो गया है, हालांकि अघोषित तौर पर यह लड़ाई पहले ही शुरू हो चुकी है। तीनों प्रमुख पार्टियां न केवल प्रत्याशियों का एलान कर चुकी हैं, बल्कि आरोप-प्रत्यारोप और तीखी बयानबाजी का सिलसिला भी उसी रूप में चला रही हैं, मानो चुनाव प्रचार अभियान चरम पर पहुंच गया हो।

**आप की पकड़:** दिल्ली की यह चुनावी लड़ाई इस मायने में खास नहीं कही जायेगी कि इस बार भी वही तीनों दल प्रमुखता से मैदान में हैं, जो पिछले चुनावों में थे। आम आदमी पार्टी के अस्तित्व में आने के बाद से यहां तिकोना मुकाबला ही हो रहा है। यह अलग बात है कि इस अपेक्षाकृत नयी पार्टी ने एक बार वर्चस्व स्थापित होने के बाद यहां अपनी पकड़ कमजोर नहीं होने दी। पिछले दो चुनावों में उसे दिल्ली की जनता से शानदार बहुमत मिला।

**आक्रामक राजनीति:** नयी और दो राज्यों में सत्तारूढ़ होने के बावजूद आम आदमी पार्टी ने आक्रामक शैली की राजनीति से अपनी अलग पहचान बनायी है। इस आक्रामकता ने जहां आम आदमी पार्टी को नयी धार दी है, वहीं अन्य दलों के साथ उसके संबंधों को भी सहज-सामान्य होने से रोका है।

**दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखें घोषित होने के साथ ही सियासी जंग और प्रत्याशियों का एलान तेज हो गया है। आम आदमी पार्टी की आक्रामक राजनीति जहां उसकी पकड़ को मजबूत कर रही है, वहीं विपक्षी दलों से उसके संबंधों में तनाव पैदा कर रही है।**

**विपक्षी गठबंधन में बेचैनी:** शायद यही वजह है कि भाजपा तो आम आदमी पार्टी के खिलाफ पूरी ताकत से लगी ही हुई है, कांग्रेस भी उस पर हमले करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही। इसमें खास बात सिर्फ यही है कि छह महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और आप, दोनों ही विपक्षी दलों के इंडी ब्लॉक में शामिल थे और भाजपा पर संयुक्त हमला कर रहे थे। जाहिर है, इनके बीच की तीखी बयानबाजी इंडी ब्लॉक के अंदर असहजता पैदा कर रही है और शिवसेना (यूबीटी) जैसे दल इनसे संयम बरतने की अपील भी कर चुके हैं।

**आंतरिक समीकरण:** जिस तरह से यह चुनाव लड़ा जा रहा है, उससे साफ है कि नतीजा चाहे जो भी हो, उसके निहितार्थ दूर तक जायेंगे। दिल्ली की सत्ता आम आदमी पार्टी के आंतरिक समीकरण के लिहाज से भी अहम है। ऐसे में वह हर हाल में अपनी कामयाबी दोहराना चाहेगी। इस बीच यह भी देखना दिलचस्प होगा कि इंडी ब्लॉक के आंतरिक समीकरणों में किस तरह के बदलाव आते हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

**इंटरनेट की यह आभासी दुनिया ना जाने और कितने मासूम बच्चों को अपने जाल में फंसायेगी और उनका जीवन तबाह करेगी? बच्चों के इंटरनेट उपयोग पर निगरानी व उन्हें उसके उपयोग की सही दिशा दिखाना बेहद जरूरी है। यदि मोबाइल स्क्रीन और अंगुलियों के बीच सिमटते बच्चों के बचपन को बचाना है, तो एक बार फिर से उन्हें मिट्टी से जुड़े खेल, दिन भर धमा-चौकड़ी मचाने वाले और शरारतों वाले बचपन की ओर ले जाना होगा।**

# गंभीर चुनौती हैं डिजिटल होते बच्चों पर बढ़ते खतरे

**ललित सिंह**



**डिजिटल** होते बच्चों पर बढ़ते खतरे चिंता का बड़ा कारण बन रहे हैं। बच्चों के स्क्रीन पर बहुत अधिक समय बिताने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं तो बढ़ ही रही हैं, बच्चे अलगाववादी, हिंसक एवं अस्वस्थ गतिहीन जीवनशैली के अंग बनते जा रहे हैं। छोटी अवस्था में बच्चे अधिक समय ऑनलाइन बिताने के कारण साइबर बुलिंग, ऑनलाइन शिकारियों और अन्य जोखिमों के शिकार भी हो रहे हैं। सोशल मीडिया बच्चों एवं युवाओं के संवाद का जैसे-जैसे अभिन्न माध्यम बन रहा है, वैसे-वैसे तमाम तरह के जोखिम एवं खतरे भी जुड़ते जा रहे हैं, जिनसे बच्चों एवं किशोरों को बचाने के लिए भारत में वर्ष 2023 में डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट लाया गया। इस एक्ट के नियमों के तहत नाबालिगों के लिए सोशल मीडिया अकाउंट खोलने के लिए माता-पिता या अभिभावकों की सहमति अनिवार्य है। निश्चिय ही यह बच्चों पर बढ़ रहे खतरों से सुरक्षा देने के लिए एक सराहनीय कदम है।

पांच से 18 वर्ष के बच्चों में मोबाइल, इंटरनेट एवं टेक्नोलॉजी की लत बढ़ रही है, जिनमें स्मार्ट फोन, स्मार्ट वॉच, टैब, लैपटॉप आदि सभी शामिल हैं। यह समस्या केवल भारत की नहीं, बल्कि दुनिया के हर देश की है। ऐसे अनेक ऑनलाइन लत के शिकार रोगी बच्चे अस्पतालों में पहुंच रहे हैं, जो बुरी तरह तनावग्रस्त थे। कुछ दोस्त व परिवार से कट गये, कुछ तो ऐसे थे जो मोबाइल न देने पर अभिभावक पर हमला तक कर देते थे। बच्चे आज के समय में अपने आप को बहुत जल्दी ही अपनी उम्र से ज्यादा बड़ा महसूस करने लगे हैं। अपने ऊपर किसी भी पाबंदी को बुरा समझते हैं, चाहे वह उनके हित में ही क्यों न हो। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में दिल्ली के एक व्यक्ति ने डिजिटल माध्यमों की खामियों का लाभ उठाते हुए सात सौ से अधिक महिलाओं को स्नैपचैट का उपयोग करके ब्लैकमेल करने का प्रयास किया था। इसी तरह इंस्टाग्राम पर धमकाने के बाद ब्रिटेन में एक किशोर की आत्महत्या ने सोशल मीडिया के मनोवैज्ञानिक प्रभावों की घातकता को उजागर किया।

**इन उपायों की नियमित निगरानी, हितधारकों की प्रतिक्रिया तथा वैश्विक मानकों के साथ तालमेल से इस ढांचे को प्रभावी बनाया जा सकेगा।**

इंटरनेट की यह आभासी दुनिया ना जाने और कितने मासूम बच्चों को अपने जाल में फंसायेगी और उनका जीवन तबाह करेगी? बच्चों के इंटरनेट उपयोग पर निगरानी व उन्हें उसके उपयोग की सही दिशा दिखाना बेहद जरूरी है। यदि मोबाइल स्क्रीन और अंगुलियों के बीच सिमटते बच्चों के बचपन को बचाना है, तो एक बार फिर से उन्हें मिट्टी से जुड़े खेल, दिन भर धमा-चौकड़ी मचाने वाले और शरारतों वाले बचपन की ओर ले जाना होगा।

आभासी दुनिया के तिलिस्मी संसार के कारण जीवन में आ रहे बदलाव ने कई ज्वलंत एवं चुनौतीपूर्ण मुद्दों को सामने ला दिया है, जिनसे माता-पिता को जूझना पड़ता है, जिससे पालन-पोषण का कार्य और भी अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऑनलाइन सुरक्षा से लेकर स्क्रीन टाइम को प्रबंधित करने और लगातार विकसित हो रहे डिजिटल परिदृश्य का हिस्सा बनने तक, माता-पिता के लिए खुद ही यह काफी नया सा है। खुद को जानकारी से लैस करके और सक्रिय दृष्टिकोण अपना कर हम अपने बच्चों को जिम्मेदारी से डिजिटल दुनिया में सावधानीपूर्वक हिस्सा बनने के लिए सशक्त बनाते हुए उनके लिए एक स्वस्थ और संतुलित डिजिटल वातावरण बना सकते हैं। अपने बच्चों को तकनीक का उपयोग ऐसे तरीकों से करने में मदद करें, जो रचनात्मकता और सीखने को बढ़ावा दें। उन्हें शैक्षिक ऐप तलाशने, डिजिटल कला बनाने या कोडिंग जैसे नये कौशल सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। इससे उन्हें तकनीक को सिर्फ मनोरंजन की बजाय विकास एवं ज्ञान अर्जन के साधन के रूप में देखने में मदद मिल सकती है। तकनीक के अच्छे और बुरे, दोनों पक्षों को जानकर और स्पष्ट सीमाएं निर्धारित करके हम बच्चों को उनके स्क्रीन समय के साथ एक स्वस्थ संतुलन बनाने में मदद कर सकते हैं। इस तरह वे बचपन की खुशियों का अनुभव करते हुए तकनीक के लाभों का आनंद ले सकते हैं, जिसमें बाहर खेलना, दोस्तों के साथ समय बिताना और अपने आसपास की दुनिया की खोज करना शामिल है। मोबाइल एवं डिजिटल साइट पर कुल निर्भरता बढ़ गयी है।

दरअसल, भारत सरकार के डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट के नियम भी सोशल मीडिया कंपनियों को मजबूत उपायों के जरिये माता-पिता की सहमति से जवाबदेह बनाने का प्रयास ही है, जिससे अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों में भागेदारी में मार्गदर्शन करने का अधिकार मिल सके। इन नियमों को अधिक प्रभावी एवं कारगर बनाने में एआइ संचालित आयु सत्यापन, डिजिटल साक्षरता कार्यशालाएं आयोजित करने और इसके साथ ही पारदर्शी शिकायत तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इन उपायों की नियमित निगरानी, हितधारकों की प्रतिक्रिया तथा वैश्विक मानकों के साथ तालमेल से इस ढांचे को प्रभावी बनाया जा सकेगा। निस्संदेह, इन नियमों के अनुपालन से भारत में बच्चों के लिए सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण बनाने के साथ ही वैश्विक प्रयासों में योगदान दिया जा सकता है। पूरी दुनिया में 58 फीसदी किशोर टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्मों के दैनिक उपयोगकर्ता हैं, जो नुकसानदायक सामग्री के संपर्क में आ सकते हैं। ऐसे वक्त में, जब आज डिजिटल दुनिया से जुड़ाव अपरिहार्य है, बच्चों की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता बनाना न केवल एक जिम्मेदारी है, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। बच्चों में बढ़ती ऑनलाइन गेमिंग की आदत भी एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। इसके घातक परिणाम भी सामने आ रहे हैं और लोगों के बीच इसे लेकर चिंता बढ़ रही है। इसलिए दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से कहा था कि वह बच्चों को ऑनलाइन गेम की लत से बचाने के लिए राष्ट्रीय नीति बनाने पर गंभीरता से विचार करे। आज इंटरनेट का दायरा इतना असीमित है कि अगर उसमें सारी सकारात्मक उपयोग की सामग्री उपलब्ध है, तो बेहद नुकसानदेह, आपराधिक और सोचने-समझने की प्रक्रिया को बाधित करने वाली गतिविधियां भी बहुतायत में मौजूद हैं। आवश्यक सलाह या निर्देश के अभाव में बच्चे ऑनलाइन गेम या दूसरी इंटरनेट गतिविधियों की तिलिस्मी दुनिया में एक बार जब उलझ जाते हैं, तो उससे निकलना मुश्किल हो जाता है। इस दिशा में स्थायी परिवर्तन के लिए माता-पिता, शिक्षक और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के बीच बेहतर तालमेल बनाना वक्त की जरूरत है। एक और रणनीति यह है कि बच्चों को तकनीक का संयम से इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करें और इसे पढ़ने, बाहर खेलने और परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने जैसी अन्य गतिविधियों के साथ संतुलित करें। इस दिशा में निगरानी करने वाली सरकारी एजेंसियों की सजगता भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। यह एक गंभीर चुनौती है और इस चुनौती का गंभीरता के साथ सामना करने की जरूरत है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

### 'एक देश-एक चुनाव' बिल पर संयुक्त संसदीय समिति की पहली बैठक

# सदस्यों को मिली 18 हजार पन्नों की रिपोर्ट, प्रियंका ने पूछे सवाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** 'एक देश-एक चुनाव' के लिए संसद में पेश हुए 129वें संविधान संशोधन बिल पर बुधवार को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की पहली बैठक हुई। सांसदों को कानून मंत्रालय की तरफ से 18 हजार पन्नों की रिपोर्ट बैठक में दी गयी। भाजपा सांसद संबित पात्रा, आप सांसद संजय सिंह सहित कई सांसद यह रिपोर्ट सूटकेस में ले जाते दिखे। बैठक से बाहर निकलते सभी सांसदों के हाथों में बड़ी से सूटकेस ट्रॉली और एक छोटा सा बैग देखा गया, जिसमें ये रिपोर्ट रखी हुई थी।

बैठक में कानून मंत्रालय के अधिकारियों ने प्रस्तावित कानूनों के प्रावधानों पर प्रस्तुति दी। भाजपा ने बिल का समर्थन करते हुए कहा कि यह देशहित में है। वहीं, कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने इसे संविधान के मूल ढांचे के खिलाफ और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया। जेपीसी को बजट सत्र के पहले हफ्ते के आखिरी दिन तक अपनी रिपोर्ट संसद में पेश करनी है।

**प्रियंका ने पूछे सवाल:** बैठक के दौरान वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने इवीएम से लेकर चुनावी खर्चे तक जुड़े सवाल पूछे और एक देश-एक चुनाव की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े किये। उन्होंने जेपीसी से पूछा कि क्या लोकसभा और राज्य विधानसभाओं का चुनाव एक साथ कराना आर्थिक रूप से व्यावहारिक होगा और अगर हां, तो इस देशव्यापी महा-अभियान पर कितना खर्च होगा। कांग्रेस सांसद ने यह भी पूछा कि देश भर में एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने के लिए कितनी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (इवीएम) की जरूरत पड़ेगी।

बैठक में शामिल कांग्रेस के एक अन्य सांसद ने कहा कि एक देश, एक चुनाव संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन होगा, जिसे 1973 के केशवानंद भारती मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा था। इस ऐतिहासिक फैसले में शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया था कि संसद के पास संविधान में संशोधन करने की शक्ति है, लेकिन वह इसके मूल ढांचे को नहीं बदल सकती, जिसकी मूलभूत विशेषताएं लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, संघवाद और कानून का शासन हैं।

# पटरी पर लौट रहे रिश्ते, राजनाथ सिंह से मिले मालदीव के रक्षा मंत्री, मिला मदद का भरोसा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारत और मालदीव के रिश्ते एक बार फिर से पटरी पर लौट रहे हैं। मोहम्मद मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद से ही दोनों देशों के संबंधों में खटास आ गयी थी, लेकिन आर्थिक झटका लगने से शुरू हुए बुरे वक्त के बाद मालदीव बैकफुट पर आ गया। अब मालदीव सरकार के मंत्री भारत के चक्कर लगा रहे हैं। विदेश मंत्री के हालिया दौरे के बाद अब मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून भी भारत पहुंचे हैं। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। राजनाथ सिंह ने अपने समकक्ष के साथ प्रतिनिधि मंडल स्तर की बैठक में मालदीव के साथ संबंधों को गहरा करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की हाल की भारत यात्रा पर विचार करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, मुझे अक्टूबर 2024 में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की भारत की राजकीय यात्रा के दौरान आपके साथ हमारी संक्षिप्त मुलाकात याद है।

रक्षा मंत्री ने दोनों देशों के बीच स्थायी आध्यात्मिक, ऐतिहासिक, भाषाई और जातीय संबंधों पर जोर दिया और संबंधों को घनिष्ठ, सौहार्दपूर्ण और बहुआयामी बताया। राजनाथ सिंह ने कहा कि मालदीव भारत की पड़ोसी प्रथम नीति के तहत एक विशेष स्थान रखता है, जो क्षेत्रीय स्थिरता और समृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक रणनीतिक ढांचा है। उन्होंने कहा, मालदीव ने भारत की पड़ोसी प्रथम नीति के तहत एक विशेष स्थान प्राप्त किया, जिसका उद्देश्य हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि लाना है। हिंद महासागर में सुरक्षा बनाये रखने में दोनों देशों की साझा भूमिका पर प्रकाश डालते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, दोनों देश हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा और संरक्षा बनाये रखने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं, इस प्रकार वे क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास में योगदान करते हैं।

मालदीव के साथ भारत का मजबूत रक्षा सहयोग दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की बातचीत का एक और केंद्र बिंदु था। सिंह ने भारत द्वारा प्रस्तावित क्षमता निर्माण के अवसरों का भी जिक्र किया, जिसमें प्रशिक्षण कार्यक्रम, संयुक्त अभ्यास, कार्यशालाएं और रक्षा उपकरणों की आपूर्ति शामिल है। उन्होंने इस गति को बनाये रखने के महत्व पर जोर देते हुए कहा, भारत परियोजनाओं, उपकरणों और प्रशिक्षण के माध्यम से मालदीव और मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल को उनके क्षमता निर्माण प्रयासों में समर्थन देना जारी रखेगा। एक विश्वसनीय भागीदार और एक करीबी दोस्त के रूप में आश्वासन देता हूं कि भारत मालदीव की विकास आवश्यकताओं और उसके लोगों के कल्याण के लिए समर्थन करना जारी रखेगा।

**मालदीव के विदेश मंत्री ने भी की थी भारत की यात्रा**

बता दें कि रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब कुछ दिन पहले, मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने भारत की यात्रा की थी और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ व्यापक वार्ता की थी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तीन जनवरी को हुई बैठक में कहा था कि भारत की पड़ोस पहले नीति का मालदीव एक शानदार उदाहरण है और उन्होंने हिंद महासागर में स्थित इस द्वीप देश को नयी दिल्ली के सहयोग का वादा किया। उन्होंने कहा था, विभिन्न क्षेत्रों में हमारी भागीदारी बढ़ी है और भारत हमेशा मालदीव के साथ खड़ा रहा है। हमारे लिए,आपके साथ सहयोग हमारी पड़ोस पहले नीति का शानदार उदाहरण है। मालदीव, हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के प्रमुख समुद्री पड़ोसियों में से एक है और मालदीव में पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल के दौरान रक्षा सहित समग्र द्विपक्षीय संबंधों में वृद्धि देखी गयी।

# ट्रायल सफल, कटरा-बनिहाल के बीच तेज रफ्तार से दौड़ी ट्रेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कटरा।** जम्मू-कश्मीर में कटरा से बनिहाल तक भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रेन के सफल ट्रायल के साथ भारतीय रेलवे के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया। उत्तरी सर्किल के रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) दिनेश चंद देशवाल ने बुधवार को यह बात कही। देशवाल की इस टिप्पणी को कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच सीधी रेल सेवाओं की जल्द शुरुआत के लिहाज से एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। हालांकि यात्रियों को अभी थोड़ा इंतजार करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे आज दो-दिवसीय वैधानिक निरीक्षण पूरा होने के बाद जुटाये गये डाटा का विश्लेषण करेंगे, जिसके बाद ही केंद्र इस बहुप्रतीक्षित रेल सेवा को शुरू करने के बारे में कोई फैसला लेगा। कटरा रेलवे स्टेशन से रवाना तेज गति ट्रेन के सफलतापूर्वक बनिहाल पहुंचने के बाद मीडिया से मुखातिब देशवाल ने कहा कि उनकी टीम कटरा लौटेगी और कश्मीर के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने के संबंध में कोई निर्णय लेने से पहले सभी एकत्रित डाटा का विश्लेषण किया जायेगा। उन्होंने बताया, कटरा से बनिहाल तक भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में 180 डिग्री के कोण पर बढ़ते ट्रैक पर 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन के सफल परीक्षण ने रेलवे के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा है। परीक्षण सुचारू रहा। हम इससे पूरी तरह से संतुष्ट हैं। इसका श्रेय हमारे इंजीनियरों को जाता है।

# देश शोक मना रहा था, वे जश्न मनाने विदेश चले गये: शर्मिष्ठा

**राहुल गांधी पर प्रणब मुखर्जी की बेटी ने साधा निशाना**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी और कांग्रेस नेता शर्मिष्ठा मुखर्जी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की वियतनाम यात्रा की तीखी आलोचना की है। राहुल गांधी पर आरोप है कि उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन के कुछ ही दिनों बाद नये साल का जश्न मनाने के लिए विदेश यात्रा की। शर्मिष्ठा मुखर्जी ने एक इंटरव्यू में कहा, देश के एक साधारण, चिंतित नागरिक के रूप में मैं राहुल गांधी से यह सवाल करना चाहती हूं कि जब पूरा देश एक (पूर्व) प्रधानमंत्री के निधन पर शोक मना रहा था, जो कि उनकी अपनी पार्टी के स्तंभ थे, तब उन्हें नये साल का जश्न मनाने विदेश जाने की क्या जरूरत थी? 2004 से 2014 तक देश के प्रधानमंत्री रहे डॉ मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर को 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।

शर्मिष्ठा ने डॉ सिंह के अस्थि संग्रह और विसर्जन के समय कांग्रेस नेतृत्व की अनुपस्थिति पर भी सवाल उठाये। उन्होंने कहा, यह समय था, जब पार्टी को पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार के साथ मजबूती से खड़ा होना चाहिए था। जब मेरे पिता का निधन हुआ, तो मुझे पार्टी नेताओं से व्यक्तिगत संवेदनाएं मिलीं। उस समय कोविड महामारी थी, इसलिए कोई आने-जाने का प्रश्न नहीं था। लेकिन अब, जब कोई प्रतिबंध नहीं है, फिर भी कांग्रेस के किसी भी नेता ने अस्थि संग्रह संस्कार में भाग क्यों नहीं लिया?

राहुल गांधी की वियतनाम यात्रा पर उन्होंने सवाल किया, राहुल गांधी ने ऐसा समय क्यों चुना। उन्हें ऐसी स्थिति में विदेश जाने की क्या आवश्यकता थी। इस विवाद ने तब और तूल पकड़ा, जब भाजपा ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने डॉ मनमोहन सिंह का अपमान किया।

## ‘कॉफी विद एसडीएम’ थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के अभिभावकों ने रखी समस्याएं

# थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को गोद लेने के लिए आगे आये संस्था : एसडीओ

**बच्चों को खून उपलब्ध कराने की प्रक्रिया का हो सरलीकरण**

**डे केयर सेंटर तथा थैलेसीमिया कार्ड बनाने की दिशा में सदर अस्पताल करेगा पहल**




आजाद सिपाही संवाददता

**गढ़वा।** बुधवार को पूर्व निर्धारित समयानुसार आयोजित ‘कॉफी विद एसडीएम’ कार्यक्रम में गढ़वा क्षेत्र के थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के परिजनों के साथ अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के द्वारा संवाद किया गया। तकनीकी प्रकृति का विषय होने के कारण कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित एक्सपर्ट के रूप में गढ़वा जिले के सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ हरेन चंद्र महतो, अस्पताल प्रबंधक विकास केसरी तथा डीपीएम भी मौजूद रहे।

एसडीओ संजय कुमार के आमंत्रण पर अनुमंडल कार्यालय स्थित सभागार में आहूत इस विशेष कार्यक्रम में 41 ऐसे अभिभावक पहुंचे हुए थे, जिनमें से किसी का एक बच्चा तथा कुछ के दो या तीन बच्चे थैलेसीमिया से पीड़ित हैं। कल 50 बच्चों के अभिभावकों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखते हुए जिले में रक्त कोष प्रबंधन को लेकर अपने कई अहम सुझाव दिये।

**रक्त की उपलब्धता की जानकारी हर समय सूचना पट पर प्रदर्शित हो :** अभिभावकों की समस्याओं को सुनने के क्रम में सिविल सर्जन ने जानकारी दी कि ब्लड बैंक में किसी दिन किस ब्लड ग्रुप की कितनी उपलब्धता है इसे ऑनलाइन देखा जा सकता है, इस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि गांव देहात के आये लोगों के सूचनार्थ हर समय रक्त उपलब्धता की करेंट जानकारी ब्लड बैंक के बाहर ब्लड ग्रुप के अनुरूप एक सारणी में भी प्रदर्शित करवायें।

**थैलेसीमिया डे केयर सेंटर तथा थैलेसीमिया कार्ड हेतु होगी पहल:** उक्त संवाद के दौरान ही सिविल सर्जन तथा उपाधीक्षक ने अनुमंडल पदाधिकारी तथा बच्चों के परिजनों के बीच जानकारी दी कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को प्राथमिकता के आधार पर स्वास्थ्य सेवायें मिल सकें, इसको लेकर सदर अस्पताल थैलेसीमिया डे केयर सेंटर तथा थैलेसीमिया कार्ड जैसी पहल शीघ्र करेगा।

सिविल सर्जन ने बताया कि सभी लोग अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना में गोल्डन कार्ड के लिए जरूर अप्लाई कर दें, इस योजना में 5 लाख से लेकर 20 लाख तक की सहायता का प्रावधान है।

संजय कुमार ने कहा कि गढ़वा के स्वैच्छिक रक्तदाता और कई गैर सरकारी संस्थाएं रक्तदान को लेकर बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, वे चाहें तो कम से कम एक-एक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे को रक्त उपलब्ध करवाने हेतु गोद ले सकते हैं।

संवाद के क्रम में कई अभिभावकों ने अपनी पीड़ा को भी बयां किया। गढ़वा के बघमार निवासी कुलदीप पाल ने बताया कि थैलेसीमिया से उनकी छह संतानों का निधन हो चुका है, अब एक मात्र सातवीं संतान के रूप में बेटी है जो खुद भी थैलेसीमिया से पीड़ित है, वे इसे खोना नहीं चाहते हैं।

### ब्लड बैंक के काउंसलर के व्यवहार को लेकर मिली शिकायतें

बैठक में मौजूद लगभग सभी अभिभावकों ने सदर अस्पताल के ब्लड बैंक के काउंसलर के व्यवहार की शिकायत की। सभी का आरोप था कि ब्लड बैंक काउंसलर कभी ढंग से बात नहीं करते हैं और न ही रक्त कोष की उपलब्धता की सही-सही जानकारी देते हैं। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने बैठक में मौजूद सिविल सर्जन तथा उपाधीक्षक से आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

### जिले के रक्तदाताओं से की गयी अपील

कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों तथा पदाधिकारियों ने जिले के रक्तदाताओं का आभार प्रकट करते हुए उनसे भविष्य में भी रक्तदान के रूप में इसी प्रकार अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देते रहने हेतु अपील की।

# एसपीडी कॉलेज की सिमरन नेशनल यूथ फेस्टिवल में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पेंटिंग प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयनित सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज, गढ़वा एनएसएस की छात्रा सिमरन सोनी नयी दिल्ली में 10 से 12 जनवरी तक आयोजित 28वीं नेशनल युथ फेस्टिवल में भाग लेने के लिए मंगलवार को रांची के लिए रवाना हो गयी। महाविद्यालय के एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी प्रो कमलेश सिन्हा और महाविद्यालय के शिक्षक डॉ उमेश सहाय ने सिमरन को शुभकामनाएं देते हुए दिल्ली के लिए रवाना किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. निकलेश चैबे ने सिमरन के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उसे शुभकामनाएं दी। इस संबंध में जानकारी देते कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो सिन्हा ने बताया कि नेशनल युथ फेस्टिवल के लिए जिला स्तर पर सिमरन सोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रमंडल स्तर के प्रतियोगिता के लिए चयनित हुयी थी। प्रमंडल स्तर पर उसने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा राज्य स्तर के लिए चयनित हुई। पुनः राज्य स्तर पर आयोजित पेंटिंग की प्रतियोगिता में सिमरन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सिमरन के इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के शिक्षकों ने उसे बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। बधाई देने वालों में प्रो परवेज आलम, प्रो विवेकानंद उपाध्याय, डॉ अरविंद गुप्ता, डॉ बिनोद द्विवेदी, डॉ अरुण कुमार तिवारी, प्रो धीरेंद्र मिश्रा, प्रो भरत उपाध्याय, प्रो संजय केशरी, प्रो शबनम, डॉ शारदा कुमारी आदि के नाम शामिल हैं।

# मंईयां सम्मान योजना के नाम पर धोखा दे रही है सरकार : रितेश चौबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने झामुमो सरकार पर महिलाओं को मंईया सम्मान योजना के नाम पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि झामुमो ने विधानसभा चुनाव में 18 से 49 वर्ष की सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत 2500 रुपये प्रति माह देने का वादा किया था लेकिन हेमंत सरकार ने बस कुछ ही महिलाओं को मंईयां सम्मान का राशि दिया, बाकी बड़े पैमाने पर महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना का लाभ नहीं मिला। यह सीधी तौर पर महिलाओं के साथ भारी धोखा है। उन्होंने कहा कि झामुमो ने वोट लेने के उद्देश्य से महिलाओं को विधानसभा चुनाव में बरगलाने का काम किया, लेकिन सत्ता मिलने के बाद तरह-तरह का नियम लगा कर बड़े पैमाने पर महिलाओं का नाम मंईयां सम्मान योजना से हटा दिया गया। आखिर जब सबको नहीं देना था, तो चुनाव में सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना का लाभ देने का वादा क्यों किया गया था। यह जनभावनाओं का अपमान और महिलाओं के साथ भारी छलावा है। वहीं युवाओं को भी पांच से सात हजार रुपये महिना बेरोजगारी भत्ता देने का वादा झामुमो ने 2019 के विधानसभा चुनाव में किया था वह भी अब-तक नहीं मिला है। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा नेता संजय जायसवाल नवीन जायसवाल सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेजा

गढवा (आजाद सिपाही)। जिले के रमकंडा के जंगली इलाके में पिछले दिन मवेशी (बकरी) चराने गयी एक महिला एक साथ हुई दुष्कर्म के प्रयास की घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में बुधवार को गढ़वा भेज दिया। इसकी जानकारी देते हुए रमकंडा थाना प्रभारी सुरेद्र सिंह कुंटीया ने बताया की पीड़ित के पति के द्वारा दिये गये आवेदन व पीड़ित महिला के बयान के आधार में थाने में मामला दर्ज कर बुधवार को रमकंडा के पथलादामर टोला निवासी आरोपी शिवपूजन भुईया के 29 वर्षीय पुत्र के उदय भुईयां को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया गया है। आपको बताते चले कि पिछले दिन बेहोशी की हालत में एक 26 वर्षीय महिला के साथ जबरन दुष्कर्म कर हत्या की प्रयास किया गया था। वहीं इस मामले में पीड़िता के पति अजय सिंह ने रमकंडा थाने में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी थी। वहीं इस मामले में रमकंडा पुलिस ने कांड संख्या 01/25 दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी।

# महिलाओं से चुनाव में लिया काम, अभी तक नहीं मिला पारिश्रमिक का कोई भी भुगतान

आजाद सिपाही संवाददाता


चुनाव ड्यूटी करने वाली महिला शिक्षक।

**कांडी।** काम करने वाले का पसीना सूखने से पहले उसकी मजदूरी मिल जानी चाहिए, लेकिन यहां काम करने के 57 दिन के बाद भी मजदूरी का कहीं अता-पता नहीं है। यह मामला है पलामू और गढ़वा जिले में बंटे 77 विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र का। यह एक प्रसिद्ध दार्शनिक का कहा हुआ है कि काम करने वालों को उसकी मजदूरी तुरंत मिल जानी चाहिए, लेकिन यहां एक मामला प्रकाश में आया है कि 77 विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में बिल्कुल शॉर्ट नोटिस पर महिलाओं से चुनाव में काम लिया गया है। लेकिन उस काम के एवज में उन्हें एक महीना 27 दिन बीत जाने के बाद भी पारिश्रमिक का कोई भुगतान नहीं किया गया। काम भी वैसा लिया गया कि महिलाओं से भी ड्यूटी ली जायेगी, इसकी कभी कोई सूचना उन्हें नहीं दी गयी। इतना ही नहीं चुनाव कर्मियों को संबंधित कार्य का कई बार प्रशिक्षण दिया जाता है। लेकिन इन महिला शिक्षिकाओं को एक दिन भी कोई प्रशिक्षण नहीं दिया गया। लेकिन अंतिम क्षणों में 12 नवंबर के दोपहर बाद 2 - 3:00 बजे मोबाइल फोन पर सूचना दी गयी कि आपकी भी चुनाव में ड्यूटी लगी है। अमुक प्रखंड में तत्काल ज्वॉइन करें। अभी स्थिति ऐसी थी कि वहां पहुंचने का भाड़े का कोई साधन उपलब्ध नहीं था। किसी तरह महिला शिक्षिकाओं ने गाड़ी रिजर्व कर करके संबंधित प्रखंड में देर शाम तक जा जाकर ज्वाइन किया। इस प्रकार पर्दा नशीन 28 मतदान केदों पर 56 महिला मतदान पदाधिकारी ने उक्त केंद्रों पर पूरे दिन ड्यूटी की। सभी 70 महिला मतदान कर्मियों को अगली सुबह मॉक पोल से 1 घंटा पहले उन्हें मतदान केंद्र पर पहुंच जाना था। उन्होंने ऐसा ही किया भी, पर पूरे दिन मतदान केंद्र पर ड्यूटी कर-के कुछ महिलाएं देर रात तक घर पहुंच पायीं। शेष को प्रखंड मुख्यालय में ही रुक जाना पड़ा। वर्तमान स्थिति यह है कि अभी तक इस कार्य के एवज में सरकार के द्वारा निर्धारित पारिश्रमिक का उनका भुगतान नहीं किया गया है। अंत में इस संबंध में कई शिक्षिकाओं ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इस समस्या का समाधान कराने में वह मीडिया का सहयोग लेना चाहती हैं। स्थानीय स्तर पर बात करें तो कांडी प्रखंड से 8 शिक्षिकाओं की ड्यूटी लगी थी। जिनमें से 6 को प्रति महिला 1500 रुपये अपने पॉकेट से बीडीओ ने 7 जनवरी को भुगतान किया है। जबकि मझिआंव और बरडीहा प्रखंड में ड्यूटी करने वाली 26 महिला शिक्षिकाओं और कांडी की शेष दो शिक्षिकाओं का भुगतान लंबित पड़ा है।

### क्या कहा जिला चुनाव पदाधिकारी पलामू ने

इस विषय में पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी प्रभारी उदय रजक ने कहा कि भुगतान के विषय में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी उदय रजक ने कहा कि वह सहायक निर्वाचन पदाधिकारी और ड्यूटी करने वाली महिलाओं के विभाग से डिटेल मंगायेंगे, इसके बाद भुगतान करने का प्रयास किया जायेगा।

# प्लांट कटिंग के विरोध में विस्थापित संघर्ष समिति का 17वें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** एशिया के सबसे बड़े क्रशिंग प्लांट की नीलामी के बाद हो रही प्लांट की स्क्रैप कटिंग के विरोध में विस्थापित संघर्ष समिति के नेतृत्व में मजदूरों का धरना प्रदर्शन 17वें दिन भी जारी रहा। सर्दी के मौसम में पड़ रही कड़ाके की ठंड में, सेल के प्रशासनिक भवन के समक्ष बुधवार को महिला प्रदर्शनकारी भी अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर धरने पर डटे हुए हैं। धरना प्रदर्शन की नेतृत्व कर रही महिलाएं अपने अपने हाथों में विस्थापितों का हक देना होगा, देना होगा, सेल की मनमानी नहीं चलेगी, मजदूरों का बकाया मजदूरी भुगतान करो, भुगतान करो, एशिया का सबसे बड़े क्रेसिंग प्लांट कटिंग का कार्य बंद करो, बंद करो आदि स्लोगन लिखे हुए धरना स्थल पहुंची, तथा पूर्व से धरने पर बैठे विस्थापित संघर्ष समिति को अपना समर्थन दिया। इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, पूर्व विस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह विस्थापि संघर्ष समिति के संरक्षक सुशील चौबे, वीरेंद्र साह, नंदलाल पाठक, रामविजय साह, दीपक जायसवाल, धर्मेंद्र गुप्ता, ददुली साह शंभू राम, शनीचर अगरिया, रीना देवी, सोनी देवी, प्रियंका देवी, सरिता देवी, अंजू देवी, गीत देवी, कौशल्या देवी सहित कई लोगों उपस्थित थे।

## गरीब असहायों के बीच 150 कंबल का वितरण



रंका (आजाद सिपाही)। कड़ाके की ठंड के ठिठुरन से बचाव हेतु रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय स्थित रंकाकला पंचायत सचिवालय में मंगलवार को पंचायत और वार्डों के गरीब, असहाय, बृद्ध महिला-पुरुषों के बीच मुखिया रणजीत सोनी, उपप्रमुख अनुभा सिंह और पंचायत सचिव सोनी कुमारी ने संयुक्त रूप से 150 कंबल का वितरण किया। इस अवसर मुखिया रणजीत सोनी ने बताया कि बढ़ते हुए ठंड के प्रकोप और शित लहर से गरीबों को काफी परेशानी होती है। इसलिए हम लोग कंबल का वितरण कर रहे हैं। पंचायत सचिव सोनी कुमारी ने बताया कि सरकार के द्वारा रंकाकला पंचायत को 150 कंबल मिला है। जिसका वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर उपप्रमुख अनुभा सिंह, वार्ड दिनेश चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# धार्मिक नाटक मंचन के आयोजन से धर्म के प्रति आस्था जगती है : थाना प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** रमना प्रखंड मुख्यालय स्थित दुलारी कॉलेक्स के प्रांगण में प्रयागराज से चल के आये कलाकारों के द्वारा दस दिवसीय संगीतमय रामलीला नाटक मंचन का आयोजन का शुरूआत थाना प्रभारी आकाश कुमार, समाजसेवी पारसनाथ ठाकुर, बबलू गुप्ता, दिनेश गुप्ता, टुनटुन सोनी, जितेंद्र गुप्ता ने सामूहिक रूप से फीता काटकर व श्री राम व लक्ष्मण जी के पूजा पाठ व नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थाना प्रभारी आकाश कुमार ने कहा कि इस तरह के धार्मिक नाटक मंचन के आयोजन से धर्म के प्रति आस्था जगती है। वहीं रामायण मंडल का संचालन राजकुमार चौरसिया ने कहा कि 15 जनवरी तक या नाटक मंचन रमना ग्राम वासियों को दिखाया जायेगा।

## कांडी में वाहन जांच अभियान चलाया गया

कांडी (आजाद सिपाही)। पुलिस ने कांडी में बुधवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में हेलमेट, वाहन के आवश्यक कागजात की जांच की गयी। इस जांच में 17 दुपहिया वाहन जब्त किये गये। थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बुधवार को वाहन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें 17 दुपहिया वाहन जब्त किया गया और सभी का चालान काट दिया गया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में सिदो-कान्हू कृषि और वनोपज जिला सहकारी संघ की निदेशक पर्षद बैठक संपन्न



गढ़वा (आजाद सिपाही)। बुधवार को उपायुक्त-सह-अध्यक्ष सिद्धो-कान्हो कृषि और वनोपज जिला सहकारी संघ लि0 शेखर जमुआर की अध्यक्षता में सिद्धो-कान्हो कृषि और वनोपज जिला सहकारी सघं लि0 गढ़वा के निदेशक पर्षद की बैठक नये समाहारणलय सभागार में की गयी। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही को संपुष्ट करने, जिला सहकारी संघ के उप विधि के अनुसार बैंक खाता का संचालन करने, वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 तक का अंकेक्षण करने, वनोपज जिला सहकारी संघ लि0 गढ़वा का वित्तीय वर्ष 2024-25 का स्थापना बजट तैयार करने समेत विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस दौरान उपायुक्त ने सभी सक्षम पैक्सों/ एमपीसीएस को सदस्य बनाने हेतु विशेष अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ अंशुमन राजहंस, जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, सभी निर्वाचित निदेशक पर्षद, सभी नामित/ निर्वाचित निदेशक समेत अन्य मौजूद रहें।

## शेख भिखारी का शहादत दिवस मनाया गया




रंका (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के बैनर तले बुधवार को महान स्वतंत्रता सेनानी शेख भिखारी अंसारी का शहादत दिवस युवा प्रदेश अध्यक्ष फिरोज अंसारी के गढ़वा झलुआ स्थित आवास पर मनाया गया। इस कार्यक्रम में शेख भिखारी अंसारी की जीवनी और उनके बलिदानों को याद करते हुए सभी वक्ताओं ने बारी बारी से अपनी बात रखी तथा उनके आदर्शों को अपनाने पर बल दिया गया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष खालिद अंसारी, संगठन सचिव जमील अंसारी, शमशाद अंसारी, केतार प्रखंड अध्यक्ष अल्ताफ अंसारी, फुजैल, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष शाहिद, बशीरुद्दीन, खुर्शीद अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता बालिका वर्ग में

# शांति निवास और बीएनटी संत मैरी ने अपने-अपने मैच जीते

**लड़कियों के लिए इतनी बड़ी प्रतियोगिता अब तक नहीं देखाः डीएसओ**

**लड़कियों के लिए यह आयोजन मिल का पत्थर साबित होगीः महिला थाना प्रभारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में खेले जा रहे 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 23वें दिन बालिका वर्ग का उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार और महिला थाना प्रभारी अलीशा राज ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और बल्लेबाजी कर के किया। इस मौके पर पदाधिकारी दिलीप कुमार ने कहा कि खेल के लिए तीन चीज को ध्यान में रखना होगा। पहला फिजिकल, दूसरा तकनीक, एस्टेटिक को ध्यान रखना होता है और जिस खिलाड़ी में यह तीन चीज होगी, वह सभी क्षेत्र में बेहतर करेंगे। उन्होंने कहा कि खेल में करियर है। मेरी यह पांचवीं नौकरी है, और अब तक मैंने सभी नौकरी को खेल के जरिये ही हासिल किया हूं, इसलिए स्कूली बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ अनवरत खेलना भी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि जो भी लड़कियां बैडमिंटन, फुटबॉल, जीम करना चाह रही है वे लोग खेलने जरूर आयें। उन्हें सभी तरह की सुविधा प्रदान की जायेगी। महिला थाना प्रभारी अलीशा राज ने कहा कि उक्त प्रतियोगिता का आयोजन करने वाली समिति की जितनी भी सराहना की जाये वो कम है। क्योंकि लड़कों के लिए तो कई प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं लेकिन स्कूली लड़कियों के लिए यह आयोजन निश्चित रूप से मिल का पत्थर साबित हो रहा है। साथ ही कहा कि खेलने से केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक विकास भी होता है। डॉ कुलदेव ने कहा कि मेहनत की बदौलत आगे बढ़ें, खेल में हार जीत लगी रहती है, प्रदर्शन को लोग याद रखते हैं। बेटी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। आप खेल में भी पीछे नहीं रहें। बालिका वर्ग के उद्घाटन मैच में शांति निवास ने ज्ञान भारती को 19 रन से हराकर पूरे अंक अर्जित किया। दूसरे मैच में बीएनटी संत मैरी ने ज्ञान निकेतन बेलचंपा को एक विकेट से हराया। मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कर रिमझीम ओर रागिनी को डॉ कुलदेव ने प्रदान किया। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी, अभिषेक द्विवेदी, मनीष उपाध्याय, अभय दुबे, मनोज, प्रिंस, नमन, बाल मुकुंद, मुकेश तिवारी, नैतिक, रोहित शामिल थे।

## वैदिक ज्ञान पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। आर्य प्रतिनिधी सभा ट्रस्ट द्वारा संचालित वैदिक ज्ञान पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यालय में कक्षा शिशु से लेकर कक्षा आठ तक की सफल संचालन हेतु विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष गुप्तेश्वर प्रसाद, सचिव डॉ स्कंद कुमार भारती तथा निदेशक वेद प्रकाश आर्य का चयन किया गया। इस मौके पर डॉ. आरएस दास, डॉ आरएल गुप्ता, सीताराम पाठक, जीवधन साह, पारसनाथ साह, भृगुण ठाकुर, लालचंद राम, डॉ, बृजनाथ आर्य, राजमोहन यादव, बजरंगी साह, मनदीप सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## घर के बाहर से बाइक चोरी, कार्रवाई की मांग

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र में वाहन चोर गिरोह का आतंक बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला पाल्हे कलां गांव निवासी अजीत कुमार चौबे का है, जिनकी हीरो पैशन एक्स प्रो (JH 03 E 8365) बाइक सोमवार रात उनके घर के बाहर से चोरी कर ली गयी। पीड़ित अजीत कुमार चौबे ने बताया कि उन्होंने अपनी बाइक को रोज की तरह सोमवार शाम 7:00 बजे घर के बाहर हैंडल लॉक कर खड़ा किया था। लेकिन मंगलवार सुबह जब वे 4:00 बजे उठे और बाहर देखा, तो उनकी बाइक गायब थी। घटना के बाद उन्होंने आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। थक-हार कर उन्होंने नगर ऊंटारी थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी और पुलिस से बाइक बरामद करने के साथ-साथ चोर गिरोह के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 09 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



## डीडीसी ने विकास योजनाओं का किया निरीक्षण



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने जिला परिषद विभाग से निर्मित सेन्हा राइस मिल एवं कलेहपाट गांव में पीसीसी पथ निर्माण का निरीक्षण किया। प्रखंड क्षेत्र के मुरकी तोड़ार पंचायत में मनरेगा योजना से हो रहे कार्य बागवानी, ट्रेंच कटिंग, कूप निर्माण एवं अबुआ आवास योजनाओं का निरीक्षण करते हुए कार्य में प्रगति लेन के लिये प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मु को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि मनरेगा योजना कार्य में अधिक से अधिक मजदूरों को काम देने और ससमय योजना को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीआरओ सुजीत उरांव, वंदना कुमारी, आरती चेरमाको सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चोरी की घटना का उद्भेदन नहीं होने के विरोध में स्वर्णकारों ने अपनी दुकानें रखी बंद



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय मुख्य बाजार में स्वर्णकार संघ के नेतृत्व में बुधवार को स्वर्णकार की दुकानें चोरी मामले का उद्भेदन नहीं होने के विरोध में सभी दुकानें बंद रही। जानकारी के अनुसार चार दिसंबर की मध्य रात्रि बरवाडीह बाजार के प्रमुख ज्वैलरी प्रतिष्ठान मां मनसा अलंकार और मुन्नी लाल अलंकार में हुई डेढ़ करोड़ से अधिक की संपति चोरी की भीषण घटना के एक माह बीत जाने के बाद भी चोरी की घटना का उद्भेदन नहीं होने दुकानदारों में आक्रोश व्याप्त है। इससे पूर्व दुकानदारों ने रविवार को अनिल सोनी की अध्यक्षता में सिटी मॉल में बैठक कर मामले का अब तक उद्भेदन नहीं होने पर रोष जताया था। बुधवार को स्वर्णकार संघ के नव मनोनीत अध्यक्ष शंकर प्रसाद सोनी और अन्य स्वर्ण व्यवसायियों के नेतृत्व में काला बिल्ला लगाकर मामले का विरोध करते हुए पुलिस प्रशासन से चोरी की घटना में शामिल अपराधियों को अविलंब गिरफ्तारी की मांग करते हुए पूरे दिन अपनी अपनी दुकानें बंद रखी। चोरों की घटना में शामिल चोर अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर रहने पर स्वर्णकार संघ समेत अन्य सभी व्यवसायियों में भी नाराजगी व्याप्त है। मौके पर शिव शंकर सोनी, पंकज कुमार सोनी, पवन सोनी, रितेश कुमार सोनी, मनोज कुमार सोनी, मनीष सोनी, अमित सोनी, विक्रम सोनी, श्रवण सोनी, शशि कांत सोनी, प्रभु सोनी, राजीव सोनी, सुदामा सोनी,सौरभ सोनी, देव सोनी समेत सभी स्वर्णकार दुकानदार शामिल थे।

## एमएचपीवी के बचाव संबंधी दिये दिशा-निर्देश

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आईसीएमआर द्वारा भारत में भी ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस (एमएचपीवी) के मामले चिन्हित किये गये हैं। ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस (एमएचपीवी) एक एमआरएनए वायरस है जो न्यूमोविरिडे फैमिली से है। इस वायरस का एंटी वायरस मेडकेसन या टीका तत्काल उपलब्ध नहीं है। इस बीमारी का इलाज लक्षणात्मक है एवं कोरोना वायरस की तरह बचाव ही इसका ईलाज है। इसके लक्षण सर्दी, खांसी, जुकाम, सांस फूलना एवं बुखार की भांति कही होती है। गंभीर मामलों में ब्रोंकाइटिस और न्यूमोनिया भी हो सकती है। इसके लिए नियमित हाथ की सफाई का विशेष ध्यान रखे, खांसते/छींकते समय नाक-मुंह को ढकना, पौष्टिक आहार एवं पर्याप्त मात्रा में पेय पदार्थ का सेवन और पर्याप्त नींद लें एवं फ्लू (सर्दी, खाँसी, बुखार) के लक्षण दिखने पर चिकित्सकीय सलाह लें। वही भीड़-भाड़ वाले जगह पर अनावश्यक न जाये, सर्दी, खांसी, जुकाम, सांस फूलना एवं बुखार की स्थिति में अनावश्यक लोगों से न मिलें। खुले जगह/ आम जगह पर न थूकें और बार-बार आंख, नाक, मुंह को न छुएं। स्वयं दवा लेने से बचें। उक्त जानकारी असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा डॉ शंभूनाथ चौधरी द्वारा दी गयी।

# घर में आग लगने से 90 हजार नगद समेत लाखों का समान जलकर राख

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा बांध टोली निवासी सरिता देवी पति भूखन महतो के खपरैल मकान में गैस सिलेंडर में चूल्हा जलाने के समय आग लग गया। जिसके बाद आग पूरे घर को लपेट में ले लिया जिससे घर में अलग अलग प्लास्टिक की थैली में 50 हजार और दो जगह 20 हजार एवं 20 हजार रखा नगद कुल 90 हजार रुपये नगद सहित 12 बोरी चावल कपड़ा जेवरात मोबाइल एवं जमीन संबंधित कागजात आधार कार्ड, बैंक पास बुक, सिलाई मशीन बच्चों का मैट्रिक इंटर पार्ट 1 का कागजात आदि लाखों रुपये की सम्पति जल कर राख हो गया। परिवारिक सूत्रों द्वारा बताया गया कि नाश्ता बनाते समय गैस खोलने पर गैस सेलेंडर में आग लग गया। जिसके डर कर घर से सभी बाहर निकल गये और गैस सिलेंडर फटने के डर से बस्ती के लोग तीन मीटर दूर तक भाग गये। आग की लपटें देख किसी को हिमत नहीं हो रहा था। कुछ मीडिया कर्मी द्वारा बालू के सहायता से गैस स्लेंडर में बालू डाल कर आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा था। तभी अग्निशमन दल पहुंच कर आग पर पूर्ण रूप से काबू पाया और अगल बगल के अन्य मकानों को जलने से बचाया गया। वही सीओ मो मुदस्सर नजर मंसूरी ने कहा कि सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे। अग्निशमन दल में अनिल कुमार दास, मनीष कुमार शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# एसएसबी ने मानव चिकित्सा शिविर का किया आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सशस्त्र सीमा बल किस्को तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को द्वारा संयुक्त रूप से मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन बुधवार को किस्को प्रखंड के सेमरडीह में किया गया। मानव कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत राजेश सिंह, कमांडेंट 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सिलम गुमला के मार्ग निर्देशन में सेमरडीह में जी समवाय सशस्त्र सीमा बल किस्को के कंपनी कमांडर ज्ञानेश्वर सिंह सहायक कमांडेंट के नेतृव में मानव चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. हिमांशु गिरी सहायक कमांडेंट, 32 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के माथ डॉ. प्रियंका, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद किस्को के द्वारा सेमरडीह, वाणपुर, डटमा और आस पास के लगभग 100 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच किया गया और साथ ही निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर ज्ञानेश्वर सिंह, सहायक कमांडेंट जी समवाय सशस्त्र सीमा बल किस्को ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल समय समय पर अपने आदर्श वाक्य 'सेवा सुरक्षा व बंधुत्व को चरितार्थ करते हुए ग्रामवासियों की मदद और युवाओ के उत्थान हेतु जन कल्याण कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। ताकि क्षेत्र के पिछड़े व वंचित लोगों को जन-सुविधाओ का लाभ पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम में उपनि सुमन मिंज थाना प्रभारी किस्को, खरकी पंचायत के मुखिया चांदमनी उरांव, प्राथमिक विद्यालय सेमरडीह के प्रधानाचार्य और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# अवैध बंगला ईंट-भट्ठा के कारोबार पर प्रशासन मौन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** राज्य सरकार अवैध खनन को रोकने के लिए टास्क फोर्स बनाई है। आए दिन खनन विभाग द्वारा अवैध खनन की छापामारी की जा रही है ,वहीं बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के बरवाडीह, मंगरा, मुर्गिडीह,छेचा केचकी, लुहुर,मिठहा, छिपादोहर, केड, लात, हरातू, चुंगरु, सहित विभिन्न गांवों में अवैध उत्खनन कर बांग्ला ईंट भट्ठा लगाया जा रहा है। बांग्ला ईंट भट्ठा के नाम पर सरकार के राजस्व को चूना लगाया जा रहा है। अधिकारियों की मिलीभगत से विभिन्न जगहों पर अवैध रूप से बांग्ला ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है। बिना किसी रोक टोक के धड़ल्ले से चलाए जा रहे हैं। बांग्ला ईंट भट्?ठा लगाने की अनुमति निजी काम की शर्त पर दिया जाता है, लेकिन इसका व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है। इससे सरकार को राजस्व की हानि के साथ साथ इसे पकाने के दौरान निकल रहे धुआं से प्रदूषण भी बढ़ रहा है। वहीं नदियों का दोहन भी हो रहा है अवैध बंग्ला भट्ठा लगाने के लिए व ईंट पकाने के लिए जंगलों से पेड़ो की भी अवैध कटाई हो रही है। बावजूद इसके इसे रोकने के लिए प्रशासन गंभीर नहीं है। बांग्ला ईंट भट्ठों के संचालक पर्यावरण एवं श्रम कानून को भी धत्ता बता रहे हैं। इनके पास न तो पर्यावरण विभाग की एनओसी है और न ही ईंट भट्ठा का लाइसेंस।

### मामले पर क्या कहते हैं सीओ मनोज कुमार

अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि ईंट भट्ठा चलने और अवैध ढंग से ईंटो का निर्माण होने के बारे में कुछ सूचना मिल रही है। जिला से भी इस बारे में रिपोर्ट मांगी गई है। उन्होने बताया कि राजस्व उपनिरीक्षक,चौकीदार और अमीन से इसकी रिपोर्ट मांगी गई है, लेकिन अब तक रिपोर्ट प्राप्त नही हो पाई है। वह अपने स्तर से भी ईंट भट्ठा और ईंट निर्माण के बारे में रिपोर्ट ले रहे हैं। बिना चालान रसीद के ईंट बिक्री होने के बारे में भी पता लगाया जा रहा है। उसकी भी जांच की जा रही है।

## भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : विंदेश्वर उरांव



**कैरो (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान के अंतर्गत बुधवार को कैरो मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो की अगुवाई में प्रखण्ड के सढ़ाबे और हनहट पंचायत के सभी बूथों में विशेष सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान 80 लोगों को सदस्य बनाया गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉक्टर विंदेश्वर उरांव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, देश की जनता का विश्वास भारतीय जनता पार्टी पर है जिसके कारण ही देश 2014 से लगातार सत्ता में है। हमारी पार्टी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास पर भरोसा करती है। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर है,देश का मान सम्मान अंतराष्ट्रीय स्तर पर बढा है। पार्टी के नीति सिद्धान्त से प्रभावित होकर लोग पार्टी से जुड़ रहें है। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने कहा कि पार्टी संगठन के निदेर्शानुसार पूरे जोर शोर से सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है हमसब मिलजुलकर अपने लक्ष्य को पूरा कर ही लेंगे सदस्यता अभियान में प्रदेश, जिला प्रखंड व पंचायत स्तरीय पार्टी पदाधिकारियों का पूरा सहयोग मिल रहा है। मौके पर बजरंग उरांव और प्रदीप लोहरा आदि उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित




**लोहदरगा (आजाद सिपाही)।** लोहदरगा सदर प्रखंड सभागार में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सभी कार्यालयों के कर्मचारियों ने भाग लिया और सड़क सुरक्षा के महत्व को समझने के साथ-साथ शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला और उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश दिया गया कि सड़क पर अनुशासन और नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। ऱसड़क सुरक्षा, जीवन की रक्षा जैसे प्रेरक नारे लगाये गये और सभी ने सुरक्षित और जिम्मेदार यातायात व्यवहार अपनाने की शपथ ली। इस अवसर पर लोहरदगा ब्लॉक के अधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर सभी को जिम्मेदार बनना होगा। यह हमारी और हमारे समाज की सुरक्षा से जुड़ा हुआ विषय है। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों के शपथ लेने के साथ हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में लोहरदगा प्रखंड विकास पदाधिकारी ठाकुर गौरी शंकर शर्मा, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन अमृतेश्वर गिरी, आरइए कृष्ण कुमार गुप्ता समेत सड़क सुरक्षा के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## पेड़ से टकरायी स्कार्पियो, अधेड़ घायल




**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा-लोहरदगा मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के सेगरा टोली के समीप स्कॉर्पियो के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक अधेड़ घायल हो गया है। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। बता दें कि रांची लालगुटवा निवासी स्वर्गीय रामचंद सिंह के पुत्र सुरेंद्र सिंह (50 वर्ष) अपने किसी काम को लेकर लोहरदगा से रांची अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा में एक पेड़ को टक्कर मार दिये। गाड़ी की टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो का एयर बैग खुल गया। इससे रामचंद्र सिंह बाल-बाल बच गये।

## कोल्हान की खबरें

# भाजपा आंतरिक लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली पार्टी : अमरप्रीत सिंह काले

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बुधवार को भाजपा जुगसलाई मंडल के तहत गौशाला चौक पर मंडल अध्यक्ष हेमेंद्र जैन के नेतृत्व में विशेष सदस्यता अभियान चलाया गया। इस अभियान में सैंकड़ों लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की ऑनलाइन प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले और वरिष्ठ नेता ललन चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, जो आंतरिक लोकतंत्र में विश्वास रखती है। इस अभियान का उद्देश्य हर वर्ग और हर व्यक्ति को भाजपा के साथ जोड़ना है। कार्यकर्ताओं को अपने पूरे सामर्थ्य और निष्ठा के साथ घर-घर संपर्क कर इस अभियान को सफल बनाना चाहिए। ललन चौहान ने कहा कि इस अभियान का लक्ष्य पुराने सदस्यों के साथ-साथ नए मतदाताओं को भी जोड़ना है। जब हर वर्ग से लोग भाजपा के साथ जुड़ेंगे, तभी यह अभियान सार्थक होगा। जिला महामंत्री अनिल मोदी ने कहा कि इस अभियान को जुगसलाई के सभी बूथों और शक्ति केंद्रों पर चलाया जायेगा ताकि मंडल सदस्यता अभियान में शीर्ष स्थान हासिल कर सके। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अनिल मोदी, प्रकाश जोशी, नागेंद्र पांडेय, चंद्रशेखर दास, गणेश रविदास, पिंटू सैनी, उपेंद्र चतरथ, सुंदर गुप्ता, रविंद्र भाटिया, मनीष जोशी, सुनील साहू, विकास सिंह, अनूप खां समेत कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सिटी एसपी से मिले एसबीआइ एटीएम के सुरक्षाकर्मी, न्याय की लगायी गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बीते दिनों एसबीआई एटीएम के सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट के मामले को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल सिटी एसपी से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा।

बुधवार को सुरक्षाकर्मियों ने मारपीट के मामले में सिटी एसपी से न्याय की गुहार लगाया। उन्होंने कहा डब्ल्यूडब्ल्यूएसओ कंपनी के अधीन एसबीआइ एटीएम के सुरक्षा कर्मी का काम करते है। प्रबंधन के द्वारा 30 दिन ड्यूटी करने पर 26 दिन का वेतन दिया जाता है। विरोध करने और चाइबासा एएलसी में मामला दर्ज करने के बाद सोची समझी साजिश के तहत 6 से 7 लोगों ने बीते 11 दिसंबर के रात्रि ड्यूटी पर तैनात राघव कुमार के साथ मारपीट कर केस उठाने की धमकी दी गयी। सुरक्षाकर्मी द्वारा मना करने पर बेरहमी से पीटा गया।

वहीं ऑन ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी को कैमरे के सामने लात-घूसो से मारपीट किया गया। सभी साक्ष्य सीसीटीवी में कैद है। इसकी शिकायत गोलमुरी थाना, डब्ल्यूडब्ल्यूएसओ कंपनी व आइबीआइ के एटीएम इंचार्ज को दी गयी। लेकिन मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने न्याय की गुहार लगाते हुए दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की।

### भाजपा युवा मोर्चा ने कैंप लगाया

# 500 से अधिक युवाओं ने ली प्राथमिक सदस्यता




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नीतिश कुशवाहा के नेतृत्व में जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के समीप सदस्यता अभियान के लिए कैंप लगाया गया। बुधवार को कैंप में युवाओं ने उत्साह व जोश के साथ भाग लिया। मौके पर अभियान में 500 से अधिक युवाओं ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पोटका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मीरा मुंडा, प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, जिला सदस्यता प्रभारी डॉ राजीव कुमार समेत कई वरीय नेतागण मौजूद रहे। युवा मोर्चा जिलाअध्यक्ष नीतीश कुशवाहा ने कहा यह अभियान संगठन को मजबूती प्रदान करेगा। साथ ही देश को सशक्त बनाने में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करेगी। मौके पर सभी नेताओं ने युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें भाजपा की विचारधारा और नीतियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर युवाओं को बधाई देते हुए देशहित में कार्य करने का आह्वान किया। मौके पर बबुआ सिंह, प्रदेश संयोजक नीरज सिंह, जिला सह मीडिया प्रभारी अखिल सिंह, राजपति देवी, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्वेता सिंह, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री सोनू ठाकुर, जिला प्रभारी सुजीत वर्मा, युवा मोर्चा सोनारी मंडल अध्यक्ष राहुल तिवारी, सुशील पांडेय, अभिषेक डे, मनोज सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# टाटा मोटर्स लीव बैंक कमेटी की बैठक, लेखा-जोखा पर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स लीव बैंक कमिटी ने वर्तमान स्थिति को लेकर बैठक की। बुधवार को आयोजित बैठक में बैंक की वर्तमान स्थिति व लेखा जोखा पर चर्चा की गयी। बैठक में बताया गया बीते वर्ष 2024 में कुल 37 जरूरतमंद लाभुकों के बीच कुल 1446 छुट्टियां बांटा गया। जिसमे न्यूनतम 5 दिन व अधिकतम 90 दिनों की छुट्टियों का लाभ दिया गया। वैसे जो कर्मचारी लंबे समय से बीमार है या ड्यूटी जाने में असमर्थ हैं। उन्हें लीव बैंक से जरूरत के हिसाब से कमेटी द्वारा विचार कर छुट्टियों का लाभ दिया जाता है। वर्तमान में लीव बैंक के पास लगभग 12 हजार लीव उपलब्ध है। बैठक में निर्णय लिया गया आगामी वर्ष में जो कर्मचारी स्थाई होंगे उन्हें भी लीव बैंक का सदस्य बनाया जायेगा। उनके लीव में से एक दिन का पीएल लीव बैंक में जमा लिया जायेगा। जिसका लाभ विपरीत परिस्थितियों में मजदूरों को मिलेगा। लीव बैंक का बैलेंस संतोषजनक होने के कारण इस वर्ष पुराने सदस्यों का लीव जमा नहीं लिया जायेगा।

# जूलॉजिकल पार्क में काले हिरण और नीलगाय के लिए बाड़े का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील कॉर्पोरेट सर्विसेस के उपाध्यक्ष सह जूलॉजिकल पार्क के अध्यक्ष चाणक्य चौधरी ने जूलॉजिकल पार्क मे काले हिरण व नीलगाय के लिए बाड़ा का विधिवत उद्घाटन किया। बुधवार को नवनिर्मित बाड़ा का आधिकारिक उद्घाटन के दौरान चाणक्य चौधरी ने कहा टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क शुरू से ही वन्यजीव संरक्षण व शिक्षा के मामले में सबसे आगे रहा है। बाड़े का उद्घाटन ब्लैकबक व नीलगाय के वन्यजीवों की सुरक्षा व संरक्षण की आवश्यकता में जागरूकता पैदा करने के प्रयासों में एक कदम है। यह पर्यावरणीय स्थिरता के लिए टाटा स्टील की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। टीएसजेडपी मनुष्यों व वन्यजीवों के बीच सद्भाव को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण की दिशा में प्रयास करती रही है। टाटा स्टील मृगों का घर के उद्घाटन जैसी पहलों के साथ प्रकृति व उसके निवासियों की गहरी समझ को बढ़ावा देने के लिए समर्पण को मजबूत करती है।उन्होंने कहा यह चिड़ियाघर की प्रतिबद्धता का एक हिस्सा है।टाटा स्टील जानवरों के निवास के लिए समृद्ध आवास प्रदान करने,संरक्षण को बढ़ावा देने व आगंतुकों के अनुभव को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। विशाल क्षेत्र में फैले बाड़े को काले हिरण व नीलगाय के प्राकृतिक आवास की नकल करने के लिए सावधानी पूर्वक डिजाइन किया गया। जो सुरक्षित व आरामदायक वातावरण प्रदान करती है। मौके पर टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी के सदस्यों, चिड़ियाघर के कर्मचारियों सहित अन्य शामिल रहे।

## टाटा स्टील यूआइएसएल ने प्रशिक्षकों के लिए रेबीज जागरूकता प्रशिक्षण सत्र किया आयोजित

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील यूआइएसएल ने प्रशिक्षकों के लिए व्यापक रेबीज जागरूकता प्रशिक्षण सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसका उद्देश्य प्रशिक्षकों को रेबीज की रोकथाम, लक्षण, टीकाकरण प्रोटोकॉल और आवश्यक सुरक्षा उपायों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना था। यह सत्र भारत सरकार के 2030 तक शून्य रेबीज प्राप्त करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के अनुरूप है। इस सत्र में कुल 58 कर्मचारियों ने भाग लिया, जिससे उन्हें मूल्यवान जानकारी मिली।

# हमारा सामाजिक महासंगठन सभी राज्यों में विद्यमान : साहू मुरारी गुप्ता

**दिलीप नीलेश बनाये गये राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** आंजनधाम में प्रदेश कार्यसमिति सम्मेलन में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहू मुरारी गुप्ता की मौजूदगी में सर्वसम्मति से गुमला जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार नीलेश को झारखंड प्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया। समाज के लोगों की उपस्थिति में मुख्य अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत सत्कार किया गया। तत्पश्चात तेली समाज के कुलदेवी मां कर्मा देवी एवं समाज मुख्य पुरोधा भामाशाह के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दिप-प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ की गयी।

सभी स्थानीय स्वजातीय नेताओं ने सभी अतिथियों को गुमला के सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहर टांगीनाथ धाम, रामरेखा धाम, आंजनधाम एवं ऐतिहासिक धरोहर के प्रतीक नवरत्न गढ़ और पालकोट के प्रतीक चिन्ह सम्मिलित एक प्रतीक चिन्ह सहित बुके, शॉल, अंग वस्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया, साथ ही राज्य के विभिन्न जिलों से आये जिला अध्यक्षों एवं उनके साथ आये प्रतिनिधियों को भी बेमिसाल स्वागत-सत्कार किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप नीलेश तथा मंच का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री बिनोद कुमार साह ने किया। मुख्य अतिथि साहू मुरारी गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा सामाजिक महासंगठन राष्ट्रीय स्तर पर सुचारू रूप से व्यवस्थित तरीके से कार्य कर रहा है और यह देश के सभी राज्यों में विद्दमान है, हमारा महासंगठन अपने समाज के विभिन्न धड़ों में फैले विसंगतियों को दूर कर एकीकरण के रास्ते पर सफलता पूर्वक चल रही है, और समयानुसार अपने पदाधिकारियों का संगठनात्मक नियुक्ति भी करती है।

इसके अलावे विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री राम ललित गुप्ता ने तेली समाज में अबतक की प्रगति हुए संगठन के उत्थान का खाका पेश किया। राष्ट्रीय अपर महामंत्री दीनदयाल साहू ने समाज के लोगों को अपने बच्चों को शिक्षा में विशेष ध्यान देने की बात कही। राष्ट्रीय महामंत्री त्रिवेणी प्रसाद साहू ने उपस्थित समाज के लोगों को कोई भी सामाजिक अफवाह और कुरीतियों को समाप्त करने की बात की। उन्होंने कहा कि इन्हीं कुरीतियों ने समाज का काफी नुकसान किया है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक कुमार साहू ने अपने सम्बोधन में समाज के प्रति एकजुट रहकर देश एवं राज्य के प्रति एक सकारात्मक कार्य करने पर बल दिया, क्योंकि इन्हीं कमी के चलते हमारा समाज अबतक सुराज से दूर है उसे हरहाल में हासिल करना है।

नवमनोनीत प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार नीलेश ने मंचासीन अतिथियों एवं सम्मेलन में उपस्थित जन समूह को विश्वास दिलाया कि तीन माह के अंदर प्रदेश संगठन एवं राज्य के सभी जिलों का कार्यशील ढांचा खड़ा कर दिया जायेगा। नव मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश युवा अध्यक्ष के रूप में धनवाद से विकास कुमार साहू जी को एवं गुमला जिला अध्यक्ष पद के लिए महेश कुमार लाल के नाम की घोषणा की। उसके अलावे सफल कार्यक्रम के लिए टोटो, मड़वा ग्राम, खरका ग्राम के सभी युवा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष साहू मुरारी गुप्ता, राष्ट्रीय महामंत्री राम ललित गुप्ता, त्रिवेणी प्रसाद साहू, राष्ट्रीय अपर महामंत्री दीनदयाल साहू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक कुमार साहू के अलावे नवमनोनित प्रदेश अध्यक्ष दिलीप नीलेश प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हरिनाथ साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू, युवा अध्यक्ष विकास कुमार साहू, नवमनोनित जिला अध्यक्ष महेश कुमार लाल, गोड्डा के जिला अध्यक्ष राजकुमार साहू तूफानी, गढ़वा जिला अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता, लोहरदगा जिला अध्यक्ष आदित्य साहू, बोकारो जिला अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, टोटो से अशोक साहू, एवं शिवा साहू सहित पूरे झारखण्ड राज्य से जिला अध्यक्षों के साथ आये प्रतिनिधि एवं गुमला जिला के सभी प्रखंडों मंडल के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बंगला ईंट भट्ठा का सीओ ने किया निरीक्षण



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड के विभिन्न गांवो में बन रहे बंगला ईट भट्ठा का सीओ दिनेश कुमार गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम मे पाया कि जारी में किसी तरह का अवैध बंगला ईट भाट्टा नहीं है। जारी प्रखंड मे बड़े पैमाने पर सरकार द्वारा अबुआ आवास दिया गया है जिस कारण लाभुक स्वयं अपने स्तर से ईट का निर्माण कर रहे ताकि अच्छा अबुआ आवास बनाया जा सके। गोबिंदपुर के लाभुक मदीना बीबी, मणि घांसी, कौशर खातून, आबेदा खातून, मोबिन खातुन तिल्हौटोली निवासी सुनिता देवी, सकीला नगेसिया, निरू रौतिया, निर्मला देवी, फातमा बीबी आदि ग्रामीणों ने कहा कि ईट खरीदने से बहुत ज्यादा रूपया लगता है इसलिए हमलोग अपने से ईंट बनाने का निर्णय लिये हमलोग अभी तक आठ से दस हजार ईट का निर्माण कर लिये हैं। लाभुको ने कहा कि अबुआ आवास मे लगभग पन्द्रह हजार ईट लगता है अगर ईट भाट्टा से हम ईट खरीदते हैं तो एक हजार ईट में लगभग दस हजार रुपये लगता है इस तरह पन्द्रह हजार ईट में एक लाख पचास हजार लग जायेगा जिस कारण हमलोग अपने से ईट बना रहे हैं। वहीं सीओ दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार के महत्वपूर्ण योजना अबुआ आवास के लिए लाभुक मिलकर ईट का निर्माण कर रहे ताकि अच्छा आवास बना सके वहीं कहा कि अगर कोई व्यावसाय के रूप मे प्रयोग करते पकड़ा गया तो उनके ऊपर करवाई किया जायेगा।

## टायर फटने से कार दुर्घटना



**बसिया (आजाद सिपाही)।** रांची से अपने घर गुमला जिला अंतर्गत पालकोट लौटने के दौरान दिन के लगभग 12 बजे पालकोट निवासी प्रियांक कुमार केसरी का कीया सोनेट कार दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रियांक अपनी धर्मपत्नी के साथ लौट रहे थे इसी दरम्यान बसिया थाना अंतर्गत तेतरा में उनकी कार का टायर ब्लास्ट कर गया जिससे कार अनियंत्रित होकर बरगद के पेड़ से टकरा गया जिसमें दंपति को हल्की चोट लगी।

# पैसा लेकर जन्म प्रमाणपत्र निर्गत किये जाने की शिकायत के मामले में डीसी को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कामडारा।** कामडारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कामडारा में अवैध तरीके से पैसा लेकर जन्म प्रमाणपत्र निर्गत किये जाने की शिकायत मिलने के बाद बुधवार को कामडारा के जिला परिषद सदस्य दीपक कंडूलना ने गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपते हुए जांच कर संबंधित भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। उपायुक्त गुमला को सौंपे ज्ञापन में जिला परिषद सदस्य दीपक कंडूलना ने बताया है कि सीएचसी कामडारा में जन्म प्रमाणपत्र निर्गत किये जाने के नाम पर क्षेत्र के कुछ भोले-भाले ग्रामीणों से संबधित स्वास्थ्य कर्मी मनमाने रुप से पैसो की मांग कर रहे हैं। इसकी लिखित शिकायत मिली है। उक्त ज्ञापन में बताया गया है कि जन्म प्रमाणपत्र के नाम पर पैसों की उगाही में सीएचसी कामडारा के प्रभारी डॉ सुनील खलखो, लिपिक अतुल अनुराग राज पौराणिक और कुछ एएनम शामिल है। ज्ञापन में बताया गया है कि विगत 7 दिसंबर 2024 को कामडारा प्रखंड के सुरहू गांव निवासी नीलमनी केरकेट्टा ने जिप सदस्य को बताया कि कामडारा के लिपिक अतुल अनुराग राज पौराणिक ने जन्मप्रमाण बनाने के एवज में उससे दो हजार रुपये का मांग किया था। जब उसने पैसा नहीं है कहा तो अतुल ने कहा ठीक है एक हजार रुपये दीजियेगा तभी बनेगा। इसके बाद उसने बमुश्किल पैसा जुगाड़ कर दिया। इसी तरह से गांव गरई स्वास्थ्य उपकेंद्र की एएनम सुचिता खलखो ने जन्म प्रमाणपत्र बनाने के एवज में पांच हजार रुपये की मांग किया था। जिसका प्रमाण के तौर पर मोबाइल में ऑडियो रिकॉर्डिंग मौजूद है। इसी तरह स्वास्थ्य उपकेंद्र पोकला की एएनम जीरेन प्रफुल्लित कोंनगाड़ी पोकला के महिला से जन्म प्रमाणपत्र बनाने के एवज मे साढ़े तीन हजार रुपये का मांग किया था। इसका भी ऑडियो रिकॉर्ड और लिखित शिकायत साक्ष्य के रुप में मौजूद है। यह मामला अखबारों में प्रकाशित हुई थी। परंतु उक्त भ्रष्ट लिपिक के उपर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ स्पष्टीकरण जारी कर लिपापोती की गयी और मामला को दबा दिया गया। कुल मिलाकर देखा जाय तो सीएचसी कामडारा में लिपिक अतुल राज पौराणिक के सहयोग से जन्म प्रमाणपत्र बनाने के नाम पर पर्दे के पीछे से पैसा उगाही का खेल चल रहा है।

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर डीसी-एसपी ने की बैठक

आजार सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गणतंत्र दिवस समारोह को गारिमामय तरीके से मनाए जाने के लिए बुधवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में बैठक की गयी। उपायुक्त ने 26 जनवरी को जिला स्थित अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने समारोह स्थल पर सफाई, पेयजल, बिजली, टेन्ट, माईक, बैठक, सुरक्षा एवं परिवहन की आवश्यक व्यवस्थाएं करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। वहीं शहर के प्रमुख स्थलों, विभिन्न कार्यालयों सहित समाहरणालय में विशेष एवं आकर्षक रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। समारोह स्थल पर चिकित्सा व्यवस्था के संबंध में चिकित्सा कर्मियों को एंबुलेंस के साथ उपस्थित रहने को कहा। उन्होंने समारोह स्थल की व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त जाप्ता लगाने एवं परेड रिहर्सल आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। बच्चों को कराने वाले परेड की रिहर्सल के दौरान बच्चों के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पर्यटन, पशुपालन विभाग एवं नगर परिषद आदि विभागों के अधिकारियों को झांकियों के प्रदर्शन संबंधी निर्देश प्रदान किये। इस दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त गुमला, परियोजना निदेशक पीडीआइटीडीए गुमला, निदेशक डीआरडीए, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता सहित अन्य सम्बंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## रवि फसल पर कृषि कार्यशाला का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** ब्लॉक परिसर में रवि फसल पर प्रखंड स्तरीय कृषि कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से कृषि पदाधिकारी शंकर खेरवार, बीटीएम नीरज कुमार शामिल हुए। कृषि पदाधिकारी शंकर खेरवार ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, बीजों के चयन, सिंचाई प्रबंधन व रोग नियंत्रण के बारे में जानकारी दिया। साथ ही कृषि पदाधिकारी ने बताया कि रवि फसल जैसे गेहूं चना, सरसों, मटर की उत्पादकता बढ़ाने के लिए सही समय पर बुवाई उर्वरकों का संतुलित उपयोग और जल प्रबंधन अति आवश्यक है। इसके साथ ही मिट्टी परीक्षण की प्रक्रिया जैविक खेती के लाभ और फसल संरक्षण के नवीनतम उपाय का विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही नयी कृषि योजनाएं और सरकारी सब्सिडी से संबंधित जानकारी को भी साझा किया। मौके पर उपस्थित एटीएम शुभम कुमार, पूनम बेदिया, कृषक मित्र श्याम साहू, जिसिंदर गोप, बलिराम दास, लाल साहू, जयनाथ उरांव सहित कई कई कृषक मित्र और किसान उपस्थित थे।

# गुमला चैंबर चुनाव के लिए 21 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** चैंबर ऑफ कॉमर्स गुमला के आम चुनाव 2025 के लिए बुधवार को 21 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। चैंबर कार्यालय में मुख्य चुनाव पदाधिकारी और सहायक चुनाव पदाधिकारी के समक्ष इन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दर्ज किया है। व्यापारियों के अनुरोध पर चुनाव को लेकर 8 जनवरी को प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक चैंबर कार्यालय खोला गया जिसमें कुल 32 नामांकन पत्र और 2 मतदाता सूची की बिक्री हुई। पुनः अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक चुनाव हेतु नामांकन पत्रों की बिक्री में 4 ० 1 मतदाता सूची एवं कुल 21 नामांकन हुआ। वहीं 9 जनवरी को भी अपराहन 3 बजे से 5 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री व नामांकन होगा। मुख्य चुनाव पदाधिकारी के अनुसार कई निर्दलीय प्रत्याशियों व टीम लीडर ने भी अपना नामांकन पत्र व मतदाता सूची खरीदा है। जिसमें राजेश कुमार सिंह, प्रणय कुमार साहू, अनिकेत कुमार, पंकज खंडेलवाल, प्रतिक कुमार अग्रवाल, सोनू एचडी, शंकर लाल साहू के नाम हैं। वहीं नामांकन भरने वालों में दिलीप कुमार गुप्ता, राजेश कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह, पंकज खंडेलवाल, प्रतिक कुमार अग्रवाल, प्रणय कुमार साहू, राहुल केशरी, अनिकेत कुमार, सोनी देवी, नीरज कुमार गुप्ता, राजेश लोहानी, अभिजीत कुमार जयसवाल, गुरमीत सिंह, आदित्य कुमार गुप्ता, गुन्नू शर्मा, अमित मंत्री (गोलू), मुनी लाल साहू, रितेश कुमार गुप्ता, मो इम्तियाज, बबलू वर्मा, अमित मंत्री के नामांकन हुए। चुनाव प्रभारी रमेश कुमार ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि जो व्यापारी आम चुनाव में प्रत्याशी के रूप में खड़े होना चाहते हैं वे ससमय उपस्थित होकर अपना अपना नामांकन कर सकते हैं। मौके पर मुख्य चुनाव पदाधिकारी रमेश कुमार चीनी, सहायक चुनाव पदाधिकारी पवन कुमार अग्रवाल, हिमांशु केशरी, दिनेश अग्रवाल, सत्यनारायण पटेल, चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष दामोदर कसेरा, बृज किशोर फोगला आदि उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त कर्मियों के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाये विभाग: पेंशनर समाज

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक समाज के जिलाध्यक्ष तेजपाल राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कल्याण विभाग के सेवानिवृत्त शिक्षक बोनिफास बेक के कार्यों के प्रति विभाग के असहयोगात्मक रवैये पर क्षोभ व्यक्त करते हुए संबंधित विभाग को सचेत किया गया कि सेवानिवृत्त कर्मियों के प्रति संवेदनशील रुख अख्तियार किया जाय। गौरतलब है कि श्री बेक का वर्ष 1986-88 के वेतन भरपाई पंजी का सत्यापन नहीं होने के कारण उन्हें आर्थिक क्षति हो रही है। बैठक में उनके उक्त सेवावधि का सत्यापन अविलंब करने का आग्रह जिला कल्याण पदाधिकारी से किया गया। समाज के वरिष्ठ सदस्य रामानुज शर्मा के द्वारा बैठक में जानकारी दिया गया कि वर्ष 2016 से देय ग्रेडपे का लाभ अब अल्पसंख्यक विद्यालय से सम्बद्ध कर्मियों को भी मिल पायेगा। उनके द्वारा इस आशय का पत्र प्राप्त हो जाने की भी जानकारी दी गयी। पिछले माह विशुनपुर में आयोजित प्रखंड पेंशनर समाज की सफलता पर उपस्थित सदस्यों द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए अन्य प्रखण्डों में भी तद्नुरुप कार्यक्रम आयोजित किये जाने की आवश्यकता जताया गया। बैठक में गणतंत्र दिवस के मौके पर पेंशनर समाज के भवन प्रांगण में झंडोत्तोलन करने का निर्णय लेते हुए सभी सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की गयी।

बैठक में समाज के सदस्य के रुप में धनंजय भगत द्वारा सदस्यता ग्रहण किया गया। उनका स्वागत सभी सदस्यों द्वारा किया गया। अंत में भरनो प्रखंड पेंशनर समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं कुशल संगठनकर्ता कौशलेंद्र झा के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

## खरवार आदिवासी एकता संघ की बैठक



**गुमला (आजाद सिपाही)।** खरवार आदिवासी एकता संघ गुमला के जिला अध्यक्ष श्री देवी सिंह के अध्यक्षता में सरना टोली में बुधवार को विशेष बैठक का आयोजन किया गया। झारखंड प्रदेश में खरवार नामधारी से संबंधित सभी संघ को विघटित करते हुए। खरवार आदिवासी एकता संघ, झारखंड प्रदेश के नाम से एक संघ का गठन किया गया। विगत वर्ष यानि 2024 में संघ का स्थापना दिवस गुमला जिला मुख्यालय में धूमधाम से मनाया गया। इस बार संघ का स्थापना दिवस लातेहार जिला में रविवार को निर्धारित है संघ का द्वितीय स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को गुमला जिला कमिटी के द्वारा अमर शहीद निलाम्बर पीताम्बर के फोटो पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर पूरी सादगी के साथ स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के बाद 12 जनवरी 2025 को आयोजित संघ के स्थापना दिवस समारोह में गुमला जिला से उपस्थिति विषय पर चर्चा की गयी। स्थापना दिवस समारोह में गुमला जिला से सम्मानजनक उपस्थिति रहेगी। इस कार्यक्रम में खरवार लोक सेवक संघ, झारखंड के सचिव श्री रण विजय सिंह, जिला अध्यक्ष बाबूलाल खेरवार, संरक्षक रामचन्द्र खेरवार, प्रदेश कमिटी के सम्मानित सदस्य श्री बजरंग सिंह, संघ के सिसई प्रखंड अध्यक्ष बाबूलाल सिंह, प्रदुमन खेरवार, भैयालाल खेरवार, दशरथ खेरवार, हरिनन्दन खेरवार, रघुनंदन खेरवार सहित कई लोग उपस्थित हुए।

# दूसरे राजनीतिक दलों को त्याग कर कई नेताओं ने थामा कांग्रेस का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** कांग्रेस प्रदेश कार्यालय रांची में कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केशव कमलेश महतो के समक्ष गुमला के अन्य राजनीतिक दलों से नाता तोड़ते हुए कई लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षत कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कर रहे थे। वहीं कार्यक्रम में पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सहजादा अनवर झरखंड सरकर के मंत्री दीपिका पांडेय भी उपस्थित थीं। गुमला के भाजपा कार्यकर्ता आफताब आलम लाडले, आजसू के पदाधिकारी मिन्हाजुद्दीन खान, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष नेसार खान, अंजुमन इस्लामिया गुमला के नाजिम ए आला हाजी खलील अशरफी, एआइएमआइ एमके मो मेराज गुड्डू, मो इमरान, मो नेयाज अहमद उर्फ गुड्डू, मीर मुसाफिर हुसैन, मो नईम अंसारी, मो अनीस, मो शाहिद, डॉक्टर कलीम अहमद, और इन लोगों के दर्जनों समर्थक आदि अब कांग्रेस पार्टी में चले गये हैं। गुमला जिला कांग्रेस अध्यक्ष चैतू उरांव की अगुवाई और महासचिव फिरोज आलम और रामनिवास प्रसाद के माध्यम से इन लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इन सभी को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कांग्रेस का अंगवस्त्र और माला पहनाकर कांग्रेस पार्टी में आने का स्वागत किया। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के गुमला जिलाध्यक्ष चैतू उरांव ने कहा कि इन सभी के पार्टी में आने से गुमला जिला में कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी।

# कल्याण विभाग के अधीन चल रही योजनाओं की समीक्षा हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** बुधवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभागों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उपायुक्त ने छात्रवृत्ति योजना के तहत शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का पंजीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन विद्यालयों से अब तक पंजीकरण नहीं किया गया है, उनके प्रधानाध्यापकों का वेतन स्थगित किया जायेगा। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी 12 आवासीय विद्यालयों की भौतिक स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने विद्यालयों में पेयजल, बिजली, भवन की स्थिति, विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाएं, यूनिफॉर्म वितरण, और स्वास्थ्य जांच जैसे मुद्दों पर निर्देश दिये। नये एडमिशन वाले विद्यार्थियों का स्वास्थ्य कार्ड बनाने और नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

## ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्यों को मिला प्रशिक्षण

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बुधवार को सबकी योजना सबका विकास के तहत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। सबकी योजना सबका विकास थीम की जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत प्रदान संस्था के नवलीन कौर, रामस्वरथ महतो, मनसा रानी, सलोनी रानी,वंदना कुमारी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। ग्राम पंचायत का विकास के लिये बाल हितैषी गांव,गरीबी मुक्त उन्नत आजीविका, महिला हितैषी गांव, सुशासन गांव,स्वच्छ एवं हरित गांव,समाजिक रूप से सुरक्षित गांव सहित विभिन्न ग्राम पंचायत का विकास के लिये योजनाओं को क्रियावन्यन करने के बारे में भी बताया गया।

## प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने वित्त मंत्री को दिखायी सड़क की दुर्दशा

# चार करोड़ की लागत से शानदार बनेगा चैनपुर-नेवरा रोड: वित्त मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



वित्तमंत्री राधा कृष्ण किशोर को सड़क की दुर्दशा दिखाती अरुणा शंकर।

**मेदनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बुधवार को राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को साथ लेकर चैनपुर-नेवरा रोड़ को दिखाने पहुंची। बतातें चलें कि प्रथम महापौर ने कुछ दिन पहले ही मंत्री राधा कृष्ण किशोर को लोगों को हो रही असुविधाओं से अवगत कराया था। इसके बाद इस दिन मंत्री ने अरुणा शंकर के साथ स्थल पर जाकर रोड़ की दुर्दशा को देखा। इसके बाद कहा कि इतनी दुर्दशा शहर के नजदीक मार्ग का होना दुखद है। वे सड़क को देखकर समझ सकते हैं कि कितनी दिक्कतों का सामना आसपास के लोगों को आवागमन या इलाज कराने वाले मरीजों खासकर महिलाओं को होती होगी। वित्त मंत्री ने बताया कि अरुणा जी ने उन्हें 10 दिन पहले ही इस मार्ग के बारे में बताया था। जिस पर मैंने संज्ञान लेते हुए तत्काल इसका एस्टीमेट विभाग को बनाने के लिए निर्देशित किया था। दो दिन पहले ही एस्टीमेट प्राप्त होते ही मैंने योजना स्वीकृति के लिए अनुमोदित कर विभाग को भेज दिया हूं। अब जल्द टेंडर होकर यह मार्ग बनेगा। वित्त मंत्री ने बताया कि यह रोड शानदार बनेगा जिसमें लगभग चार करोड़ रुप.ये की लागत आएगी। जल्द इसका काम शुरू होगा। उन्होंने बताया कि यह चार किलोमीटर चैनपुर-सेमरा नेवरा सेमरा माइंस रोड अच्छे ढंग से मरमती किया जाएगा। जिससे धूलकण का उड़ाना बंद हो जाएगा। फिर पूर्व में बने एस्टीमेट के आधार पर फंड उपलब्ध होने के बाद निर्माण कार्य भी कराया जाएगा। इस दौरान प्रथम महापौर ने वित्त मंत्री से पुनः दीनदयाल मार्ग खुलवाने का अनुरोध किया जिस पर उन्होंने कहा कि जल्द ही वहां जाकर स्थल एवं स्थिति का निरीक्षण करते हुए जनहित में मार्ग को चालू करायेंगें। इस मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, चंदू गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, गणेश प्रसाद, दिनेश प्रसाद, बिट्टू कमलापुरी, आनंद प्रसाद, उमेश प्रसाद, श्याम रजक, ईश्वरी पाण्डेय, भोला पाण्डेय, जिप सदस्य फैजल अहमद, अविनाश देव आदि मौजूद थे।

## शेख भिखारी की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता: वित्त मंत्री



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** बेड़मा बभंडी में बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी की शहादत दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, उद्घाटनकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष मोमिन कान्फ्रेंस के मो हिमायूं अंसारी के अलावा प्रथम महापौर अरुणा शंकर, संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव और डॉ सुलेमान अंसारी मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सौकत अंसारी ने किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने कहा कि शहीद शेख भिखारी को देश कभी भुला नहीं सकता है। हमारी सरकार शहीदों के सम्मान में हमेशा खड़ी है।

## वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना आवश्यक : डीसी




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत बुधवार को पलामू डीसी शशि रंजन व जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव ने हरी झंडी दिखा कर जागरूकता रथ को रवाना किया। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि नये साल की शुरूआत के साथ ही राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 का आयोजन एक से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। इस वर्ष के सड़क सुरक्षा सप्ताह का थीम 'परवाह' है, जो सड़क पर एक-दूसरे की सुरक्षा और जिम्मेदारी का संदेश है। डीसी ने लोगों से अपील की कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन आवश्य करें। जिला मुख्यालय में जागरूकता वाहन को रवाना करने के बाद उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के पालन से सड़क पर सुरक्षा बनी रहती है। दो पहिया वाहन का प्रयोग करें तो हेलमेट अवश्य पहनें और पूरी सावधानी बरतें। जीवन मूल्यवान है। सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम एवं अपनी सुरक्षा के लिए यातायात के सभी नियमों का पालन बेहद आवश्यक है। वहीं, डीटीओ जितेंद्र यादव ने कहा कि जागरूकता रथ के माध्यम से आमजनों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूक किया जायेगा। कहा कि इस रथ के माध्यम से जिले के प्रमुख चौक -चौराहों पर यातायात नियमों के पालन हेलमेट और सीट बेल्ट के फायदे से संबंधित ऑडियो क्लिप लोगों को सुनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए कई अन्य कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा।

## हुसैनाबाद के मध्य विद्यालय में अजाप्टा ने आयोजित किया सम्मान समारोह



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से साल 2000 में नियुक्त शिक्षकों का 25 वर्ष पूरा होने पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के हुसैनाबाद शाखा की ओर से राजकीयकृत मध्य विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसका संचालन प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी ने किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामेश्वर मेहता, सुरेंद्र कुमार सिंह द्वय, निवर्तमान निकासी व्यन पदाधिकारी व सुनील कुमार निकासी व्यन पदाधिकारी हुसैनाबाद-हैदरनगर शामिल हुए। साल 2000 के नियुक्त शिक्षकों को गुलाब का फूल, बुके देकर सम्मानित किया गया। साथ ही केक काटा गया। इसके बाद 1994 के नियुक्त शिक्षकों द्वारा इन्हें पेन-डायरी देकर सम्मानित किया गया। वहीं शिक्षक अंगद प्रसाद ने स्वरचित 'झारखंड में बौद्ध विरासत' नामक पुस्तक भेंट की। वहीं, शानदार 25 साल सेवा पूरी करनेवालों में निर्मल कुमार प्रखंड सचिव, महेंद्र प्रसाद, धुरेंद्र कुमार, दिवाकर प्रसाद, योगेंद्र पासवान, परमानंद प्रियदर्शी, विजय चौधरी, बिहारी रजक, विजय राम व आशा कुमारी का नाम शामिल है। वहीं विभागीय नियमानुकूल समय पर प्रोन्नति नहीं मिलने पर रोष प्रकट किया। वक्ताओं ने कहा कि निकट भविष्य में एमएसीपी नहीं मिला तो आत्मदाह करने पर बाध्य हो जायेंगे। इस मौके पर रामेश्वर मेहता, सुरेंद्र सिंह, सुनील कुमार, अंगद प्रसाद, राजेश कुमार गुप्ता, जितेंद्र राम, शंकर राम, विश्वनाथ प्रसाद, रविंद्र कुमार चौधरी, गिरिवर राम, रंजीत कुमार, सुरेंद्र राम, अभिषेक शर्मा अध्यक्ष सहायक अध्यापक संघ, रश्मि प्रकाश, सन्नी कुमार, विनोद राम आदि मौजूद थे।

## पांकी की जनता के लिए सदैव तत्पर रहूंगा : मुमताज खान



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी विस के आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी रहे मुमताज अहमद खान ने सगालीम में चुनाव परिणाम को लेकर समीक्षा बैठक सह वनभोज का आयोजन किया। इस अवसर पर कहा कि मैं हमेशा जनता की सेवा में सदैव तत्पर रहूंगा। केवल विधायक बनकर ही जनता की सेवा नहीं की जाती। जनता के दिलों में बस कर भी सेवा की जाती है। जनता के बीच जाकर राय मशविरा के बाद ही हमने चुनाव लड़ा। समाज में हमें चुनाव लड़ने पर सहमति बनी। चुनाव में जीत हो या हार इसकी समीक्षा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक दस्तूर के मुताबिक हम सभी नववर्ष के मौके पर एक जगह जुटे हैं। पांकी के अलावा लातेहार, गढ़वा व चतरा के लोगों की भी हमने सेवा की है। 100-100 करोड़ रुपयों के मालिकों ने भी पांकी से चुनाव लड़ा और वे हारे। कुछ जगहों को छोड़ मेरे विरोधियों ने झूठ बोलकर हमें हराया है। भाजपा और आइएनडीआइए गंठबंधन दोनों ने जनता को रुपए का लालच देकर फार्म भरवाए। जनता के बीच हम आज भी मौजूद हैं। जब भी जरूरत पड़े हम हमेशा उपलब्ध हैं। मौके पर रामकुमार रवि, नागमणि रजक, प्रद्युम्न सिंह मुखिया, सीताराम दास, मेराज अंसारी आदि थे।

# एमआरएमसीएच बनेगा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल : वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर

## वित्तमंत्री ने किया पुलिस आउट पोस्ट का उद्घाटन

- स्वास्थ्य सचिव और स्पेशलिस्ट डाक्टरों की टीम आज करेगी एमआरएमसीएच का निरीक्षण
- कहा- भयमुक्त माहौल के बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती

आजाद सिपाही संवाददाता




**पलामू।** राज्य के संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने चीर प्रतिक्षित मांग पूरी करते हुए बुधवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में बुधवार को पुलिस आउट पोस्ट का उद्घाटन किया। उक्त अस्पताल में पुलिस आउट पोस्ट खुलने से शहर थाना पर काफी हद तक निर्भरता खत्म हो गयी है। पोस्टमार्टम, इंजरी, सुरक्षा सहित अन्य मामलों में अब तत्काल पुलिस कार्रवाई होगी। इसस अवसर पर मंत्री ने कहा कि एमआरएमसीएच बनने के बाद और उसके पहले से यहां पुलिस आउट पोस्ट की स्थापना की मांग की जा रही थी। उन्होंने मंत्री बनते ही इस मांग को पूरा किया है। कहा कि पुलिस आउट पोस्ट के शुभारंभ होने से जहां डाक्टर, स्वास्थ्यकर्मी भयमुक्त माहौल में कार्य कर सकेंगे, वहीं रोगियों की भी सुरक्षा होगी। उन्होंने कहा कि भयमुक्त माहौल के बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। जिस सेक्टर में भय का माहौल रहता है, वहां विकास कार्य अवरूद्ध हो जाते हैं। नक्सलियों के कारण पलामू जिले में लंबे समय तक विकास कार्य नहीं हो पाये थे, लेकिन अब काफी हद तक इस समस्या से छुटकारा मिल गया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार स्वास्थ्य और चिकित्सा पर विशेष रूप से फोकस कर रही है, ताकि आम जनमानस को इन दोनों सेक्टर में बेहतर सुविधा मिल सके। एमआरएमसीएच को सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के रूप में विकसित करने के लिए सरकार कार्य कर रही है। इसके तहत डिपार्टमेंट को उन्नत कैसे किया जाये, इसके लिए स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार और स्पेशलिस्ट डाक्टरों की टीम गुरुवार को एमआरएमसीएच का निरीक्षण करेगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रीश्मा रमेशन ने कहा कि 28 दिसंबर को समीक्षा बैठक में एमआरएमसीएच में पुलिस आउट पोस्ट की शुरूआत करने का निर्णय लिया गया है और एक सप्ताह के भीतर इसे पूरा कर दिया गया है। रेडक्रास भवन में आउट पोस्ट कार्य करेगा। यहां तीन शिफ्ट में सुरक्षा दी जायेगी। इस आउट पोस्ट के रहने से सुरक्षा के साथ ही एक्सीडेंट के बाद की प्रक्रिया में भी सहूलियत होगी। पहले मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। इस मौके पर डीडीसी शब्बीर अहमद, एमआरएमसीएच के सुपरीटेंडेंट डॉ धर्मेंद्र कुमार, प्राचार्य डॉ पीएन महतो, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार समेत डाक्टर, चिकित्सा और पुलिसकर्मी आदि मौजूद थे।

## विवादित जमीन पर नहीं होगा कोई काम, रास्ता काटा तो होगी प्राथमिकी: सीओ

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रखंड के ग्राम ढेला में श्मशान घाट एवं विवादित भूमि का सीओ सुनील कुमार सिंह ने बुधवार को निरीक्षण किया। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता के निर्देश एवं ग्रामीणों के मांग पर सीओ ने स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उक्त जमीन पर हुए दाह संस्कार, श्मशान शेड सड़क आदि की भौतिक जांच की। कहा कि विवादित जमीन पर कोई काम नहीं होगा। अगर किसी ने रास्ता काटने की कोशिश की, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने पांच यक्ष्मा रोगियों को लिया गोद

# टीबी असाध्य बीमारी नहीं, दवा-पौष्टिक आहार से रोगी पूरी तरह होगा ठीक: डॉ राजेंद्र कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में बुधवार को राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें टीबी रोग के लक्षण, बचाव व उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार व संचालन मिथिलेश दुबे ने किया। इस दौरान यक्ष्मा से ग्रसित पांच रोगियों को सीएचसी द्वारा गोद लिया गया। जिन्हें पौष्टिक आहार से लेकर दवा तक मुफ्त दिया जायेगा। गोद लिये गये पांचों लोगों के बीच यक्ष्मा कीट भी वितरित किया गया। डॉ राजेंद्र कुमार ने कहा कि टीबी अब असाध्य बीमारी नहीं रह गया है। दवा और पौष्टिक आहार से टीबी रोग से ग्रसित लोग पूर्णतः ठीक हो जायेंगे। इसलिए टीबी रोग से ग्रसित लोगों को उपेक्षित करने के बजाए उनका बेहतर देखभाल करें। यक्ष्मा का दवा सीएचसी में उपलब्ध है, जिसे मुफ्त में दिया जाता है। टीबी रोग की दवा कभी भी बाजार से नहीं लें। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम 2018 में शुरू किया गया था। दिसंबर 2025 तक देश को यक्ष्मा मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसे इस वर्ष के अंत तक हासिल भी कर लिया जायेगा। इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। टीबी रोग हारेगा और देश जीतेगा.लेकिन इसमें सबका सहयोग भी जरूरी है। वहीं, मिथिलेश दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने का सतत प्रयास जारी है। इसके लिये रोगी की सतत खोज और उपचार की व्यवस्था की गयी है। समुदाय को जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर डॉ मुरली मनोहर प्रसाद, डॉ अनिल उरांव, बैम मृगेंद्र कुमार, बीपीएम पंकज कुमार पांडेय, एमपीडब्ल्यू अरविंद कुमार, मनीष कुमार, एमटीएस पंकज कुमार और बीडीएम रवि कुमार आदि मौजूद थे।


## प्रपत्र VI 'क'
## झारखण्ड सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

संख्या–1798/भू0अ0, रामगढ़ दिनांक 19/12/2024

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **मौजा कडरू, थाना नं0 72, राजस्व थाना पतरातू, अंचल पतरातू, जिला रामगढ़** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा मतकमा चौक (SH-2 पर)–पाली–सांकी–चुटूपालू (NH-33 पर) पथ (लंबाई–20.76 Km) एवं कौड़ी बाजार से चिकोर भाया सुड्डी लिंक पथ (लंबाई–4.43 Km) सहित (कुल लंबाई–25.19 Km) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा कडरू, थाना नं0 72, राजस्व थाना पतरातू, अंचल पतरातू, जिला रामगढ़ में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 4.3239 एकड़ यानि 1.74982 हेक्टेयर मानक माप का अर्जनाधीन भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 726 | रैयती | टांड़–II | 0.0131 | संजय बेदिया वगै0 पिता स्व0 सुरजलाल बेदिया | 727 | 694 | 735 | 725 |
| 2 | 20 | 117 | रैयती | टांड | 0.0146 | चन्दु बेदिया वगै0 पिता स्व0 परना बेदिया, नरेश करमाली पिता बालु करमाली कार्तिक बेदिया पिता स्व0 सुकरा बेदिया | 118 | 124 | 123 | 116 |
| 3 | 20 | 537 | रैयती | धान खेत–III | 0.0677 | कार्तिक बेदिया वगै0 पिता सुकरा बेदिया | 179 | 536 | 538 | 532 |
| 4 | 21 | 572 | रैयती | धान खेत–III | 0.0094 | रामचन्द्र बेदिया वगै0 पिता स्व0 घाना बेदिया | 574 | 540 | 573 | 571 |
| 5 | 22 | 22 | रैयती | टांड़–II | 0.0165 | गोविन्द बेदिया वगै0 पिता स्व0 केदार बेदिया | 16 | 335 | 23 | दाडीदाग |
| 6 | 22 | 296 | रैयती | धान खेत–III | 0.0042 | सुरजा बेदिया वगै0 पिता स्व0 फगुवा बेदिया | 124 | 294 | 296 | 298 |
| 7 | 05 | 723 | रैयती | धान खेत | 0.1400 | रेलवे के अन्तर्गत है। | 717 | 694 | 724 | 723 |
| 8 | 46 | 295 | रैयती | धान खेत–I | 0.0185 | मनीजर बेदिया पिता स्व0 सुरजनाथ बेदिया वो चमन बेदिया पिता स्व0 बुधना बेदिया | 124 | 136 | 134 | 296 |
| 9 | 49 | 32 | रैयती | टांड़–I | 0.0138 | सुखलाल बेदिया वगै0 पिता स्व0 गणशु बेदिया | 37 | 31 | 44 | 33 |
| 10 | 09 | 83 | रैयती | धान खेत | 0.0074 | अज्ञात | 85 | 124 | 84 | 82 |
| 11 | 42 | 82 | रैयती | धान खेत | 0.0242 | जगरनाथ मुण्डा वगै0 पिता स्व0 जलधर मुण्डा वो बदरी मुण्डा पिता स्व0 रामधन मुण्डा वो शनीचरण मुण्डा पिता स्व0 जिवधन मुण्डा | 81 | 124 | 85 | 80 |
| 12 | 42 | 132 | रैयती | टांड़–I | 0.0482 | बद्री मुण्डा पिता स्व0 रामधन मुण्डा वो शनिचर मुण्डा पिता स्व0 जीवधन मुण्डा वो जगरनाथ मुण्डा पिता स्व0 जलधर मुण्डा | 124 | 130 | 131 | 134 |
| 13 | 43 | 125 | रैयती | टांड़–I | 0.0128 | रामदयाल बेदिया पिता स्व0 तुलसी बेदिया | 124 | 126 | 179 | 131 |
| 14 | 44 | 131 | रैयती | टांड़–I | 0.0403 | जयवीर बेदिया वगै0 पिता क्षुबर बेदिया वो जगदयाल बेदिया पिता स्व0 सोहराय बेदिया वो किशना बेदिया पिता स्व0 इन्दर बेदिया | 124 | 130 | 125 | 132 |
| 15 | 44 | 248 | रैयती | धान खेत | 0.0877 | मेघनाथ बेदिया पिता स्व0 वंशी बेदिया (आपत्ति) | 179 | 251 | 179 | 249 |
| 16 | 44 | 584 | रैयती | धान खेत | 0.1600 | जयवीर बेदिया वगै0 पिता झुपरा बेदिया | 583 | 540 | 685 | 585 |
| 17 | 44 | 721 | रैयती | धान खेत–III | 0.1200 | लालमोहन बेदिया वो0 पिता स्व0 मिजंरा बेदिया | 722 | 722 | 722 | 694 |
| 18 | 09 | 531 | रैयती | टांड़–II | 0.0208 | केशर बेदिया पिता बढ़न बेदिया | 179 | 532 | 536 | 529 |
| 19 | 09 | 794 | रैयती | टांड़–III | 0.0700 | अज्ञात | 793 | हलबादी | 792 | 795 |
| 20 | 09 | 808 | रैयती | टांड़–I | 0.1700 | जगरनाथ मुण्डा वगै0 पिता स्व0 जलधर मुण्डा वो बदरी मुण्डा पिता स्व0 राजधन मुण्डा वो संजय मुण्डा पिता जोधन मुण्डा | 694 | 807 | 805 | 809 |
| 21 | 05 | 709 | रैयती | धान खेत–III | 0.0500 | रेलवे के अन्तर्गत है। | 694 | 710 | 712 | 694 |
| 22 | 05 | 710 | रैयती | परती गडड़ा | 0.0100 | रेलवे के अन्तर्गत है। | 709 | 711 | 711 | 711 |
| 23 | 06 | 115 | रैयती | टांड़–II | 0.0032 | जयवीर बेदिया वगै0 पिता झुबर बेदिया | 113 | 124 | 116 | 113 |
| 24 | 05 | 711 | रैयती | धान खेत | 0.1900 | रेलवे के अन्तर्गत है। | 712 | 694 | 721 | 694 |
| 25 | 06 | 538 | रैयती | धान खेत–II | 0.0900 | जगदयाल बेदिया पिता स्व0 सोराया बेदिया वो जयवीर बेदिया वगै0 पिता स्व0 झुबर बेदिया वो जगमोहन बेदिया पिता स्व0 मिजंरा बेदिया | 179 | 535 | 539 | 536 |
| 26 | 12 | 84 | रैयती | धान खेत–II | 0.0551 | बिरजा बेदिया वगै0 पिता स्व0 जेठू बेदिया | 104 | 124 | 114 | 83 |
| 27 | 12 | 587 | रैयती | टांड़–II | 0.0091 | अज्ञात | 540 | 602 | 586 | 588 |
| 28 | 12 | 588 | रैयती | धान खेत–III | 0.0010 | बंधन बेदिया वगै0 पिता स्व0 मिलु बेदिया | 540 | 589 | 587 | 539 |
| 29 | 13 | 17 | रैयती | टांड़–II | 0.1000 | आशाराम बेदिया पिता स्व0 बंधन बेदिया वो अर्जुन बेदिया वगै0 पिता स्व0 घुजना बेदिया | 16 | 18 | 17 | 16 |
| 30 | 23 | 21 | रैयती | टांड़–II | 0.0200 | अर्जुन बेदिया वगै0 पिता स्व0 घुजना बेदिया | 16 | 22 | 20 | दाडीदाग |
| 31 | 23 | 34 | रैयती | धान खेत–III | 0.0427 | आशाराम बेदिया वगै0 पिता स्व0 बढ़न बेदिया | 37 | 28 | 33 | 18 |
| 32 | 23 | 35 | रैयती | खलीहान | 0.042 | आशाराम बेदिया वगै0 पिता स्व0 बढ़न बेदिया | 37 | 33 | 36 | 34 |
| 33 | 23 | 40 | रैयती | परती कदीम | 0.0151 | कृष्ण बेदिया पिता मोहराय बेदिया बोधन बेदिया पिता स्व0 बिगलाहा बेदिया | 39 | 37 | 41 | 37 |
| 34 | 23 | 298 | रैयती | धान खेत–II | 0.0348 | आशाराम बेदिया वगै0 पिता स्व0 बंधन बेदिया | 124 | 299 | 298 | 305 |
| 35 | 23 | 801 | रैयती | टांड़–II | 0.0445 | आशाराम बेदिया वगै0 पिता स्व0 बंधन बेदिया | 694 | हलबादी | हलबादी | 802 |
| 36 | 23 | 802 | रैयती | धान खेत–III | 0.2400 | आशाराम बेदिया वगै0 पिता स्व0 बंधन बेदिया | 694 | हलबादी | 801 | 804 |
| 37 | 24 | 180 | रैयती | टांड़–I | 0.0600 | राजेश बेदिया पिता स्व0 जीतराम बेदिया | 181 | 179 | 287 | 179 |
| 38 | 32 | 249 | रैयती | धान खेत | 0.0524 | बासुदेव बेदिया पिता स्व0 मिटकू बेदिया दुखी बेदिया पिता स्व0 सिटकू बेदिया (आपत्ति) | 179 | 251 | 248 | 250 |
| 39 | 04 | 297 | रैयती | धान खेत | 0.0657 | सावना करमाली पिता स्व0 कैलाश करमाली वो शंकर करमाली पिता स्व0 झोदरा करमाली वो धनेश्वर करमाली पिता स्व0 युगल करमाली वो हीरालाल करमाली पिता जीत राम करमालीच | 124 | 293 | 296 | 238 |
| 40 | 33 | 586 | रैयती | टांड़–II | 0.0432 | रामचन्द्र बेदिया पिता स्व0 धाना बेदिया | 540 | 602 | 540 | 547 |
| 41 | 32 | 810 | रैयती | टांड़–III | 0.0277 | श्रीमती पुनीय देवी पिता सीटकू बेदिया | 694 | 812 | 810 | 675 |
| 42 | 32 | 187 | रैयती | मकान–I सहन–I | 0.0057 | अज्ञात | 184 | 183 | 186 | 188 |
| 43 | 32 | 190 | रैयती | परती कदीम | 0.0400 | मेघनाथ बेदिया पिता स्व0 वंषी बेदिया किषना बेदिया पिता स्व0 इन्दरा बेदिया | 191 | 189 | 192 | 179 |
| 44 | 39 | 182 | रैयती | मकान–I सहन–I | 0.0198 | डब्लु बेदिया पिता स्व0 विगलहा बेदिया(आपत्ति) | 184 | 180 | 247 | 179 |
| 45 | 37 | 546 | रैयती | टांड़–I | 0.1208 | अज्ञात | 553 | 540 | 545 | 547 |
| 46 | 23 | 36 | रैयती | मकान सहन–I | 0.0124 | आशाराम बेदिया वगै0 पिता स्व0 बंधन बेदिया वो योगेन्द्र बेदिया वो राजेन्द्र बेदिया | 37 | 33 | 32 | 34 |
| 47 | 44 | 191 | रैयती | खलीहान | 0.0057 | मेगनाथ बेदिया पिता स्व0 वंशी बेदिया | 197 | 190 | 196 | 179 |
| 48 | 47 | 134 | रैयती | टांड़–I | 0.0321 | अर्जुन बेदिया वगै0 पिता स्व0 किशुन बेदिया | 124 | 135 | 132 | 295 |
| 49 | 18 | 529 | रैयती | टांड़–II | 0.1800 | लाल मोहन बेदिया वगै0 पिता स्व0 मिजंरा बेदिया (विवाद) | 179 | 179 | 531 | 179 |
| 50 | 30 | 46 | रैयती | धान खेत | 0.0630 | संदीप बेदिया पिता स्व0 निर्मल बेदिया | 53 | 37 | 47 | 44 |
| 51 | 46 | 305 | रैयती | धान खेत–II | 0.2400 | मनीजर बेदिया पिता स्व0 सुरजनाथ बेदिया वो चमन बेदिया पिता बुधन बेदिया | 124 | 304 | 299 | 306 |
| 52 | 49 | 307 | रैयती | धान खेत–II | 0.0750 | सुखलाल बेदिया वगै0 पिता स्व0 गनशु बेदिया | 37 | 313 | 305 | 311 |
| 53 | 49 | 308 | रैयती | खलीहान | 0.0074 | सुखलाल बेदिया वगै0 पिता स्व0 गनशु बेदिया | 37 | 311 | 307 | 37 |
| 54 | 49 | 309 | रैयती | मकान सहन | 0.0200 | सुखलाल बेदिया वगै0 पिता स्व0 गनशु बेदिया | 37 | 311 | 308 | 37 |
| 55 | 49 | 310 | रैयती | टांड़–III | 0.0200 | सुखलाल बेदिया वगै0 पिता स्व0 गनशु बेदिया | 37 | 311 | 309 | 37 |
| 56 | 49 | 311 | रैयती | टांड़–I | 0.0800 | सुखलाल बेदिया वगै0 पिता स्व0 गनशु बेदिया | 308 | 312 | 307 | 37 |
| 57 | 13 | 811 | रैयती | टांड़–III | 0.0563 | बढ़न बेदिया वगै0 पिता मनबोध बेदिया | 694 | 812 | 810 | 675 |
| 58 | 09 | 47 | रैयती | धान खेत–III | 0.0025 | ब्रज किशोर बेदिया पिता निर्मल बेदिया | 53 | 37 | 50 | 46 |
| 59 | 47 | 692 | रैयती | टांड़–II | 0.0445 | रेलवे अन्तर्गत है। | 691 | 694 | 694 | 686 |
| 60 | 47 | 693 | रैयती | मकान 5 | 0.0262 | रेलवे अन्तर्गत है। | 692 | 694 | 692 | 692 |
| 61 | 27 | 16 | रैयती | – | 0.0600 | आशाराम बेदिया वगै0 पिता स्व0 बंधन बेदिया वो अर्जुन बेदिया वगै0 पिता स्व0 घुजना बेदिया | 15 | 20 | 17 | दाडीदाग |
| 62 | 27 | 42 | रैयती | – | 0.0114 | आशाराम बेदिया वगै0 कलेश्वर बेदिया सोहन बेदिया | 41 | 37 | 43 | 40 |
| 63 | 27 | 44 | रैयती | – | 0.1197 | आषाराम बेदिया | 55 | 45 | 46 | 37 |
| 64 | - | 183 | रैयती | – | 0.0405 | कजरू बेदिया पिता स्व0 मलु बेदिया (आपत्ति) | 187 | 180 | 181 | 179 |
| 65 | - | 547 | रैयती | – | 0.0020 | अज्ञात | 548 | 540 | 553 | 244 |
| 66 | 41 | 571 | रैयती | टांड़–I | 0.0477 | कजरू बेदिया वगै0 पिता स्व0 मलु बेदिया | 575 | 540 | 574 | 570 |
| 67 | - | 585 | रैयती | – | 0.1260 | आषाराम बेदिया वगै0 पिता स्व0 बंधन बेदिया | 581 | 540 | 574 | 540 |
| 68 | - | 685 | रैयती | – | 0.2600 | तैयाग बेदिया वगै0 पिता स्व0 खेमा बेदिया | 692 | 687 | 710 | 584 |
| 69 | - | 686 | रैयती | – | 0.0100 | शीतल देव बेदिया वगै0 पिता स्व0 मुखलाल बेदिया | 687 | 685 | 692 | 587 |
| 70 | - | 720 | रैयती | – | 0.0027 | वंषी बेदिया वगै0 पिता स्व0 सिटकू बेदिया | 719 | 723 | 717 | 721 |
| 71 | - | 809 | रैयती | – | 0.0921 | शीतला बेदिया वगै0 पिता मुखलाल बेदिया प्रयाग बेदिया पिता स्व0 खेमा बेदिया वो बलकु बेदिया वगै0 पिता स्व0 भीम बेदिया | 694 | 819 | 808 | 810 |
| 72 | - | 539 | रैयती | – | 0.0230 | जगदयाल बेदिया पिता स्व0 लोराया बेदिया वो जयवीर बेदिया वगै0 पिता स्व0 झुबरा बेदिया वो जगमोहन बेदिया पिता स्व0 मिजंरा बेदिया | 53 | 37 | 47 | 44 |
| 73 | - | 570 | रैयती | – | 0.0180 | नागेश्वर बेदिया वगै0 पिता स्व0 मुंशी बेदिया | | | | |
| 74 | - | 803 | रैयती | – | 0.0736 | सोहन बेदिया वगै0 पिता स्व0 रूसु बेदिया | | | | |
| 75 | - | 189 | रैयती | – | 0.0200 | जगदयाल बेदिया पिता स्व0 सोहराय बेदिया | | | | |
| 76 | 44 | 188 | रैयती | मकान–4 सहन–I | 0.0350 | जगदयाल बेदिया पिता स्व0 सोहराय बेदिया (आपत्ति) जगमोहन बेदिया पिता स्व0 मिंजरा बेदिया | 189 | 183 | 187 | 179 |
| 77 | 09 | 123 | रैयती | टांड़–I | 0.0751 | शालो देवी पति धनिया बेदिया, लाल मोहन बेदिया वो जगमोहन पिता स्व0 मिजंरा बेदिया (आपत्ति) | 119 | 124 | 179 | 117 |
| | | कुल रकवा | | | 4.3239 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ और संबंधित राजस्व कर्मचारी, पतरातू अंचल को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्दर भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/– **कानूनगो,** रामगढ़।
ह0/– **जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,** रामगढ़।
ह0/– **अपर समाहर्त्ता,** रामगढ़।
ह0/– **उपायुक्त,** रामगढ़।

PR 343791 (Land Reforms) 24-25 (D)

### चांदमारी कांटाघर के पास आयोजित एटक की सभा में गरजे धनबाद के सांसद

# झरिया में माफियाओं की गलत मानसिकता के कारण बंद हो गया मैनुअल लोडिंग : ढुल्लू

आजाद सिपाही संवाददाता






चांदमारी में आयोजित एटक की सभा में पहुंचे भाजपा सांसद ढुल्लू महतो का स्वागत करते लोग व सभा में उमड़ी भारी भीड़।

**धनसार।** झरिया में माफियाओं के गलत मानसिकता के कारण मैनुअल ट्रक लोडिंग का कार्य बंद हो गया है। जिससे सैकड़ों गरीब परिवार का रोजगार छीन गया है। इसे चालू कराया जाएगा। उक्त बातें धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो ने कही। वे बुधवार को चांदमारी कांटाघर के समीप आयोजित एटक की सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोयलांचल में माफिया बढ़ गए है। जिससे गरीबों का हक-अधिकार छीन गया है। इसे लेकर आवाज उठाने वाले कम हो गए है। माफिया लोडिंग प्वाइंट बंद कराकर गरीबों के पेट में लात मारे हैं। उन्होंने एटक कार्यकर्ताओं व गरीबों से आह्वान किया कि अपने अधिकार व हक के लिए अब आप सभी तैयार हो जायें। क्योंकि आपका भाई और बेटा ढुल्लू सांसद बन गया है। माफियाओं के इशारे पर बीसीसीएल नाच रही है। अगर प्रबंधन नहीं चेता तो उसकी भी खैर नहीं। अब यहां माफियावराज नहीं चलेगी। हर हाल में मैनुअल लोडिंग शुरू होगा। कहा कि यह सच्चाई है कि जब मजदूर व किसान का बेटा आगे बढ़ा है तब उसे झूठे केस में फंसाकर जेल भिजवा दिया गया। आर्थिक कमजोरी के कारण केस नहीं लड़ने के कारण अंत में चुप हो जाते हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। अब कोई भी खुद को कमजोर ना समझे। इससे पहले एटक के कार्यकर्ताओं ने ढुल्लू महतो को माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर रामाधार यादव, रामस्वरूप यादव, जगनारायण यादव, बस्ताकोला क्षेत्रीय अध्यक्ष संतोष यादव, रामाशीष यादव, विकास मुखर्जी, कंचन सिंह, जगदीश साव, आरएस उपाध्याय और प्रमोद कुमार पंडित आदि उपस्थित थे।

# फुसरो में अतिक्रमण को लेकर धनबाद डीआरएम से मिले सांसद सीपी चौधरी

### अति जरूरी वाली चीजों को ही हटाया जायेगा: डीआरएम

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** सांसद चंद्रप्रकाश (सीपी) चौधरी ने बुधवार को धनबाद में डीआरएम कमलेश कुमार सिन्हा से मुलाकात की। कहा कि फुसरो इलाके में रेलवे प्रबंधन की ओर से अतिक्रमण अभियान चलाये जाने की जानकारी पाकर लोग में भय और दुःख की परिस्थिति है। रेलवे प्रबंधन की ऐसी कोशिश हो जिसमें लोगों का घर उजाड़ कर बेघर होने की नौबत ना आए। इस पर डीआरएम ने सांसद को बताया कि रेलवे की ओर से कई यात्री व मालवाहक ट्रेन उक्त स्थान से गुजरने की योजना पर कार्य हो रहा है। इन रेल पटरियों पर नये व फास्ट ट्रेन चलाने की योजना है। इसलिए कोशिश होगी कि जरूरत के अनुरूप अतिक्रमण को हटाकर कार्य किया जाए। उन्होंने अश्वस्त किया कि अति जरूरी वाले चीजों को ही हटाया जाएगा। इस दौरान सांसद ने पटना बोगी नहीं होने पर क्षेत्र के लोग को हो रही परेशानी से भी डीआरएम को अवगत कराया। इसपर अधिकारियों ने कहा कि पूरे देश में अब किसी यात्री ट्रेन से बोगी काटकर दूसरे में जोड़े जाने का कार्य बंद है। जब यह शुरू होगी तब इसपर भी प्राथमिकता दिया जाएगा। इसकी जानकारी आजसू प्रतिनिधि दीपक कुमार महतो ने दी। इस मौके पर अधिकारी अमरेश कुमार, आजसू के जितेंद्र यादव, हीरालाल महतो, विजय शर्मा, सौरव महतो और शिव हाड़ी आदि उपस्थिति थे।

## मुख्यमंत्री से मिले झामुमो के फुसरो नगर समिति के सदस्य



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** झामुमो फुसरो नगर समिति के प्रतिनिधियों ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची में शिष्टाचार मुलाकात कर नववर्ष की बधाई दी। इस दौरान झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए फुसरो नगर के युवा नेता भोलू खान ने बैट और बॉल, फुसरो नगर अध्यक्ष दीपक कुमार महतो ने तीर-धनुष और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर क्षेत्र के विकास और योजनाओं के बारे में चर्चा हुई। मौके पर बोकारो महानगर के सचिव फिरदौस आदि मौजूद थे।

## भाजपा में छोटे-बड़े का कोई भेदभाव नहीं, सभी एक समान : शत्रुघ्न महतो

- कहा- सभी वर्ग के लोगों को पार्टी का सदस्य बनाने का लक्ष्य
- भाजपा ने चलाया संगठन पर्व सदस्यता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** भाजपा युवा मोर्चा के धनबाद महानगर अध्यक्ष नित्यानंद मंडल के नेतृत्व में बुधवार को कई जगहों पर सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोगों ने भाजपा की सदस्या ग्रहण की। इस बीच भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज धनबाद पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। इसी संदर्भ में बाघमारा के जेएनएम कॉलेज ग्राउंड में सदस्यता अभियान कार्यक्रम किया गया, जिसमें 476 सदस्य बनाए गए। कार्यक्रम में बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा भी शामिल हुए। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि कार्यकर्ता पूरी मुस्तैदी के साथ सदस्यता अभियान में जुटे है। जनता भाजपा की सदस्यता लेना चाहती है। वहीं, विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि भाजपा में छोटे-बड़े का भेदभाव नहीं है। ध्यान रहे भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो लगातार कार्यक्रम करती रहती है। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नित्यानंद मंडल ने कहा कि संगठन पर्व सदस्यता अभियान में ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ना है। इसके लिए चौराहो, नुक्कड़ों, कॉलेज परिसरों सहित सभी सार्वजनिक स्थानों पर शिविर लगाए जाएंगे। साथ ही अधिक से अधिक चिकित्सक, शिक्षक, खिलाड़ी. अधिवक्ता, गीतकार, संगीतकार, चित्रकार और इंजीनियर आदि को भाजपा का सदस्य बनाना है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री तमाल राय ने किया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश पासवान, कतरास अध्यक्ष भाजपा सूर्यदेव मिश्रा, कंचन चौरसिया, धर्मेंद्र गुप्ता, आमोद साहू, विवेक हजारी, डॉ मधुबाला, सुभम बनर्जी, पुरुषोत्तम स्वर्णकार, साकेत श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

## थर्ड जेंडर को भी अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए : डीसी



अखिल भारत किन्नर समाज के महाअधिवेशन में पहुंची डीसी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** महानगर में आयोजित अखिल भारत किन्नर समाज के महाअधिवेशन में बुधवार को डीसी माधवी मिश्रा भी शामिल हुई। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार ने थर्ड जेंडर के अधिकारों को लागू करने और उसकी निगरानी करने के लिए एक अलग सेल का गठन किया है। इसलिए थर्ड जेंडर को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए। सबके लिए समान व्यवहार, समान अधिकार और समान अवसर प्रदान करने एवं समाज के अधिकारों व कल्याणकारी योजनाओं को क्रमशः लागू करने के लिए सरकार के साथ ही धनबाद जिला प्रशासन भी प्रतिबद्ध है। कहा कि समाज के लोग दुनिया भर में बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। इससे अन्य लोग प्रेरित हो रहे हैं। उन्होंने किन्नर समाज से आग्रह किया कि अधिवेशन में जो सीखा है, उसे अपने जीवन में अवश्य उतारें। उधर, महाअधिवेशन के लिए जिला प्रशासन की ओर से सहयोग प्रदान करने के लिए किन्नर समाज ने डीसी को दुआएं दी। साथ ही शॉल ओढ़ाकर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी, किन्नर समाज की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष छमछम देवी नायक, आलव्या नायक, बबीता नायक, ज्योति नायक, जोधाबाई नायक, अरुणा नायक, लालन नायक, मुन्नी नायक, श्वेता किन्नर, निर्मला किन्नर, रेखा किन्नर और राखी किन्नर आदि मौजूद थे।

## कतरास पहुंचे झारखंड विस अध्यक्ष रविंद्रनाथ



**कतरास (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो सहित प्रदेश के कई दिग्गज नेता बुधवार को अपने निजी कार्य से कतरास निवासी अजय शर्मा के आवास पहुंचे। वहां पूरे विधि विधान के साथ पूजा की और भगवान से आशीर्वाद लिया। इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने हेमत सरकार के मंईयां सम्मान योजना की सराहना की। कहा कि दबे कुचले महिलाओं को आज सम्मान मिल रहा है इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है।

### हिलटॉप आउटसोर्सिंग को लेकर गोविंदपुर में चढ़ा सियासी पारा

# 'हम कानूनी तरीके से काम कर रहे, सांसद का दबाव नहीं चलेगा'

सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी का विरोध, युवाओं ने दी चुनौती

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** गोविंदपुर क्षेत्र संख्या-3 के खरखरी क्षेत्र स्थित बाबूडीह के पास प्रस्तावित हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी को लेकर क्षेत्रीय राजनीतिक तनाव काफी बढ़ गया है। वर्चस्व को लेकर ग्रामीणों और विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो गई है। एक तरफ जहां सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी क्षेत्रीय ग्रामीणों के हक और रोजगार के मुद्दे पर खड़े हैं, वहीं दूसरी ओर अन्य राजनीतिक दलों के समर्थक इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं। मंगलवार को सांसद सीपी चौधरी ने महाप्रबंधक गणेशचंद्र शाहा के साथ बैठक कर कंपनी के खिलाफ चल रहे विवाद को सुलझाने का प्रयास किया था। उक्त बैठक में सांसद ने महाप्रबंधक को स्पष्ट कहा था कि जब तक विवाद का समाधान नहीं निकलता, तब तक परियोजना की सभी गतिविधियां बंद रहेंगी। लेकिन बुधवार को दूसरे राजनीतिक दल के समर्थकों के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक लोग कंपनी परिसर में घेराबंदी करने पहुंचे। इस दौरान धर्माबांध पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाल लिया। पुलिस की निगरानी में घेराबंदी कार्य किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों द्वारा सवाल पूछे जाने पर लोगों का कहना था कि यह काम पूरी तरह से कानूनी है और कंपनी के आने से क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा। उनका आरोप था कि कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा रंगदारी की जा रही है और रात को बाउंड्री वाल तोड़ दिया गया है। स्थानीय युवाओं ने सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के निर्णय पर विरोध जताते हुए कहा कि वे रोजगार देने की बजाय क्षेत्र के युवाओं को बेरोजगार बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें समझना चाहिए कि हम उनके ही क्षेत्र के हैं। उन्हें पहले अपने क्षेत्र के लोगों की भलाई की चिंता करनी चाहिए थी। जब वह रोजगार दे नहीं सकते तो रोजगार छीनने का उन्हें कोई हक नहीं हैं। हम सभी उनके निर्णय का विरोध करते हैं। लोगों का आरोप था कि सांसद असमाजिक तत्वों को बढ़ावा दे रहे हैं, ताकि वे यहां बाहुबली बनकर अपना बर्चस्व स्थापित कर सके। युवाओं ने सांसद को खुली चुनौती देते कहा कि कंपनी का काम किसी भी हाल में नहीं रुकेगा। 'हम किसी भी कीमत पर इस परियोजना को नहीं रोकने देंगे'। सांसद और मंत्री का कोई दबाव काम नहीं करेगा। हम कानूनी तरीके से काम कर रहे हैं, और हमें किसी से डरने की जरूरत नहीं है।

## महिला मजदूरों की समस्याओं को लेकर विधायक रागिनी सिंह से की मुलाकात



**धनसार (आजाद सिपाही)।** झारखंड समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष उमा चरण रजवार ने बुधवार को झरिया विधायक रागिनी सिंह से उनके कार्यालय में जाकर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौपान घरेलू कामकाजी असंगठित वर्ग की महिला दिहाड़ी मजदूरों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए उचित मजदूरी लिए पहल करने की अपील की। साथ ही 12 जनवरी को झरिया लक्ष्मण वाटिका में अभिनंदन सम्मान किये जाने को आमंत्रित किया। इस मौके पर श्रीकांत अंबष्ट व शिवचरण शर्मा मौजूद थे।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,खूँटी**

**खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टनो के निष्पादन हेतु अति अल्पकालीन निविदा**

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खुदरा नियमावली, 2022 के कंडिका 32 (i) एवं झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लि0 के पत्रांक–1419 दिनांक–11.10.2022 द्वारा निर्गत निर्देश के आलोक में खूँटी जिलान्तर्गत झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लि0 के द्वारा संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टन (बडा एवं छोटा) के निशपादन हेतु जिला स्तर पर मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का कार्यक्रम निम्न प्रकार सम्पादित किया जायेगाः–

| क0सं0 | विषय | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टन के निषादन हेतु कार्यालय अधीक्षक उत्पाद,खूँटी में मुहरबंद निविदा जमा करने की प्रारंभिक तिथि | दिनांक–08.01.2025 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 2 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टन के निषादन हेतु कार्यालय अधीक्षक उत्पाद,खूँटी में मुहरबंद निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक–15.01.2025 के अपराह्न 3:00 बजे तक |
| 3 | मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि (तकनिकी एवं वित्तीय बीड)। | दिनांक–15.01.2025 के 03:30 बजे अपराह्न। |
| 4 | निविदा खोलने का स्थान | अधीक्षक उत्पाद कार्यालय, जिला समाहरणालय, विकास भवन, खूँटी। |

उक्त नियमावली के तहत आवेदन करने हेतु निविदा की शर्ते, आवेदन पत्र, शपथ पत्र, पात्रता की शर्ते समर्पित किये जाने वाले कागजातों की विवरणी एवं प्रकिया से संबंधित विस्तृत सूचना का अवलोकन हेतु अधीक्षक उत्पाद,खूँटी के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस को सम्पर्क किया जा सकता है तथा जिला वेबसाईट https://khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR 343771 Excise(24-25)#D

उपायुक्त, खूँटी

**कार्यालय :– नगर पंचायत, लातेहार**

**बन्दोबस्ती आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र के अन्तर्गत निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती वर्ष 2024–2025 (23 फरवरी 2025 से 13 मार्च, 2025 तक) के लिये खुली डाक द्वारा बोली दिनांक– 27.01.2025 को 12.30 बजे अपराह्न नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी। उस दिन बन्दोबस्ती नही होने की स्थिति में दिनांक 28.01.2025 एवं दिनांक– 29.01.2025 को 12:00 बजे पूर्वाह्न खुली डाक द्वारा बन्दोबस्ती की जायेगी।

| क्र० सं० | सैरात का नाम | पूर्व की बंदोबस्ती राशि | वर्ष 2024–2025 की न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि सुरक्षित जमा राशि का 10% | सैरात का आवेदन शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | महा शिवरात्री मेला बानपुर लातेहार | 2507000.00 | 2507000.00 | 250700.00 | 5000.00 |

नोटः–

1. उपरोक्त सैरात में भाग लेने वाले आवेदकों को संबंधित सैरात हेतु 5000.00 रूपये कार्यालय में नगद जमा कर संबंधित सैरात का आवेदन प्रपत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। तदोपरांत ही उपरोक्त सैरात में भाग लेने की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। आवेदन प्रपत्र को नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में दिनांक 24.01.2025 को अपराहन् 5:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही संबंधित आवेदन को मांग किये गये सभी कागजात एवं जमानत की राशि का बैंकर चेक/बैंक ड्राफट के साथ दिनांक 25.01.2025 के अपराहन् 5.00 बजे तक ही जमा किया जा सकता है। डाक की तिथि के दिन किसी भी प्रकार के आवेदन स्वीकार नही किये जायेगें।
2. छदम नाम से डाक बोलने वाले तथा भ्रम, अशान्ति पैदा करने वाले , सुरक्षीत जमा राशि से कम डाक की बोली बोलने वाले पर जमानत की राशि जब्त करते हुए कड़ी कानूनी कारवाई की जायेगी।
3. कार्यालय अवधि में कार्यालय सूचना पट्ट/कार्यालय से सम्पर्क कर इस कार्य हेतु लागु किये गये नियम एवं शर्तो को देखा जा सकता है या लातेहार जिला के वेवसाईड www.latehar.nic.in पर देखा या डाउनलोड किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR 343746 Urban Development(24-25)D

**जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, लातेहार**
(जिला पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
Email Id- dsoltr2020@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसधरण को सूचित किया जाता है कि खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशायलय, झारखण्ड, रॉची के कार्यालय पत्रांक–771 दिनांक 01.01.2025 के आलोक में पर्यटन, कला –संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग,झारखण्ड सरकार के अधीनस्थ खेलकूद एव युवाकार्य निदेशायलय, झारखण्ड, रॉची के नियंत्रणाधीन लातेहार जिला अन्तर्गत संचालित आवासीय क्रीडा प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षुओं के रिक्त स्थनों को भरने हेतु प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 20.01.2025 से 21.01.2025 तक किया जाना निर्धारित है।

**विवरणी निम्नवत है :–**

| क्र | प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | खेल विधा का नाम | वर्ग | आयोजन स्थल | निर्धारित तिथि व समय | रिपोर्टिंग का समय व स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, एस0एस0वि0, लातेहार | एथलेटिक्स | बालक | जिला खेल स्टेडियम, लातेहार | 20.01.2024 | 8:00 बजे पूर्वा0 |
| 2 | आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, संत तेरेसा उच्च विद्यालय, महुआडांड | एथलेटिक्स | बालिका | संत तेरेसा उच्च विद्यालय, महुआडांड | 21.01.2024 | 8:00 बजे पूर्वा0 |
| 3 | आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द, संत जोसफ उच्च विद्यालय, महुआडांड | हॉकी | बालक | संत जोसफ उच्च विद्यालय, महुआडांड | 21.01.2024 | 8:00 बजे पूर्वा0 |

**सामान्य दिशा निर्देशः–**

1. लातेहार जिलान्तर्गत संचालित आवासीय क्रीडा प्रशिक्षण केन्द्रों में निर्धारित खिलाडियो की संख्या के अनुरुप रिक्त स्थानों को भरा जायेगा एवं प्रतिक्षा सूचि तैयार की जायेगी।
2. चयन मानक के आधार पर ( बैटरी टेस्ट एवं स्कील टेस्ट) खिलाडियो का परी पर खिलाड़ियों का परीक्षा किया जायेगा एवं परीक्षण परिणामों के आधार पर प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया जायेगा।
3. खिलाड़ियों को झारखण्ड राज्य का निवासी होना अनिवार्य होगा।

**आवसीय प्रतिभा चयन ट्रायल हेतु निर्धारित दिशा–निर्देश निम्नवत् है :–**

1. आवासीय प्रशिक्षण केन्द्रों में नामांकन हेतु 1 अप्रैल 2024 को 10 वर्ष की पूर्ण कर ली होगी एवं 14 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो। (मान्य जन्म प्रमाण–पत्र/आधार कार्ड के साथ स्कूल का बोनाफाईड प्रमाण–पत्र संलग्न करना पड़ेगा)।
2. ऐसे खिलाड़ी जिनकी आयु 14 वर्ष से अधिक है, लेकिन जिन्होने कम से कम राष्ट्रीय चैम्पयनशिप में भाग लिया हो अथवा राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त किया हो अथवा जिला स्तरीय चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया हो, उन्हें आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश देने हेतु विचार किया जायेगा।
3. मेडिकल फिटनेश–खिलाड़ी को निर्धारित चिकित्सीय परीक्षण में फीट होने पर ही नामाकन किया जायेगा।
4. खिलाड़ी को माता/पिता अभिभावक का सहमति पत्र (Consent Letter) प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

उक्त प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी आवेदन पत्र जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in से डाउनलोड कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु संबंधित जिला समन्वयक– श्री लखेश्वर मण्डल, मोबाईल नम्बर 8789303968 एवं खेल प्रशिक्षक (एथलेटिक्स– आलोक कुमार, मोबाईल नम्बर 8084445454, तरसियुस कुजूर मोबाईल नम्बर 8987468713 एवं पिटर किण्डो, मोबाईल नम्बर 9608904087) से सम्पर्क किया जा सकता है।

**नोटः–** भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी एथलेटिक्स बालक, जिला खेल स्टेडियम, लातेहार, हॉकी संत जोसफ प्लस 2 उच्च विद्यालय, महुआडांड़ (बालक), एवं एथलेटिक्स बालिका, संत तेरेसा प्लस 2 उच्च विद्यालय, महुआडांड़ में रिपोर्टिंग करेंगे। अधिक जानकारी हेतु उपर दिये गये नम्बर पर सम्पर्क करें।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 343773 (District) 24-25 (D)

# वेदांता एल्युमीनियम की सुभलक्ष्मी सहकारी संस्था दुलदुली प्रदर्शनी 2025 में चमकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**झारसुगुड़ा/ओड़िशा।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम द्वारा समर्थित ओड़िशा की सबसे बड़ी महिला-नेतृत्व वाली सहकारी संस्थाओं में से एक सुभलक्ष्मी सहकारी संस्था ने झारसुगुड़ा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित दुलदुली प्रदर्शनी 2025 में अपने विविध उत्पादों का प्रदर्शन किया। इस स्टॉल का उद्घाटन ओड़िशा सरकार के ओआरएमएएस (ओड़िशा ग्रामीण विकास और विपणन सोसायटी) के सीइओ युवराज साहू ने किया। इस स्टॉल में सुभलक्ष्मी सहकारी सदस्यों की रचनात्मकता और उद्यमशीलता की भावना को दशार्या गया, जिसमें हाल ही में लांच किये गये वेदामृत शहद, स्नैक फूड, फिनाइल, सुगंधित मोमबत्तियां और अन्य हस्तनिर्मित सामान जैसे स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के उत्पाद शामिल थे। इन उत्पादों ने




छह दिवसीय प्रदर्शनी के दौरान 10,000 से अधिक आगंतुकों को आकर्षित किया, जिससे समावेशी पहलों के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाने और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए वेदांता एल्युमीनियम की प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई। वेदांता एल्युमीनियम के सीओओ सुनील गुप्ता ने कहा, सुभलक्ष्मी सहकारी महिलाओं के नेतृत्व वाली उद्यमिता की परिवर्तनकारी शक्ति में हमारे विश्वास का उदाहरण है। इन प्रतिभाशाली कारीगरों को एक मंच प्रदान करके, हमारा उद्देश्य आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देना और समग्र सामुदायिक विकास को आगे बढ़ाना है। सुभलक्ष्मी सहकारी की अध्यक्ष पंकजिनी ओराम ने कहा, प्रदर्शनी में भाग लेना हमारे लिए गर्व का क्षण था। इसने हमें अपने कौशल को प्रदर्शित करने और हस्तनिर्मित उत्पादों को महत्व देने वाले लोगों से जुड़ने का एक मंच दिया। हम और अधिक हासिल करने के लिए सशक्त और प्रेरित महसूस करते हैं। झारसुगुड़ा के विधायक टंकधर त्रिपाठी ने कहा, सुभलक्ष्मी सहकारी जैसी पहल न केवल महिलाओं को सशक्त बनाती हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करती हैं। मैं मातृवन वृक्षारोपण से विशेष रूप से प्रभावित हूं, जहां 1,00,000 पेड़ लगाये गये हैं, जो भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक हरित विरासत का निर्माण करते हैं और पर्यावरण संरक्षण के लिए वेदांता की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, आजीविका, कौशल विकास, जमीनी स्तर के खेल, कला और संस्कृति के क्षेत्रों में वेदांता के सामाजिक हस्तक्षेप, महिला और बाल विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए, झारसुगुड़ा और आस-पास के क्षेत्रों में लगभग 80 गांवों तक पहुंचते हैं, जिससे एक वर्ष में 3 लाख से अधिक लोग लाभान्वित होते हैं। यह 350 से अधिक एसएचजी की लगभग 5,000 महिलाओं को सशक्त बनाता है, सालाना लगभग 50,000 लोगों को घर-घर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है, 13,000 से अधिक छात्रों को शैक्षिक सहायता देता है, सामुदायिक स्तर पर स्थानीय लोगों के साथ साझेदारी में लगभग 1.50 लाख पेड़ लगा चुका है। वेदांता लिमिटेड का एक व्यवसाय वेदांता एल्युमीनियम भारत का सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक है, जिसने वित्त वर्ष 23 में भारत के आधे से अधिक एल्युमीनियम यानी 2.37 मिलियन टन का उत्पादन किया। वेदांता एल्युमीनियम एल्युमीनियम उद्योग के लिए एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2024 विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है, जो इसके अग्रणी सतत विकास प्रथाओं का प्रतिबिंब है। भारत में अपने विश्व स्तरीय एल्युमीनियम स्मेल्टर, एल्युमीना रिफाइनरी और बिजली संयंत्रों के साथ, कंपनी हरित कल के लिए 'भविष्य की धातु' के रूप में एल्युमीनियम के उभरते अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने के अपने मिशन को पूरा करती है।

# भुवनेश्वर में प्रवासी भारतीय दिवस शुरू सीएम और विदेश मंत्री ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के भुवनेश्वर के जनता मैदान में 18वां प्रवासी भारतीय दिवस शुरू हो गया है। तीन दिवसीय सम्मेलन आज युवा प्रवासी भारतीय दिवस के साथ शुरू हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, विदेश राज्य मंत्री प्रतिभा मार्गरिटा ने दीप प्रज्ज्वलन के बाद स्वागत भाषण दिया। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सम्मेलन में भाग लिया और सभा को संबोधित किया। प्रथम पूर्ण सत्र का शीर्षक था 'सीमाओं से परेः वैश्वीकृत विश्व में प्रवासी युवा नेतृत्व'। राज्य सरकार सुबह 11:30 बजे से




दोपहर 12:30 बजे तक 'ओड़िशा में निवेश के अवसर' पर प्रस्तुति देगी। दोपहर में 'भारत के सबसे गुप्त रहस्यों का अनावरण और ओडिशा का विकासः आगे की राह' शीर्षक से एक सत्र आयोजित किया जायेगा। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में अरुणा मोहंती नृत्य अकादमी द्वारा ओडिसी नृत्य प्रस्तुत किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रवासी भारतीय दिवस में शामिल होंगे। वे 9 जनवरी को औपचारिक रूप से इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। हर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 70 से अधिक देशों से प्रवासी भारतीय आये हैं। वे जाजपुर, कटक, भुवनेश्वर और पुरी के 21 पर्यटन स्थलों का दौरा करेंगे। प्रवासी भारतीय डबल डेकर बस में सवार होकर राज्य के 21 पर्यटन स्थलों का दौरा करेंगे।

# एनटीपीसी तालचेर थर्मल ने पर्यावरण और सामुदायिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई

आजाद सिपाही संवाददाता

**तालचेर/ओड़िशा।** एनटीपीसी तालचेर थर्मल, ओडिशा का सबसे पुराना पावर प्लांट, अपनी आगामी 2660 मेगावाट परियोजना की पहली इकाई को सितंबर 2027 तक चालू करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जबकि दूसरी इकाई दिसंबर 2027 तक चालू करने का लक्ष्य है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना न केवल सतत ऊर्जा उत्पादन के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को दशार्ती है बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक कल्याण को प्राथमिकता देने के इसके दृष्टिकोण को भी रेखांकित करती है। इस परियोजना से उत्पन्न 50% ऊर्जा ओडिशा को आवंटित की जाएगी और शेष असम, गुजरात और तमिलनाडु में वितरित की जायेगी। वर्तमान में परियोजना का 20% कार्य पूरा हो चुका है और समय सीमा को पूरा करने के लिए कार्यों में तेजी लाई जा रही है। परियोजना प्रमुख (एचओपी) और मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) विजय चंद ने पर्यावरण संरक्षण के लिए एनटीपीसी के प्रयासों को दोहराया। उन्होंने बताया कि प्लांट ने शून्य



तरल अपशिष्ट का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है, जिससे पर्यावरणीय प्रभाव को न्यूनतम रखा गया है। इसके साथ ही ओड़िशा वन विभाग के सहयोग से 90,000 पेड़ों का बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जा रहा है, जो क्षेत्र में हरित आवरण और जैव विविधता को बढ़ाने में योगदान देगा। पर्यावरण के साथ-साथ एनटीपीसी तालचेर थर्मल स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने के लिए भी प्रतिबद्ध है। चंद ने बुनियादी ढांचे में सुधार, बेहतर शैक्षिक अवसर प्रदान करने, स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और स्थानीय युवाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से सशक्त बनाने के प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी का उद्देश्य औद्योगिक प्रगति के साथ-साथ सामाजिक और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के संतुलन को बनाए रखना है। हमारी पहली इकाई को 2027 तक समय पर चालू करने की प्रतिबद्धता के साथ, शून्य तरल अपशिष्ट, बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण और सामुदायिक विकास कार्यक्रम जैसे प्रयास एनटीपीसी तालचेर थर्मल के सतत विकास और उत्तरदायी ऊर्जा उत्पादन की प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं, चंद ने कहा। यह परियोजना न केवल ओड़िशा को एक प्रमुख ऊर्जा केंद्र के रूप में स्थापित करेगी बल्कि हरित और समावेशी भविष्य की दिशा में एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करेगी।

# इडी ने मनी लांड्रिंग के आरोपों में खदान मालिक की संपत्तियों पर छापेमारी की




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के अधिकारियों ने बुधवार को ओड़िशा के भुवनेश्वर में एक खदान मालिक से संबंधित 14 स्थानों पर एक साथ छापे मारे। रिपोर्ट के अनुसार, इडी अधिकारियों ने भुवनेश्वर और ढेंकनाल में खनिक रतिकांत राउत उर्फ जुलु के ठिकानों पर छापे मारे हैं। बताया जा रहा है कि प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी रतिकांत के भुवनेश्वर स्थित घर और दफ्तर पर छापेमारी कर रहे हैं। छापेमारी आरोपी के चंद्रशेखरपुर, ढेंकनाल स्थित घर और उसके भुवनेश्वर स्थित दफ्तर और कारोबारी प्रतिष्ठान पर की जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इडी ने अवैध वित्तीय लेनदेन के मामले में आरोपियों की 14 संपत्तियों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े कई अहम दस्तावेज जब्त किये गये।

# संबलपुर से 30 किलो सोने के आभूषण लूटने वाला रांची से पकड़ा गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** संबलपुर स्वर्ण आभूषण लूट मामले में पुलिस ने रांची से एक लुटेरे को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उसकी पहचान अजय पासवान के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की हटिया इकाई ने लुटेरे को पकड़ लिया है। इसके बाद उसे संबलपुर पुलिस के हवाले कर दिया गया। हेलमेट पहने छह से सात लुटेरों ने बंदूकों से कर्मचारियों को डराकर 30 किलो सोने के आभूषण और 4 लाख रुपये की नकदी लूट ली। यह डकैती तीन जनवरी को दिनदहाड़े संबलपुर जिले के ऐंठापाली पुलिस सीमा के अंतर्गत बुधराजा इलाके में मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड कंपनी में हुई।



सहायक शाखा प्रमुख सुधीर रथ ने बताया, जब हमने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो उन्होंने अपनी बंदूकें निकाल लीं और हमें धमकाया।

उन्होंने हमें मुंह बंद करने के लिए भी पीटा। उन्होंने बताया, इसके बाद चार अन्य लोगों ने मुझे लॉकर खोलने के लिए कहा। उन्होंने 29 किलो सोने के आभूषण और 4.81 लाख रुपये चुरा लिये और तीन बाइकों में सवार होकर हाईवे की ओर भाग गये। इसके तुरंत बाद पुलिस ने संबलपुर स्वर्ण आभूषण लूट मामले में लुटेरों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया। पुलिस को दो लुटेरों की तस्वीरें हाथ लगीं। पुलिस ने उन पर एक लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया।

# ओड़िशा के बालासोर जिले में सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बालासोर।** ओड़िशा के बालासोर जिले में मंगलवार रात सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार की मौत हो गयी। यह सड़क दुर्घटना मोतीगंज इलाके के पास हुई। मृतक की पहचान शुभंकर पीरी के रूप में हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, वह व्यक्ति रात को अपने घर लौट रहा था, तभी उसकी बाइक दीवार से टकरा गयी। सूचना मिलने के




बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया।

# भुवनेश्वर रसूलगढ़ फ्लाइओवर हत्याकांड दो सुपारी किलर के साथ महिला गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रसूलगढ़ फ्लाईओवर हत्याकांड में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पुलिस आयुक्त ने एक महिला और दो सुपारी किलर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त के विशेष दस्ते ने नयागढ़ जिले के सारनकुल इलाके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान लिपि नायक, लक्ष्मीधर नायक और रॉकी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि इन लोगों ने सहदेव नायक की हत्या इसलिए की क्योंकि वह लगातार उनके ब्राउन शुगर के धंधे का विरोध कर रहा था। उल्लेखनीय है कि सहदेव नायक अपने परिवार



के साथ राजधानी के केदार पल्ली झुग्गी बस्ती में रहता था। लिपि भी झुग्गी बस्ती में रहती थी और ब्राउन शुगर बेचती थी। हाल ही में उसे ब्राउन शुगर बेचने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। हालांकि, पांच जनवरी को जमानत पर रिहा होने के बाद उसने नायक को खत्म करने की योजना बनाई, यह सोचकर कि उसने पुलिस को उसके ड्रग तस्करी के बारे में जानकारी दे दी है। उसने नायक को मारने के लिए लक्ष्मीधर और रॉकी को सुपारी दी। बताया जा रहा है कि आरोपी दो लोग-लक्ष्मीधर और रॉकी पिछले कुछ दिनों से नायक का पीछा कर रहे थे और आज सुबह करीब 8 बजे उन्होंने अपनी योजना को अंजाम दिया। उन्होंने रसूलगढ़-वाणी विहार रोड पर नायक की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गये। अपराध करने के तुरंत बाद, वे पुलिस की गिरफ़्तारी से बचने के लिए एक ही बाइक पर सवार होकर सरनकुल पहुंच गये। हालांकि, शहर की पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच के बाद वाहन और आरोपियों की पहचान की और तीनों को सरनकुल से गिरफ़्तार कर लिया। इससे पहले दिन में सहदेव की पत्नी ने उसकी हत्या के पीछे एक महिला की भूमिका पर संदेह जताया था, और उसकी गिरफ्तारी की मांग की थी, क्योंकि उसने अवैध ब्राउन शुगर व्यापार का विरोध करने पर पहले भी बार-बार हत्या की धमकी दी थी। हत्या मामले की आगे की जांच जारी है।

# बृजेंद्र प्रताप सिंह ने नालको के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया

आजाद सिपाही संवाददाता


**भुवनेश्वर।** बृजेंद्र प्रताप सिंह ने भुवनेश्वर में नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) के निगम कार्यालय में इसके अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का पदभार ग्रहण किया। नालको में शामिल होने से पूर्व, सिंह बर्नपुर और दुर्गापुर स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक और सेल के बोर्ड के सदस्य थे। खानों और इस्पात क्षेत्रों में 35 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ, सिंह की रणनीतिक दृष्टि और गहन उद्योग विशेषज्ञता सेल के आधुनिकीकरण लक्ष्यों को



आगे बढ़ाने, राष्ट्रीय इस्पात नीति के अनुरूप भारत के इस्पात क्षेत्र के विकास और स्थिरता को आगे बढ़ाने में सहायक रही है।

बृजेंद्र प्रताप सिंह, वर्ष 1989 में आइआइटी धनबाद (पूर्व में आइएसएम धनबाद) से माइनिंग मशीनरी इंजीनियरिंग में स्नातक हैं और उनके पास मार्केटिंग में एमबीए की डिग्री भी है। वर्ष 1989 में भिलाई इस्पात संयंत्र की लौह अयस्क खदान से इस्पात उद्योग में अपने कैरियर की शुरूआत करने वाले सिंह ने तब से सेल के चार एकीकृत इस्पात संयंत्रों यानी बीएसपी (भिलाई इस्पात संयंत्र), बीएसएल (बोकारो स्टील लिमिटेड), डीएसपी (दुर्गापुर इस्पात संयंत्र) और आईएसपी (इस्को इस्पात संयंत्र) में अग्रणी नेतृत्व और परिचालन दोनों में महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। उनकी व्यापक विशेषज्ञता खनन, ब्लास्ट फर्नेस, सिंटर प्लांट, रखरखाव और संयंत्र संचालन तक फैली हुई है। बृजेंद्र प्रताप सिंह की नियुक्तिसे नालको के विभिन्न विस्तार कार्यक्रमों और नयी परियोजनाओं मेंमहत्वपूर्ण वृद्धि प्राप्त होने की आशा है।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**